# बोर्न टू फ्लाई
# पाठ्यक्रम और अगुवे की मार्गदर्शिका

बोर्न टू फ्लाई प्रोजेक्ट
बच्चों की अवैध तस्करी को रोकने के लिये

द्वारा : डायना स्कीमोने, कैरन आरमिस्टेड और जोरजिया एना लारसन

बोर्न टू फ्लाई पाठ्यक्रम
© 2010 बोर्न टू फ्लाई इन्टरनेशनल, इन्क.
द्वारा : डायना स्कीमोने, कैरन आरमिस्टेड और जोरजिया एना लारसन
चित्रण © 2010 लिआ : विडेमर

प्रकाशक :
बोर्न टू फ्लाई इन्टरनेशनल, इन्क.
पोस्ट बॉक्स 952949
लेक मेरी, फ्लोरिडा 32795–2949
यू.एस.ए.
info@born2fly.org
www.born2fly.org

ISBN 978-0-9729507-6-3

अनुवादकः
रेव्ह. डॉ. एम. जे. जेम्स
फरीदाबाद, इन्डिया
joeljames@rediffmail.com

बोर्न टू फ्लाई टेस्ट टीम, बलगोरिया की डोमीनिकन रिपब्लिक फिलिपीन, रूस और थाईलैंड को विशेष धन्यवाद, जिन्होंने पाठ्यक्रम के प्रारम्भिक अनुवाद को सिखाया और उनके हमारे साथ मूल्यवान पुनर्निवेशन को बांटा।

यह पाठ्यक्रम मेरे लेखकों के समूह के सदस्यों को समप्रित है (वेलेरी कोशी, कैरन आर्मिस्टेड और दबोरा कोल), कैरन आर्मिस्टेड और जार्जिया एना लारसन के प्रति, कलाकार लिआ वीडमेर, अभिकल्पक (डिज़ायनर) कैथलीन क्वास और बहुत से बोर्न टू फ्लाई इन्टरनेशनल के सहायकों के प्रति। आपको मेरे स्वप्नों जैसे खिलने को साकार करने की सहायता हेत् अत्याधिक धन्यवाद।

– डायना स्कीमोन, डायरेक्टर, दि बोर्न टू फ्लाई प्रोजेक्ट टू स्टोप चाइल्ड ट्रेफिकिंग

# विषय सूचि

फोटो कॉपी और अनुवादों के विषय एक महत्वपूर्ण नोट....2
बोर्न टू फ्लाई की ओर से स्वागत एवं धन्यवाद पत्र....3
बोर्न टू फ्लाई प्रोजेक्ट का सामुदायिक–अभियान....4
अगुवे की मार्गदर्शिका का अवलोकन....5
किस प्रकार नए शिक्षकों का चुनाव व प्रशिक्षण करना....7
भय और जानकारी के बीच उत्तम रेखा....12
शब्दरहित पुस्तक के लेखों का सारांश....13
विचार–धारणा के पोस्टर्स....22
अवैध तस्करी की सूचना के पोस्टर्स....23
सत्र 1 : चुनाव के परिणाम हैं....26
सत्र 2 : जानें कि आपके सच्चे मित्र कौन हैं....35
सत्र 3 : आप लाजवाब, मूल्यवान, प्रेम करने योग्य हैं....41
सत्र 4 : धीरज रखें, कड़ा परिश्रम करें, और सही समय का इंतजार करें....48
सत्र 5 : आप उड़ने हेत् पैदा हुए थे, उससे कम के लिये तय ना करना....54
सत्र 6 : दोबारा विचार करना और वचनबद्धता....59
बोर्न टू फ्लाई के खेल की समीक्षा करना (पुर्नविचार)....61
बोर्न टू फ्लाई खेल के पुर्नविचार के संकेत....62
समर्पण की प्रतिज्ञा....68
कली/बौर की नामावली....69
शिक्षकों के लिए सर्वेक्षण मूल्यांकन....70
अधिक जानकारी के लिये....73

# फोटो कॉपी और अनुवादों के विषय
# एक महत्वपूर्ण नोट

बोर्न टू फ्लाई प्रोजेक्ट की सामग्री आपके लोड करने व इस्तेमाल करने के लिये मुफ्त है, पर पहले आपको ऑन–लाइन रजिस्टर करना होगा। हम आपको ये करने के लिये इसलिए कहते हैं कि जिससे हम जान सकें कि कौन इस सामग्री का इस्तेमाल कर रहा है। आप साधारण तरीकों से www.born2fly.org पर जायें। जहाँ से आप जल्दी से रजिस्टर कर सकते हैं। हम आपको शब्दरहित पुस्तक, पाठ्यक्रम और दूसरी सामग्री को डाउनलोड करने के लिये पासवर्ड भेज देंगे। तो आप अपनी संस्था में इसे छापने वा इस्तेमाल करने के लिए स्वतंत्र हैं। कृपाकर इन्हें दूसरी संस्थाओं के साथ ना बांटें, फिर भी आप उस ग्रुप के किसी सदस्य से हमारी वैबसाइट पर रजिस्टर करने के लिये कह कहते हैं और हमें उनके साथ भी काम करने में खुशी होगी।

हम आपको ये अवैध तस्करी विरोधी सामग्री बिना दाम देने और आपको इसे इस्तेमाल करने देने में सम्मानित महसूस करते हैं जो हमारा इसे बच्चों के अवैध तस्करी को रोकने की एक कोशिश है, पर हम आपसे इस साधारण प्रक्रिया को सम्मान देने को कहते हैं जिससे हम इस सामग्री पर नियंत्रण रख सकें। धन्यवाद!

ये पाठ्यक्रम बहुत सी भाषाओं में उपलब्ध है। यदि आप अपनी भाषा में इसका अनुवाद करना चाहते हैं तो हमें इस ईमेल पर संम्पर्क करें: info@born2fly.org

# बोर्न टू फ्लाई की ओर से स्वागत और धन्यवाद पत्र

प्रिय सामुदायिक अगुवे और शिक्षकगण,

अपने समुदाय के लोगों वा बच्चों को अवैध तस्करी से बचाने की इच्छा के लिये धन्यवाद। हम आपके समय और आपकी क्षमता के प्रति, कि आप इस पाठ्यक्रम को सिखाने की तैयारी करते हैं हम आपके आभारी हैं। आपकी भूमिका बहुत मूल्यवान है! आप अपने समुदाय में जोखिम भरे बच्चों वा लोगों तक पहुँचने की सहायता द्वारा बहुत से जीवनों को बचा लेंगे।

हमारा उद्देश्य ये है कि हम आपकी सहायता छः सप्ताह के सामुदायिक अभियान के आयोजन करने में कर सकें जो बच्चों के अवैध तस्करी को रोकने में बच्चों व तरूणों को शिक्षित करने के द्वारा उन झूठों से जो तस्करों द्वारा इस्तेमाल किये जाते हैं, बचायें और उन्हें ये समप्रण/प्रतिज्ञा करने में सहायता करें कि वे इस तस्करी में ना पड़ पायें।

सभी उम्र के बच्चे इस तस्करी के खतरे में हैं – छोटे बच्चे साथ ही तरूण अवस्था वाले भी। इसलिये हमने ये पाठ्यक्रम आपके लिये बनाया है कि आप नए शिक्षकों की प्रशिक्षित कर सकें – तरूण लड़के व लड़कियां जो इस सामग्री से सीखेंगे और तब आपकी सहायता सलाह देने और छोटे बच्चों को सिखाने में कर सकें। नए सहायक और सीखने वाले दोनों हो सकते हैं। जब वे आपकी सहायता करते हैं वे सामग्री को सीखेंगे और हुनर भी सीखेंगे कि किस प्रकार सिखाना है। आप इस प्रक्रिया के द्वारा उन्हें परामर्श/सलाह दे सकते हैं – जो बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

ये पाठ्यक्रम छः सप्ताह का कार्यक्रम नए व पुराने शिक्षकों के साथ है – पर आपको इन नमूने को इस्तेमाल करने की आवश्यकता नहीं है। उसे इस्तेमाल करें जो आपकी परिस्थिति के लिये सबसे अच्छा है। संस्थाओं ने समस्त संसार में इन सामग्री को प्रथा या रीति बना लिया है, और पांच दिन, पांच महीने के कार्यक्रम के लिये इसे इस्तेमाल करते हैं और एक दिन के लिये भी। हमारा उद्देश्य आपको सामग्री सिखाने के लिये देना है, पर हम चाहते हैं कि आप रचनात्मक हों जब आप हमारे सुझावों को अपने समुदाय के लिये, उनकी आवश्यकताओं, बच्चों की उम्र और उपलब्ध समय के लिये इस्तेमाल करते हैं।

यदि आपके पास इस सामग्री को बेहतर बनाने के लिये कोई सुझाव हैं तो उन्हें सुनने के लिये हम आभारी होंगे। हमें ई–मेल करें : info@born2fly.org या लिखें: बोर्न टू फ्लाई, पी.ओ. बॉक्स 952949, लेक मेरी, एफ.एल. 32795, यू.एस.ए.

याद रखें: मानव तस्करी उस समय तब रोकी नहीं जा सकती जब तक आप जैसे साहसी लोग दूसरों को प्रोत्साहित ना करें कि वे व्यक्तिगत रूप से और सामुदायिक रूप से उन अत्याधिक कमजोरों को इन तस्करों से बचायें। आपके साहस, समय, दक्षता और उत्साह के लिये धन्यवाद।

सप्रेम,
बोर्न टू फ्लाई प्रोजेक्ट

# बोर्न टू फ्लाई प्रोजेक्ट का सामुदायिक अभियान

यदि आप प्रभावशाली सामुदायिक बोर्न टू फ्लाई ("बी2एफ") तस्करी विरोध अभियान का आयोजन करना चाहते हैं तो आपको दो बड़ी महत्वपूर्ण चीज़ें करना चाहिये : (1) खर्च देने वाली संस्था की पहचान करो (या संस्थायें), मुख्य परिवार या दिखने वाले सामुदायिक अगुवे जो अभियान का समर्थन करते और शामिल होते हैं और (2) योग्य अगुवों को कक्षा के आयोजन करने के लिये प्रशिक्षित करते दोनों नए शिक्षकों और छोटे बच्चों के लिये।

बोर्न टू फ्लाई परियोजना की समुदाय की कार्य करने वाली ताकत/झुण्ड को बनाओ और योग्य नए शिक्षकों की नियुक्ति के इरादा के पहले, बी2एफ कक्षाओं के लिये कई सप्ताह पहले कम से कम दो आयोजन सभा बुलाना चाहिये।

पहली मीटिंग खर्च देने वाली संस्थाओं और सामुदायिक अगुवों के लिये आम आयोजन है और दूसरा माता–पिताओं या छोटे बच्चों के संरक्षकों के लिये खुलेआम होना चाहिये जो बी2एफ कक्षाओं का एक हिस्सा है, आप व्यक्तिगत रूप से उनको आमंत्रित कर सकते हो जो दूसरे मीटिंग में आते हैं (पत्र के शामिल करने के द्वारा) या वे पोस्टरों के प्रतिउत्तर में आ सकते हैं या पर्चे जो आपने समुदाय में बांटे हैं या रेडियो, टी.वी. या समाचार पत्र की घोषणा के उत्तर में।

पोस्टर्स, पर्चे, पत्र, और मीडिया की घोषणायें माता–पिता की और योग्य बी2एफ सहभागियों को जो सूचना इसमें है उसके प्रति निर्देश दिया हैः–

- साधारण तरीके से बयान करो कि बी2एफ कक्षाओं को क्या पूरा करेगा।
- कार्यक्रम के उद्देश्य की दृढ़ता से पुष्टि करो, परिवारों को समर्थ करेगा जो उसके सदस्यों का बचाव इन तस्करों से करेगा।
- वास्तविक सामग्री का इस्तेमाल छोटे/जवान लोगों के साथ इस्तेमाल करना है– माता–पिता, अभिभावकों को कि वे इस आयोजित सभा में देख सकें।
- तस्करी के खतरों को बयान करें, विशेष सूचना अपने क्षेत्र के खतरों के विषय दें।
- बयान करें कि किस प्रकार बी2एफ आपके बच्चों को तस्करी से बचायेगा।
- खर्च देने वाली संस्थाओं को बयान करो और समुदाय के अगुवों को शामिल करो।
- जगह, समय और तारीख की सूचना शामिल करो।

# अगुवे की मार्गदर्शिका का अवलोकन

सत्र 1 : चुनावों के नतीजे हैं।
सत्र के उद्देश्य : चुनाव क्या है? स्वप्न क्या है? स्कूल में ठहरना क्यों महत्वपूर्ण है? नतीजा या परिणाम क्या है?
नये शिक्षकों के लिये : नतीजों और चुनाव से सीखना।
शब्दरहित पुस्तक पृष्ठ कवर – 25

सत्र 2 : जानें कि आपके सच्चे मित्र कौन हैं?
सत्र के उद्देश्य : सच्चा मित्र कौन है? सच्चा मित्र आप पर कौन सा मूल्य रखता है? स्वप्न का चोर कौन है और ऐसा व्यक्ति आपसे क्या लेना चाहता है?
नए शिक्षकों के लिये : बुरा, बेहतर और सबसे अच्छा सम्बन्ध
शब्दरहित पुस्तिक पृष्ठ 26–34

सत्र 3 : आप लाजवाब, मूल्यवान, प्रेम करने योग्य हैं।
सत्र का उद्देश्य : आप कैसे जानते हैं कि आप मूल्यवान हो? गलतियां करने और बुरा चुनाव आपको मूल्यवान होने से रोकता है? बिना शर्त प्रेम क्या है? आपको प्रेम किये जाने की सुरक्षित जगह कहाँ है, मूल्यवान होने और बचाये जाने की?
नए शिक्षकों के लिये : जब आप परिपक्व होते तो बचाये जाते।
शब्दरहित पुस्तक पृष्ठ 27–53

सत्र 4 : धीरज रखें, कड़ा परिश्रम करें, और सही समय का इन्तजार करें।
सत्र का उद्देश्य : धीरज क्या है और धीरज धरना क्यों इतना कठिन है? आपके स्वप्न क्यों कार्य करने योग्य हैं और इन्तजार करना? जब आप धीरजवन्त हैं कौन आपकी सहायता कर सकता है, कठिन परिश्रम करने में और सही समय का इन्तजार करने में कि आपके स्वप्न साकार हो?
नए शिक्षकों के लिये : आपके स्वप्नों को शब्दों में रखना और उन्हें साकार करने में कार्य करना है।
शब्द रहित पुस्तक पृष्ठ 54–68

सत्र 5 : आप उड़ने हेत् पैदा हुए थे, उससे कम के लिये तय ना करें।
सत्र का उद्देश्य : आप क्या होने का स्वप्न देख रहे हो या अपने जीवन में करने के लिये? क्या या कौन आपके और स्वप्नों के बीच खड़ा हो सकता है? कौन आपके स्वप्नों की अच्छे चुनाव को जीवित रखने के लिये सहायता कर सकता है?
नए शिक्षकों के लिये : अपने स्वप्नों की टीम बनायें
शब्द रहित पुस्तक पृष्ठ 69–78

सत्र 6 : दोबारा विचार करना और वचनबद्धता (वायदा करना)

सत्र का उद्देश्य : खेल दोहराना, इनाम, अवैध तस्करी के सारांश के सूचना पोस्टरर्स, रीति के अनुसार समप्रण अभ्यास/प्रमाण पत्र के साथ ग्रेजुएशन और कंगन।

नए शिक्षकों के लिये : निर्णय लेना (प्रमाणपत्र, कंगन, और पिन या दुपट्टा)

# किस प्रकार नए शिक्षकों का चुनाव व प्रशिक्षण करना

एक अगुवे की तरह आप नए शिक्षकों को प्रशिक्षित करोगे (तरूण लड़के–लड़कियों को) जो आपकी छोटे बच्चों को सिखाने में सहायता करेंगे। इस प्रक्रिया में नए शिक्षक अपने आप पाठ्यक्रम की सामग्री को सीखेंगे। ये भी आपको नई सामग्री को सिखाने देना हैं जो उनके लिये बनाया गया है (जो छोटे बच्चों के लिये अधिक स्पष्ट हो)।

ये विधि पाँच कदमों की है : निमंत्रण, स्थिति निर्धारण, चुनना, प्रशिक्षण और प्रमाणपत्र देना/ग्रेजुएशन। आप जितने चाहे नए शिक्षक चुन सकते हो, हम ये सिफारिश करते हैं कि आप एक बड़ा व्यक्ति अगुवे की तरह रखें और तीन जो प्रशिक्षित नए शिक्षक हैं प्रोग्राम के हर सात बच्चों के लिये। विकल्प है : आप निर्णय ले सकते है कि पहले से नए शिक्षक को ना चुनें, पर सभी तरूणों को प्रोग्राम सिखायें और तब कुछ को चुनें जो एक अगुवे की तरह उभरते हैं और उस भूमिका को चाहते हैं।

इस पाठ्यक्रम का विषय संवेदनशील है, इसलिये आप तरूण लड़के, लड़कियों को अलग सिखाना चाहो।

चरण # 1 : निमंत्रण

आप तरुण अवस्था के लड़के, लड़कियों को स्थिति तय करने के लिये आमंत्रित करें जहाँ आप उनको बोर्न टू फ्लाई अभियान के विषय बतायेंगे और उन चरणों के विषय जिसमें उन्हें शामिल होने के लिये गुजरना चाहिये। हम आपको सिफारिश करते हैं कि लड़के, लड़कियों के लिये अलग अलग स्थिति तय करने के लिये आमंत्रित करें। इस निमंत्रण प्रक्रिया के लिये खुला निमंत्रण भेजने के बदले इसी "निमंत्रण" प्रक्रिया को इस्तेमाल करें जिसमें कोई भी शामिल हो।

आपको किसे निमंत्रण देना चाहिये? एक नए शिक्षक होना सम्मान की बात है, एक सुअवसर है, एक जिम्मेवारी है। योग्य नए शिक्षक की पहचान करने में, जवान लोगों की खोज करो जो ईमानदार हों, भरोसेमन्द हों, धीरजवन्त हों, और छोटे बच्चों के प्रति दयालु हों, कुछ खुले और उत्साही हों और जिनके पास अच्छा मिज़ाज हो। हम ये सिफारिश करते हैं कि आपके नए शिक्षक 13 साल से 19 साल के बीच के हों, पर लचीले हों जैसा आप इस कार्यक्रम को अपने विशेष परिस्थितियों और सांस्कृति के लिये लेते हो।

इस निमंत्रण प्रक्रिया के द्वारा आप एक स्तर रखेंगे जो जवानों को समझने में सहायता करेगा कि बी2एफ कार्यक्रम में एक नए शिक्षक बनना एक सम्मान की बात है, एक अवसर और एक गम्भीर जिम्मेवारी है।

जितना सम्भव हो अपने "स्थिति–निर्धारण" विशेष सत्र में – एक भोजन या एक खास जगह बाहर जाए जिन छोटे/जवान लोगों को आपने आमंत्रित किया है उसमें वो सम्मानित और उत्तेजित महसूस

कर सकने के विषय सहायता कर सकें। यहाँ पर एक पत्र का नमूना दिया गया है जिसे आप लोगों को अभिविन्यास (नीति) के लिये आमंत्रित कर सकते हैं। अपनी परिस्थिति और संस्कृति के अनुसार सही शब्दों को बदल लीजिये।

प्रिय ————————————,

हमारे समुदाय के तरूण लड़के—लड़कियों के छोटे झुण्ड के लिये आप विशेष दिन के लिये आमंत्रित हैं। बैठक में हम आपको एक उत्साही सामुदायिक अभियान के विषय में बतायेंगे जो बच्चो की तस्करी जो बोर्न टू फ्लाई कहते हैं रोकने में सहायता कर सकती है।

बैठक के बाद, हम तरूण नए शिक्षकों को चुनेंगे, बी2एफ अभियान के साथ सहायता करते। अभियान के दौरान, एक बी2एफ टीम का अगुवा कार्य की देखभाल करेगा और नए शिक्षकों की सहायता करेगा उस समय जब उसके पास प्रश्न होते या समस्याएं होती हैं।

बी2एफ के नए शिक्षकों के पास अवसर होगा कि हमारे समुदाय के लिये कुछ महत्वपूर्ण करें और विचारों पर असर डालें और बच्चों की तस्करी के विषय कार्यवाही करें। यदि आप इस उत्तेजित सुअवसर के विषय अधिक जानने का अवसर चाहते हैं तो कृपाकर उत्तर की प्रतीक्षा में लिखें:

बैठक की तारीख :

समय :

स्थान :

उत्तर की प्रतीक्षा की सूचनाः

यदि आप इस आमंत्रण में शामिल होना चाहते हैं तो कृपाकर मुझे जितनी जल्दी सम्भव हो बतायें — केवल घटना। आप से मिलने के इच्छुक हैं।

सप्रेम,

चरण # 2 : ओरियन्टेशन (अभिविन्यास या नीति)

ओरियन्टेशन के दौरान अपने समुदाय और देश के बच्चों के तस्करी के विषय की समस्या के विषय में चर्चा करें। वार्तालाप करें कि किस प्रकार बोर्न टू फ्लाई सामुदायिक अभियान इन बच्चों की तस्करी को रोकने में सहायता कर सकती है, उन्हें तस्करों के झूठ को जो वे बोलते वर्णन करें:—

- आप छः सप्ताह की सामुदायिक अभियान का आयोजन करते — जब आप छोटे बच्चों को सिखाते हैं।
- आप नए शिक्षकों की खोज सहायता करने के लिये करते हैं।
- यहाँ आवेदन करने की प्रक्रिया है।

- विशेष योग्यता के आधार पर आप तरूणों को नए शिक्षक बनने के लिये चुनेंगे।
- नए शिक्षक को शामिल होने के लिए वायदा करना होगा (1) इससे पहले कि छः सप्ताह का सामुदायिक अभियान शुरु हो जिससे वे सामग्री को सीख सकें और कि किस प्रकार इसे सिखा सकें और (2) दूसरे छः सप्ताह के कार्यक्रम में वे सिखाने और छोटे बच्चों को सलाह देने में सहायता करेंगे।
- उन्हें छः सप्ताह के सामुदायिक अभियान में आने/शामिल होने के लिये प्रतिज्ञा करना चाहिये।
- यदि प्रशिक्षण प्रोग्राम के दौरान दो से अधिक सत्र में ना आ पायें तो उन्हें फिर से आरम्भ करना होगा (या आपके पास दूसरा प्रशिक्षण प्रोग्राम हो या आप उन्हें व्यक्तिगत रूप से सिखा सकें यदि आप मानते हैं कि वे अभी भी समर्पित हैं)।
- जब से वे छोटे बच्चों के साथ काम करेंगे, उन्हें उच्च नैतिकता और स्तर को हर समय बनाये रखना होगा। यदि वे नहीं करते हैं तो उन्हें कार्यक्रम छोड़ने के लिये कहा जा सकता है।

हर नए शिक्षक को बी2एफ के कार्यक्रम में स्वीकार किया गया है उनके पास फाइल में आवेदन फार्म होना चाहिये। छोटे सहभागियों और नए शिक्षकों के लिये, माता–पिता से अनुमति पर्ची होना चाहिये। छोटे सहभागियों और नए शिक्षकों के लिये माता–पिता से अनुमति पर्ची होनी चाहिये या छोटे व्यक्ति कार्यक्रम में शामिल होने के लिये संरक्षक द्वारा अनुमति प्राप्त करना होगा। अनुमति पर्ची साधारण हो सकती है – एक बयान या दो वर्णन जगह और समय, कार्यक्रम के लिये ये बताते हुए कि माता–पिता या संरक्षक ने पर्ची पर हस्ताक्षर बी2एफ के कार्यक्रम को समझते हुए और अपने बच्चों को मीटिंग में जाने की अनुमति का संकेत दिया है।

हर योग्य नए शिक्षक से पूछें कि आवेदन फार्म को भर दिया जाये जो आपने तैयार किया है। इन प्रश्नों को अपने गाइड की तरह इस्तेमाल करें और दूसरों को जोड़ने में स्वतंत्र महसूस करें:

**नए शिक्षक के आवेदन फॉर्म का नमूना**

नामः
संपर्क सूचना, जहाँ भी सम्भव हो, पता और फोन नम्बर शामिल करें:
माता–पिता या संरक्षक का नाम :

माता–पिता या संरक्षक की संपर्क सूचना :
जन्म तिथि :
परिवार के लोगों की गिनती :
कक्षा स्तर :
स्कूल में पसन्दीदा विषयः
शौक जिसका आप आनन्द लेते हो
खेल या टीम गतिविधियां जो आप लगातार करते हो :
धार्मिक या आप जिस भी ग्रुप के हो :

काम का अनुभव (जहाँ लागू हो) :

स्वयं सेवक का अनुभव (यदि कोई है)

छोटे बच्चों के साथ सिखाने का अनुभव (औपचारिक या अनौपचारिक, यदि कोई हो)

बी2एफ समूह की अगुवाई और सहायता करने में आपके परिवार/माता–पिता/संरक्षक कैसा महसूस करते हैं?

अपने मेहमानों को आने के लिये धन्यवाद देते हुए ओरियन्टेशन सत्र को समाप्त करें। उन्हें बतायें कि आप कब नए शिक्षकों को चुनेंगे और आप उन्हें कैसे सूचना देंगे।

चरण # 3 : चुनाव

जैसे आप नए शिक्षकों को चुनते हैं, तो यहाँ देखने के लिये योग्यताएं हैं :–

- वायदा/प्रतिज्ञा
- उच्च नैतिक स्तर
- अगुवाई की योग्यता
- मनोदशा का भाव
- छोटे बच्चों के साथ आनन्दित होना
- जोशीला और सिखाये जाने योग्य

जिन तरुणों को आपने नये सीखने वाले चुना है उनसे सम्पर्क करें और उन्हें जानने दें कि कब आप कार्यक्रम आरम्भ करोगे। पक्का करें कि जो चुने नहीं गये उन्हें उम्मीद दें, कि वे आने वाले सत्र में आवेदन कर सकते हैं।

चरण # 4 : ट्रेनिंग (प्रशिक्षण)

बी2एफ पाठ्यक्रम द्वारा अपने नए शिक्षकों वालों को छः सप्ताह के कार्यक्रम में ले जायें। किशोर लड़के, लड़कियों को अलग अलग प्रशिक्षित करें। पूरे पाठ्यक्रम में आप नए शिक्षकों से पूछने के लिये विशेष प्रश्नों को देखोगे।

याद रखें आपके नए शिक्षक ना केवल सामग्री पढ़ाने के लिये सीख रहे हैं, पर वे स्वयं सामग्री सीख रहे हैं क्योंकि वे भी मानव–तस्करी के खतरे में हैं। लगातार उन्हें जानकारी देने के द्वारा सलाह देते रहें। ये पहचानें कि वे क्या अच्छा करते हैं, कुछ अच्छा करने में उन्हें जल्दी से पकड़ें और उसमें उनकी पुष्टि करें। उन्हें रचनात्मक आलोचना दें जैसी जरूरत पड़े सीधी सहायता और सुधारने के लिये। हो सकता है आप ट्रेनिंग सत्र से बाहर अपने नए शिक्षकों के साथ अलग समय भी चाहते हों जैसे विशेष रूप से बाहर जाना, या समूह की गतिविधियां, एक टीम की आत्मा बनाने के लिये।

चरण # 5 : प्रमाणीकरण / ग्रेजुएशन

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्त में नए शिक्षकों के लिये ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन करो। जितना सम्भव हो समुदाय को शामिल करोः माता–पिता, मित्र, छोटे बच्चे जो बी2एफ सामुदायिक अभियान में कक्षा में आयेंगे, स्थानीय अधिकारी और दूसरे। जितना सम्भव हो सके इसे विशेष व महत्वपूर्ण बनायें क्योंकि यही छः सप्ताह के अभियान के लिये जोश / उत्साह पैदा करेगा।

ग्रेजुएशन समारोह के दौरान, नए शिक्षकों को प्रमाणपत्र दें और उन्हें कुछ पहनने के लिये – जैसे बैज़, कमीज़, पिन, टुपट्टा आदि। ये भी सामुदायिक अभियान के लिये प्रचार करने के लिये पैदा करेगी और छोटे बच्चों के लिये नए शिक्षकों को आदर्श का नमूना बनायेंगे।

छः सप्ताह के अभियान के दौरान, लगातार रूप से अपने नए शिक्षकों के साथ मुलाकात करें। इससे पहले कि वे सिखायें आप हर पाठ को पढ़ लीजिये और मूल्यांकन, पूर्व सूचना जैसी आवश्यकता हो दुबारा निर्देश के लिये समय निकालें। आप अपने नए शिक्षकों के साथ बाहर जाने का खेल जारी रख सकते हैं कि आप उन्हें सलाह देने के लिये अधिक समय दे सकें।

# भय और जानकारी के बीच उत्तम रेखा

एक शिक्षक होकर, आप चाहोगे कि आपके विद्यार्थी मानव–तस्करी के खतरों की जानकारी रखें, पर आप नहीं चाहते कि वे भय में जियें। ये अच्छी रेखा है और जब आप सिखाते हो तो आपको सावधानी से देखना और सुनना है कि आपके विद्यार्थी क्या सोच रहे और महसूस कर रहे हैं। यहाँ कुछ सुझाव हैं कि आपके बच्चों में भय ना आये इसकी सहायता के लिये जैसा आप तस्करी–विरोध बातें सिखाते हैं :

उम्र ग्रुप के अनुसार बच्चों को अलग करो पर विशेष रूप से सबसे छोटों के प्रति सावधान रहें। याद रखें – विशेष रूप से आप छोटे बच्चों को मानव – देह की हर सत्र में सूचना उपलब्ध कराते हैं – यदि आप इसे पढ़ाना चाहते हैं। नहीं तो आप साधारण रूप से पांच व्यवहारों को सिखा सकते हैं जो उन्हें अवैध–व्यापार से बचा सकते हैं (चुनावों के परिणाम/नतीजे हैं आदि)।

यदि बच्चे डरे हुए हैं, तो उसके बारे में उनसे बात करें। आप उनसे अलग मिल सकते हैं या ग्रुप में – जो कुछ भी उन्हें आरामदेह बना सकता है। उन्माद और उसके विषय में बात करें कि क्या खास विचार उन्हें डराता है। हर डर को लिखें और कहें कि आप एक योजना बनाने के लिये उन पर कार्य करना चाहते हैं, ये उन्हें सुरक्षित महसूस करा सकते हैं। हर भय को देखो और उनसे उनके विषय सुझाव पूछो कि क्या उन्हें मदद करेगा कि वे भयभीत ना हों। इनमें शामिल होगा, विभिन्न जगहों को जाना एक बड़ी–सिस्टम को इस्तेमाल करके, हमेशा एक बड़े को जानने दो कि वे कहां हैं, भाग नहीं रहे बिना किसी बड़े को बताये हुए, सुरक्षा सीटी या सैल फोन आदि के साथ। आपका उत्तर विशेष परिस्थितियों के आधार पर होगा, बच्चों की उम्र और दूसरी आवश्यकताओं का आयोजक जो केवल आप निश्चय कर सकते हो।

जब आपको किसी खतरे की पहचान करनी हो या चितौनी देनी हो तो किसी सकारात्मक से उसका मुकाबला करो – जैसे "मुझे बड़ी खुशी है कि मैं तुम्हारी माँ हूँ (या तुम्हारी शिक्षक) इसमें सहायता करने के लिये, तुम बहुत बहादुर व्यक्ति बन रहे हो" ये "वास्तविक इलाज" है। उनकी समस्या का समाधान निकालने के लिये पहुँचो। चीज़ें, व्यक्ति और परिस्थितियाँ जो डर पैदा करती वे असली हैं, कल्पना नहीं (यहाँ तक कि कुछ बचपने की प्रतिक्रिया बड़ों को अधिक जान पड़ती है) तो जो उत्तर आप देते हो वह असली/वास्तविक है, और सुरक्षा का स्वस्थ, स्वतंत्रता का वातावरण बनाने में सहायता करता है। इसीलिये बोर्न दू फ्लाई कार्यक्रम सिखाता है विशेष व्यवहारों को जो बच्चों को अवैध व्यापार में फंसने से बचाता है (बुद्धिमानी का चुनाव बनाता है, जानते हैं कि किस प्रकार अपने सच्चे मित्र को बताना आदि)।

बच्चों के साथ लगातार फोलोअप करें और पूछें कि वे कैसा कर रहे हैं और यदि वे अभी भी डरे हुए हैं। तो सुरक्षित और लगातार स्थान पैदा करें जहाँ वे आराम देह महसूस कर सकें और आपसे अपने डरों के बारे में बात कर सकें।

# शब्दरहित पुस्तक के लेखों का सारांश

पढ़ाने की तैयारी में शब्द रहित लेखों के सारांश को कम से कम तीन बार पढ़ लें, इस सारांश को शब्द रहित पुस्तक से मेल करायें। ये केवल आपके पूर्व की सूचना के लिये हैं; विद्यार्थियों के लिये ना पढ़ें। इनके पृष्ठ के नम्बर *बोर्न टू फ्लाई* शब्दरहित पुस्तक के लिये हैं।

*बोर्न टू फ्लाई* पुस्तक के अनुवाद में बताया कि शब्द उपलब्ध ई पुस्तक में www.borntoflybook.com पर हैं।

**छोटा सारांश**

पोपी ब्लोसम और मैक्स को कहानी बताती है कि क्यों वहाँ केवल एक ही "चन्द्रकिरण" पेड़ संसार में बचा है – दूर ऊँची पहाड़ियों पर जहाँ कभी कोई पहले नहीं गया। ब्लोसम इसे पाने का स्वप्न देखती है पर पोपी कहती है कि वह तैयार नहीं है और पहले स्कूल की पढ़ाई पूरी करनी है। पोपी की इच्छा के विरुद्ध, ब्लोसम चुपचाप अपने स्वप्न को पूरा करने उसे छोड़कर चली जाती है। इस नये अनजान संसार में उसे ये सीखना है कि अपने सच्चे मित्रों को बुरे स्वप्न से कैसे बचाना है। चोर जो हरएक के स्वप्नों को चुरा लेता है।

पहले पहले वह भिन्नता को बता सकती है, पर शीघ्र ही वह स्वप्न पर भरोसा करती है। चोर जो शीर्घ ही उसका अपहरण करते हैं। अपने बंधुवाई के दौरान, वह अपनी गलती अहसास करती है। वह इसे अहसास करती है (1) चुनावों के नतीजे होते हैं, (2) उसे जानना है कि उसके सच्चे मित्र कौन हैं,
(3) वह अद्भुत, मूल्यवान और प्रेम करने योग्य हैं, (4) अपने स्वप्न के पीछे जाने में उसे धीरज धरना होगा, कड़ा परिश्रम करना होगा और सही समय का इन्तजार करना होगा और (5) वह उड़ान भरने के लिये पैदा हुई है और उसे उससे कम कुछ तय नहीं करना है। ब्लोसम स्वप्न के चोरों से बच जाती है पर अपने पीछे पंख फड़फड़ाते देख घबरा जाती है। दुःख के साथ वह अपने गांव वापस शर्म के साथ आ जाती है बिना "चन्द्रकिरण" के बीजों के।

पोपी उसे बताती है कि वह फिर से "चन्द्रकिरण" पेड़ को ढूंढ़ने की कोशिश कर सकती है पर केवल स्कूल पूरा करने के बाद। इस समय वह सुनती है और जब वह ग्रेजुएशन कर लेती है तो वह अपने दूसरे दौरे पर पूरी तैयारी के साथ जाती है। एक बार फिर वह अपने मित्रों और शत्रुओं से मुठभेड़ करती है, पर इस समय वह तैयार है। वह बुरे स्वप्न के चोरों को परास्त (हरा देती) करती है, और "चन्द्रकिरण" पेड़ पाती है और उसके बीज गाँव में हर एक के लिये लाती है, ब्लोसम का स्वप्न साकार (सच) हो गया।

## पूरे पृष्ठ ब पृष्ठ सारांश

(पृष्ठ नम्बर शब्द रहित पुस्तक का संदर्भ देते हैं)

**शब्द रहित पुस्तक का पृष्ठ 4** : पोपी ब्लोसम और उसके भाई मैक्स को रात का भोजन परोसती है मैक्स पसन्द नहीं करता जो पोपी परोसती हैः एक कटोरा सूप, ब्लोसम और मैक्स भोजन के बाद सफाई करने में सहायता करते हैं, और तब पोपी उन्हें एक पुरानी कहानी बताती है जब "चन्द्रकिरण" पेड़ उस देश में बढ़ा। हर एक कैटरपिल्लर खुश थी क्योंकि वे "चन्द्रकिरण" के कटोरे सूप को रात्रि भोज में खा सकते थे।

**पृष्ठ 5** : पोपी कहानी बताना जारी रखती है। एक ठंड के समय बहुत ठंडी थी और बहुत बर्फ गिरी कि उसने पेड़ों को ढक दिया। बहुत कम–कम फल "चन्द्रकिरण" के खाने के लिये बचे।

**पृष्ठ 6–7** : पोपी बयान करती है कि छोटी छोटी केटरपिल्लर बहुत भूखी थीं। हर कोई बहुत ठन्डा था कि उन्होंने "चन्द्रकिरण" पेड़ों को जलाकर गर्म करने के लिये काट डाला। उस दिन से लेकर उस  देश में काले बादल छा गये, ये लगभग ऐसा था कि मानो देश पूरा उदास था। पोपी ब्यान करती है कि वहाँ कोई "चन्द्रकिरण" पेड़ नहीं थे या "चन्द्रकिरण" फल सूप बनाने के लिये नहीं थे। कैटरपिल्लर को स्टिक सूप बनाने के लिये टहनियों को इक्ट्ठा करना था, पर "सिलवर ब्रीज" ने एक पेड़ "चन्द्रकिरण" को पाया जो अभी भी जीवित था। उसने पेड़ से एक बीज बचाया और उसे ऊँची पहाड़ी पर लगा दिया।

**पृष्ठ 8–9** : सप्ताह बाद सप्ताह, वर्षों बाद वर्ष वह पेड़ ऊँची पहाड़ियों पर बढ़ता गया। जब पूरा चाँद होता है तब पेड़ फलता–फूलता और "चन्द्रकिरण" फलों को उत्पन्न करता है पर उन ऊँची पहाड़ियों पर उन्हें खाने के लिये कोई नहीं है। पोपी ये कहानी बताना समाप्त करती है। ब्लोसम और मैक्स बहुत थके हुए हैं, ब्लोसम, मैक्स को बिस्तर पर सुला देती है और तब अपने बिस्तर पर चली जाती है।

**पृष्ठ 11–11** : ब्लोसम अपने पसन्दीदा कम्बल में लिपटकर सो जाती है। उसकी खिड़की के बाहर, दूर–दराज से ऊँची पहाड़ियां दिखती हैं। चाँदी की हवायें धीरे से ब्लोसम की खिड़की पर बहती है और ब्लोसम के ऊँची पहाड़ी पर जाने के स्वप्न पर। ये चाँदी की हवायें उसे वहाँ ले जाती हैं संसार के अकेले "चन्द्रकिरण" पेड़ के पास। उसे देखकर ब्लोसम बहुत प्रसन्न हो जाती है। रात के बाद रातों को ये चाँदी की हवायें उसे (ब्लोसम को) "चन्द्रकिरण" पेड़ देखने को ले जाती हैं।

**पृष्ठ 12–13** : दिन के दौरान, ब्लोसम अपनी "चन्द्रकिरण" पेड़ के पास जाने के बारे में सोचती है और "चन्द्रकिरण" के बीज लाने के विषय में स्वप्न देखती है कि उन्हें बो दे। जिससे एक बार फिर हर एक को "चन्द्रकिरण" सूप बनाने का मौका मिल जाये। हर रात वह अपने विशेष कम्बल में लिपट जाती और ऊँची पहाड़ियों पर जाने की सोचती है हर सुबह ब्लोसम कम्बल को तह करती, पोपी को चूमती और अलविदा कहती और कैटरपिल्लर के स्कूल जाती है।

**पृष्ठ 14** : ब्लोसम स्कूल में ध्यान लगाने की कोशिश करती, पर वह केवल "चन्द्रकिरण" पेड़ को पाने के विषय में सोच सकती है। दूसरे कैटरपिल्लर वाले उसका मज़ाक उड़ाते हैं। दोपहर में वह टेहनियों को सूप बनाने के लिये जमा करती है रात्रि भोजन के लिये और ऊँची पहाड़ियों पर जाने के बारे में सोचती है।

**पृष्ठ 15** : एक रात जब ब्लोसम मैक्स को शुभ रात्रि का चूमा देती है, वह पोपी को बताती है कि किस प्रकार सिल्वर–हवा उसे ऊँची पहाड़ियों पर ले जाती है। वह कहती है कि वह "चन्द्रकिरण" पेड़ को खोजना चाहती है और वापस हर एक के लिये फल खाने के लिये लाना चाहती है।

**पृष्ठ 16–17** : पोपी ब्लोसम को बताता है कि उसे स्कूल में रूकना चाहिये। वह अभी भी छोटी है। केटरपिल्लर स्कूल में स्नातक होने के बाद वह "चन्द्रकिरण" पेड़ को ढूँढ़ने की कोशिश कर सकती है। पोपी दूसरे कैटरपिल्लरों के बारे में बताता है जिन्होंने पूर्व (पिछले समय) में गाँव को छोड़ दिया था इसी "चन्द्रकिरण" पेड़ को ढूंढ़ने के लिये। उन्होंने वायदा किया था कि वे "चन्द्रकिरण" फलों को लेकर ही लौटेंगे, पर वे बेकार की चीज़ लेकर लौटे जिससे ना उनका ना किसी का भला हुआ।

**पृष्ठ 18–19** : ब्लोसम अभी भी छोड़ना चाहती है, तो पोपी उसे अपने ऑफिस ले जाता है और उससे वायदा लेता है कि किसी को न बताना कि वह उसे क्या दिखायेगा। पोपी एक गलीचे को खींचता है, एक पुरानी ईंट निकालता है और नीचे पहुँचता है। वह कुछ बहुत पुरानी चीज़ खींचता है और ब्लोसम को देता है। वह उस पर अजीब लिखावट और ड्राईंग के साथ मोड़ती है।

**पृष्ठ 20–21** : पोपी और ब्लोसम को नहीं मालूम कि उस नक्काशी पर तस्वीरों का क्या मतलब है, ब्लोसम उस पुराने चिथड़े को जो उस नक्काशी के चारो ओर लिपटा था देखती है और पोपी से पूछती है, क्या ये उसका कम्बल है जब वह ब्लोसम की उम्र का था। दुःख से, वह कहता है, हाँ! वह फिर उस नक्काशी को लपेटकर जगह में छिपा देता है। पोपी ब्लोसम को बताता है कि जब कोई नक्काशी की पहेली बूझ लेता है तो काले बादल चले जायेंगे। वह स्वप्न के चोरों के विषय में उसे चितौनी देता है जो गाँव के फाटक के बाहर हैं। वे हर एक के स्वप्नों को चुराना चाहते हैं। वे उससे झूठ बोलेंगे, उससे चालबाजी करेंगे और उससे चुरा लेंगे।

**पृष्ठ 22–23** : पोपी फिर उसे स्कूल में ठहरने के लिये कहता है और स्नातक करने के बाद "चन्द्रकिरण" पेड़ के ढूंढ़ने की कोशिश कर सकती है – उसकी आज्ञा पाकर। ब्लोसम उदास होकर अपने कमरे में सोने की तैयारी के लिये चली जाती है। वह मैक्स को गुडनाइट का किस (चूमा) देती है और अहसास करती है कि वह बहुत बीमार है। वह चिल्लाकर पोपी को बुलाती है। डाक्टर घर पर आता है और मैक्स को दवा देता है।

**पृष्ठ 24–25** : ब्लोसम पोपी को बताती है कि मैक्स हर रात स्टिक–सूप के अलावा कुछ और खाना चाहता है। वह "चन्द्रकिरण" के फल का "स्टू" माँगता है। वह ऊँची पहाड़ियों पर उस पेड़ को ढूंढ़ने जाना चाहती है जिससे मैक्स बेहतर हो जाये। पोपी न कहता है, मैक्स अपनी दवा लेकर बेहतर हो जायेगा और ब्लोसम को स्कूल में ठहरना चाहिये। उस देर रात ब्लोसम अपने कम्बल में लिपट गई और खिड़की से बाहर ऊँची पहाड़ियों को देखती है। वह जानती है कि वहाँ कहीं "चन्द्रकिरण" पेड़ है – और उसे पता करना चाहिये। धीरे से वह पोपी के ऑफिस जाती है, नक्काशी को लेती है और एक नोट ये कहते हुए छोड़ती है "वह जा रही है और जल्द वापिस होगी"।

**पृष्ठ 26–27** : ब्लोसम गाँव के दरवाजों के बाहर कदम रखती है और अपनी लम्बी यात्रा शुरु करती है। सुबह वह यह अहसास करती है कि वह अपने साथ खाना लाना भूल गई है तो वह छाड़ियों को खाने के लिये इक्ट्ठा करती है। अचानक वह एक आवाज सुनती है वह एक पेड़ के तने के पीछे छिप जाती है और दो विचित्र–अनजान प्राणियों को देखती है। उसे आश्चर्य होता है कहीं ये स्वप्नों के चोर तो नहीं जिसके विषय पोपी ने उसे चेतावनी दी थी। वे दोनों प्राणी ब्लोसम को अपना परिचय देते हैं। वे झींगुर और छुछमछली हैं। ब्लोसम को ये जानकर आश्चर्य हुआ कि वे भी "चन्द्रकिरण" पेड़ को ढूंढ़ रहे हैं और अपने स्वप्नों को सच होने का इन्तजार कर रहे हैं। झींगुर गाने का स्वप्न देखता है एक दिन और छुछमछली ऊँचा उछलना चाहता है। वे साथ साथ यात्रा करने का निर्णय करते हैं।

**पृष्ठ 28–29** : कुछ मित्र लोग कुछ इल्लियों से मिलते हैं। झींगुर ये पूछता है कि क्या उन्हें "चन्द्रकिरण" पेड़ मिला, और वे कहते उन्होंने कुछ बेहतर पाया है, वे जो सब जुगत को ले जा रहे उसकी ओर संकेत करते हैं। ब्लोसम कहती है कि "जुगत" बेकार हैं और उन्हें याद दिलाती है कि उन्होंने गाँव छोड़ दिया कि "चन्द्रकिरण" के फलों को ढूंढ़े, हर एक की सहायता करने के लिये। दूसरे इल्ली उन पर हंसते हैं। उस रात ब्लोसम झींगुर और छुछमछली से पूछती है कि क्यों उनके पास कम्बल नहीं है। उन्होंने पाया कि उनके पास कम्बल थे पर उन्होंने स्वप्नों के चारों के साथ बेकार की चीज़ों के लिये खरीद–फरोक्त की। दूसरे दिन सुबह उन्हें एक "धारा" को पार करना है। छुछमछली तैरकर पार हो जाती है, झींगुर चट्टान से चट्टान पर उचकता है। झींगुर कहता है, धारा में ऊपर एक पुल है जहाँ से ब्लोसम धारा को पार कर सकती है और वे उससे वहाँ मुलाकात करेंगे। ब्लोसम चलना आरम्भ करती है पर जल्दी खो जाती है।

**पृष्ठ 30–31** : एक बूढ़ी दयालु महिला ने ब्लोसम को नई जूतियाँ दीं। ब्लोसम उन्हें पहनने का प्रयास करती है पर उसके पास कीमत चुकाने के लिये पैसा नहीं है। उस महिला ने उसकी नक्काशी या कम्बल के बारे में पूछा और ब्लोसम ने तुरन्त ये अहसास किया कि ये महिला स्वप्नों की चोर है। उसने जूते उतारे और महिला की तरफ फैंक दिये जो वहाँ से चली जाती है। ब्लोसम देर रात तक चलती रही। उसे मालूम नहीं कि किस तरफ जाना है। वह संकेत/इशारे के लिये उसने पोपी के नक्काशी को पढ़ा, पर अभी भी नहीं समझी। अन्त में, वह कम्बल में लिपटकर सो गई।

**पृष्ठ 32–33** : दूसरे दिन सुबह एक इल्ली ने ब्लोसम को एक नक्शा दिखाया। ब्लोसम सोचती है कि वह स्वप्न–चोर है, पर इल्ली कहती है कि नक्शा झींगुर की ओर से है और वह इसे ब्लोसम को देगी–उसके कम्बल के टुकड़े के लिये। ब्लोसम लेन देन करती है पर जल्दी ही अहसास करती है कि नक्शा बेकार है। दुःख के साथ वह अहसास करती है कि उसने स्वप्न–चोर के झूठ पर विश्वास किया – और इसके कारण कम्बल का टुकड़ा खो दिया। ब्लोसम चलती जाती है और अन्त में पुल को देखती है। वह उसे पार करती है कि झींगुर और छुछमछली को मिले जो उसके लिये उस पार इन्तज़ार कर रहे हैं। वे उसे असली नक्शा दिखाते हैं।

**पृष्ठ 34** : झींगुर और छुछमछली ब्लोसम को उनके नक्शे की कॉपी पोपी के नक्काशी के पीछे करने देते हैं। मित्र बाद में मिलने को राजी हो जाते हैं, ऊँची पहाड़ियों के करीब। झींगुर और छुछमछली अपनी यात्रा पानी द्वारा जारी रखते हैं, जबकि ब्लोसम धरती पर चलती है इस समय नक्श के साथ।

**पृष्ठ 35** : दिन प्रति दिन, रात के बाद रात ब्लोसम यात्रा करती है। वह रास्ते में खाने के लिये रूकती है और बहुत से दूसरों से मिलती है जो "चन्द्रकिरण" पेड़ की ओर ताकते हैं, पर अब वह बहुत सावधान है कि उनमें से कोई स्वप्न का चोर तो नहीं है।

**पृष्ठ 36–37** : एक शाम वह बिल्ली से मुलाकात करती है जो उसे वह उसकी टेहनी दिखाता है। वह कहता है कि टेहनी खाने के लिये नहीं है पर यदि वह उस पर पानी दे तो वह "चन्द्रकिरण" पेड़ की तरह ऊग जायेगा। ब्लोसम को शक हुआ पर निर्णय किया कि उसके कम्बल का कुछ भाग से व्यापार करें क्योंकि यदि वह टेहनी के मामले में सच बोल रहा है। टेहनी जल्द ही मर जाती है और ब्लोसम एक बार फिर स्वप्न चोर का अहसास करती है कि उसने झूठ बोला। ब्लोसम उसके बारे में सोचती है कि वह बेकार चीज़ों के लिये अपने कम्बल के टुकड़ों का सौदा करती है। पोपी के नक्काशी के पीछे वह याद दिलाने के लिये कुछ खींचती है। स्वप्न के चोर उस पर चाल चलने का प्रयास करते हैं। वह अपने आपको याद दिलाने के लिये नक्काशी के पीछे कुछ और ही खींचती है कि मज़बूत रहे और उनके झूठ पर विश्वास ना करें।

**पृष्ठ 38–39** : एक देर रात एक आदमी ने ब्लोसम को एक लालटेन प्रस्तुत की और इसके लिये उसने कोई पैसा नहीं लिया। उसने कहा, कोई उसे उसके लिये मुफ्त तेल देगा कि वह लालटेन में भर ले। जब वह उसके निर्देश पर चलती है फिर भी, स्वप्न–चोर उसे घेरते हैं, उसके कम्बल को और नक्काशी को चुरा लेते हैं और उसे दूर घसीटते हैं। स्वप्न–चोर ब्लोसम को एक दीवार के पीछे बन्द करके वहीं छोड़ देती है। ब्लोसम बचने का कुछ तरीका ढूंढ़ती है, वह खोदती, खोदती है, और दीवार के एक छेद से सुकड़ कर निकलना चाहती है, पर वह उसके लिये बहुत छोटी थी, कोई रास्ता नहीं है।

**पृष्ठ 40–41** : ब्लोसम ने दीवार में अन्दर एक पेड़ को देखा जहाँ उसे बन्दी बना कर रखा गया था। पेड़ के ऊपर जूते, टी.वी., सेलफोन, कैमरे और दूसरी चीज़ें लटक रहीं थीं। कोई और रास्ता नहीं देख, ब्लोसम पेड़ पर चढ़ जाती है। उसने ये पहचाना कि ये सब चीज़ें हैं जिन्हें स्वप्न–चोर उसे और दूसरों को लुभाने और छल करने के लिये इस्तेमाल करते हैं।

**पृष्ठ 42–43** : ब्लोसम बहुत थकी हुई है और इच्छा करती है कि वह अपने ही बिस्तर में हो उसके पास उसका अपना कम्बल भी नहीं है स्वप्न–चोरों ने चुरा लिया है उस समय जब उसका अपरहण किया। वह डाली ही पर सो जाती है – वह जागती है कि सिल्वर हवा को पाये पर प्रसन्न होने के बदले, ब्लोसम सदमें में है जब वह, दर्दमय कांटो भरी लता को लपेट लेती है जब तक वह पूरी रीति से ढंप नहीं गई। स्वप्न चोर ब्लोसम की फिराक में है, पर उसे पा नहीं सकते।

**पृष्ठ 44–45** : लता के अन्दर ब्लोसम याद करती है कि उसने क्या गलत किया : उसने पोपी की आज्ञा नहीं मानी, जो वह चाहता था कि वह स्कूल ही में ठहरे और उसने अपने कम्बल के टुकड़े स्वप्न–चोरों के साथ व्यापार किया। ब्लोसम ने माना कि उसने बहुत सी गलतियां की हैं और गलत फैसले/चुनाव किये हैं और वह उसके लिये शर्मिन्दा है। चाँदी की हवा आती है और दाखलता को लपेट लेती है जहाँ ब्लोसम अन्दर बन्द है और ब्लोसम का कम्बल वापस करती है। ब्लोसम दिन ब दिन इन्तजार करती है और चाँदी की हवा हमेशा वहाँ पर है।

**पृष्ठ 46–47** : एक दिन जब समय सही था, ब्लोसम ने लता को छोड़ना आरम्भ किया। उसे अपनी पूरी ताकत से मारना और धक्का पड़ा क्योंकि लता बहुत कड़ी थीं। जब वह बाहर आती है, वह अपनी कठिन परीक्षा से बुरी तरह थक गई थी कि उसे नींद आ गई। उसने ये नहीं नोटिस किया कि वह बदल गई है। ब्लोसम जाग जाती है और सुनती है कि स्वप्न–चोर फिर आ रहे हैं। वह जानती है कि वे उसे ढूंढ़ लेंगे। वह जल्दी से पेड़ से नीचे उतर जाती है।

**पृष्ठ 48–49** : ब्लोसम ने स्वप्न–चोरों को कहते सुन लिया कि वे उसे ढूंढ़ना चाहते हैं कि वह स्क्रोल (नक्काशी) की ड्राईंग को समझा सके। वह जानती है कि उसे बचना चाहिए। वह दीवार में एक छेद पाती है जिससे पहले उसने उसमें से सुकड़ना चाहा था। उस समय उसमें से होकर जाने के लिये वह बहुत बड़ी थी, पर वह फिर कोशिश करती है। ठीक उस समय जब स्वप्न–चोर दरवाजा खोलते हैं, ब्लोसम छेद में से सिकुड़ कर निकल जाती है। जब ब्लोसम दीवार की दूसरी ओर है तो वह नहीं जानती कि किस मार्ग से बचना है। वह नहीं चाहती कि कोई उसके पंख देख ले तो वह उन्हें कम्बल के अन्दर छिपा लेती है। वह चलती, चलती, थकती और धारा तक पहुंचती है।

**पृष्ठ 50–51** : ब्लोसम धारा में अपने रूप को देखती है और देखकर चकरा जाती है कि उसके पीठ पर क्या बढ़ रहा है। उसने ऐसी चीज़ कभी नहीं देखी थी और वह शर्म से चिल्ला उठती है। जब वह दूसरों को आते सुनती है, वह छिप जाती है। ब्लोसम उन्हें कहते सुनती है कि स्वप्न–चोर उसे ढूंढ़ रहे हैं। वह जानती है कि उसके पास एक चुनाव है : वह "चन्द्रकिरण" पेड़ को पाने का प्रयास कर सकती है या वह पोपी और मैक्स के पास घर वापस लौट सकती है।

**पृष्ठ 52–53** : ब्लोसम ऊपर आकाश की ओर देखती है और कोई पूरा चाँद नहीं है। वह "चन्द्रकिरण" पेड़ को जानती है कि वह केवल जब पूरा चाँद होता तब खिलता है – तो उसे इन्तजार करना होगा। वह घर नहीं जाना चाहता क्योंकि वह पोपी की आज्ञा ना मानने के कारण अपने को घबराहट महसूस करती है पर उसके पास और कोई रास्ता नहीं है। वह घर के लिये लम्बा चलना आरम्भ करती है। अन्त में, ब्लोसम गाँव के फाटक पर पहुँचती है। वह अन्दर जाने में हिचकती है क्योंकि नहीं जानती कि हर कोई क्या कहेगा। जब दूसरे कैटरपिल्लर उसे देखते हैं वे हंसते हैं क्योंकि वह बिल्कुल भिन्न दिखती है। फिर भी पोपी उससे मिलने को दौड़ता है।

**पृष्ठ 54** : पोपी ब्लोसम को गले लगाता है। वह उसे बताती है कि कैसे वह गई और पूछती है, कि मैक्स कैसा है। मैक्स सो रहा है, पर वह उसे देखने जाती है। जब वह उसे चूमती है, वह जाग जाता है और चिल्लाता है क्योंकि वह उसे अजनबी–फर्क दिखती है।

**पृष्ठ 55** : पोपी ब्लोसम को एक कटोरा स्टिक सूप देता है जबकि वह उसे स्वप्न–चोरों के बारे में बताती है। वह मानती है कि उसने पोपी को स्क्रोल लिया और स्वप्न चोरों ने उससे चुरा लिया। वह बयान करती है कि उसने स्क्रोल के पीछे क्या खींचा/बनाया ये याद दिलाने के लिये जो महत्वपूर्ण पाठ उसने सीखा। एक कागज़ के टुकड़े पर वह पोपी के लिये खींचती है और हर एक को बयान करती है:–

1. मृत छड़ी को खींचना (जिसका मतलब है "चुनाव के नतीजे हैं")
2. झींगुर और छुछमछली ("अपने सच्चे मित्रों को जानो कि कौन हैं")
3. ब्लोसम और ज्वैल ("आप अद्‌भुत हैं, मूल्यवान और प्रेम करने योग्य हैं")
4. कोकून ("धीरजवन्त हो, कड़ी मेहनत करो, और सही समय का इन्तजार करें)
5. तितली ("उसके पंख हैं पर वह नही समझती कि क्यों या इस तस्वीर का मतलब क्या है")

**पृष्ठ 56–57**

अगली सुबह, जब ब्लोसम और मैक्स अपने बिस्तरों पर सो रहे थे तब ही कुछ अचानक उसकी खिड़की से आता हैः धूप, मैक्स इसे पहले देखता है और तब ब्लोसम को बताने के लिये जगाता है। वे दोनों पोपी को बताने के लिये बाहर दौड़ जाते हैं। हर कोई सूर्य की ओर देख रहा था और बड़े आनन्द के साथ उन्होंने जाना कि काले–बादल छंटने लगे हैं। अभी भी वहां खाने को कुछ नहीं था पर केवल स्टिक सूप, ब्लोसम सारी दोपहर टेहनियों को जमा करने में बिताती है और "चन्द्रकिरण" पेड़ का स्वप्न देखती है।

**पृष्ठ 58–59**

उसी शाम पोपी रात्रि भोजन के लिये स्टिक–सूप बनाता है। ब्लोसम मैक्स को बिस्तर पर रखती है और "चन्द्रकिरण" फल के स्टू के विषय में पूछती है। ब्लोसम चन्द्रकिरण पेड़ का स्वप्न देखना बन्द नहीं कर सकती है। यहाँ तक कि रात में भी वह पेड़ के पास जाने का स्वप्न देखती है और हर एक के लिये चन्द्रकिरण के फल और बीज लाने का स्वप्न देखती है।

**पृष्ठ 60–61**

ब्लोसम पोपी को बताती है कि वह फिर से पेड़ को ढूंढ़ने की कोशिश करना चाहती है। वह कहता है कि उसने (ब्लोसम ने) महत्वपूर्ण पाठ अपने रोमांच में सीखा है और उसे दुहराता है जो उसने उसे बताया (पृष्ठ 55) और उसे बताता है वे रहस्यमय खाके स्क्रोल के पीछे जो बनाये गये उनका बयान करते हैं। पोपी कहता है जब ब्लोसम ने इन पाठों को सीखा, उसने पता किया कि ड्राईंग का क्या मतलब है, कि क्यों काले बादल घटना आरम्भ हो गये, उसने पहेली बूझ ली। पोपी ब्लोसम को वायदा करता है कि यदि वह जब तक स्कूल से स्नातक होने तक ठहर सकती है, तो वह चन्द्रकिरण पेड़ को फिर ढूंढ़ने का प्रयास कर सकती है।

**पृष्ठ 62–63**

ब्लोसम स्कूल में कड़ी मेहनत करती है। जो कुछ भी वह करती है, वह चन्द्रकिरण पेड़ के बारे में सोचती हैं। इस बार वह अपने बैग में यात्रा पर जाने की चीज़ों को रखकर तैयारी करती हैं। अन्त में वह दिन आता है जब वह कैटरपिल्लर स्कूल से स्नातक होती है। पोपी और मैक्स गांव के दरवाजे पर ब्लोसम के पास जाते हैं और उसे अलविदा कहते हैं। इस बार वह तैयारी से है। वह एक नक्शा बनाती है ठीक वैसा जो झींगुर और छुछमछली ने उसे दिया था। इस बार जब वह स्वप्न चोरों से मिलती है, तो वह उनसे बात तक नहीं करती है।

**पृष्ठ 64—65**

स्वप्न चोरों ने कभी भी ब्लोसम को ठगना नहीं बन्द किया। अन्त में वह उसी पुल पर आती है जिसे उसने पहले दौरे पर पार किया था। जब ब्लोसम पुल पार करती है, वह गाना सुनती है। वह चट्टान के पीछे छिपती है, पर अपने पुराने मित्रों को देखकर आश्चर्य में होती है झींगुर और छुछमछली को। झींगुर का स्वप्न सच होता है। वह गा सकता है। छुछमछली अभी भी ऊँची कूद नहीं सकती, फिर भी, वह बताती है कि किस प्रकार स्वप्न—चोरों ने उसका कैसे अपरहण किया।

**पृष्ठ 66—67**

ब्लोसम झींगुर और छुछमछली को बताया कि किस प्रकार उसे दिन प्रतिदिन अन्दर लताओं में बन्द कर रखा था और अन्त में जब वह बाहर निकली तो कैसी फर्क दिखती थी। हिचकिचाकर वह उन्हें दिखाती है कि अब वह कैसी दिखती है। वह शर्मिन्दा है पर वे सोचते हैं कि वह सुन्दर है। ब्लोसम अपना नक्शा झींगुर को दिखाती है। वे अहसास करते कि चन्द्रकिरण पेड़ तक जायें, तो उन्हें चलना पड़ेगा उस जगह से जहां स्वप्न—चोरों ने उसे बन्दी बनाया था। वे रात में यात्रा करते और वे इतने करीब हैं कि सुन सकते स्वप्न—चोर ब्लोसम के विषय में बातें कर रहे हैं। जबकि दो मित्र सो जाते हैं, दूसरे खड़े पहरा देते कि स्वप्न—चोर उन्हें पा ना लें। अन्त में जब वे ऊंची पहाड़ी पर पहुंचते, ब्लोसम कहती है कि वह उन्हें चढ़ा ले जायेगी जबकि झींगुर और छुछमछली उसका इन्तज़ार करते हैं।

**पृष्ठ 68**

ये मित्र लोग निर्णय करते हैं कि ब्लोसम ऊंची पहाड़ियों पर चन्द्रकिरण पेड़ देखने के लिये चढ़ेगी जबकि झींगुर और छुछमछली पहरा देंगे। यदि स्वप्न—चोर उसके पीछे जाने की कोशिश करते हैं तो झींगुर चितौनी देने के लिये गाने लगेगा। ब्लोसम चढ़ना आरम्भ करती है। अन्त में वह एक चोटी पर पहुँचती है और अहसास करती है कि उसके और चन्द्रकिरण पेड़ के बीच एक बड़ी खाई है। वह दूर से देख सकती है, पर उसे पार नहीं कर सकती क्योंकि वह बहुत चौड़ी है। उसको समझ नहीं आता कि क्या करें। कुछ दूरी पर वह चन्द्रकिरण पेड़ को देख सकती है वह इतनी थक गई कि उसे नींद आ जाती है।

**पृष्ठ 69**

अचानक ब्लोसम स्वप्न—चोरों के पहाड़ी पर चढ़ने की आवाज से जाग जाती है। उनसे बचने की वहां कोई जगह नहीं है। कहीं और नहीं जा सकती, वह एक गहरी सांस लेती है और चोटी पर से कूद जाती है।

**पृष्ठ 70—71**

ब्लोसम गिरती है जब तक अचानक वह अपने पंखों को फड़फड़ाने लगती है और अहसास करती कि वह उड़ सकती है। वह वापस चोटी पर उड़कर जाती है जहाँ स्वप्न—चोर हैं। वे उसे देखकर भौं—चक्के रह जाते हैं और उसे उड़ते हुए देखते हैं और कि वह उन्हें चोटी से धक्का देने लायक है। अन्त में चोटी पर कोई नहीं केवल ब्लोसम है। दूर वह चन्द्रकिरण पेड़ को देखती है। वह अपने पंख फड़फड़ाती और खाई के ऊपर उड़ती है और अन्त में, पूरे चांद के आधीन चन्द्रकिरण पेड़ के पास आ जाती है।

**पृष्ठ 72–73**

ब्लोसम अपने पहले चन्द्रकिरण फल का स्वाद लेती है, वह अधिक–अधिक खाती है और बीजों को अपने कम्बल में बचा कर रखती है। अन्त में वह सो जाती है। सुबह ब्लोसम जागती है, अपने कम्बल को इक्ट्ठा करती है और झींगुर और छुछमछली के पास वापस उड़ जाती है। वह उनके साथ चन्द्रकिरण के फलों को बांटती है और रास्ते में फलों को गिराते हुए वापस घर की ओर उड़ जाती है।

**पृष्ठ 74–75**

जब ब्लोसम घर वापस होती है, पोपी और दूसरे कैटरपिल्लर दौड़ते हैं उसका अभिनन्दन करने के लिये। वह उन्हें चन्द्रकिरण बीज देती है, जिन्हें वे एकदम बो देते हैं। बीज बढ़ने लगते हैं और जल्दी ही पूरे देश में चन्द्रकिरण पेड़ हो जाते हैं।

**पृष्ठ 76–77**

एक बार फिर हर घर में "चन्द्रकिरण" फलों से मर्तबान भरे हुए हैं और ब्लोसम अपने परिवार के लिये चन्द्रकिरण स्टू बनाती है। एक दिन उसके पुराने मित्र झींगुर और छुछमछली उससे मिलने आये जो अब मेंढक है। झींगुर की नई आवाज़ बहुत सुन्दर है कि वह संगीन सभा में गाता है। उसके बाद कैटरपिल्लर पार्टी करते हैं जहां हर कोई जितना चन्द्रकिरण स्टू खाना चाहे खाता है।

**पृष्ठ 78**

हर छोटा कैटरपिल्लर अध्ययन करता है कि ब्लोसम ने पोपी के स्क्रोल के पीछे क्या लिखा जिससे वे महत्वपूर्ण पाठ समझ लें जो उसने अपने साहसिक कार्य में सीखा। शीघ्र ही घाटी ककून, तितलियों से व चन्द्रकिरण पेड़ों से भर गईं।

# विचार–धारणा के पोस्टर्स
# (सत्र 1–6)

अपने सारांश में इस्तेमाल करने के लिये पोस्टर्स बनायें और हर सत्र के लिये जैसा पाठ्यक्रम में बताया गया है दोहरायें। पोस्टरबोर्ड इस्तेमाल करें या दूसरा बड़ा पेपर। सामने, मेल खाते हुए सत्र धारणा को नीचे लिखें; पीछे, दुहराये हुए प्रश्न लिखें। यदि आपके पास सीमित समय है, आप इन पोस्टरों को पूरे पाठ्यक्रम की अपेक्षा सिखाने के लिये इस्तेमाल कर सकते हो। (ये पोस्टर्स www.born2fly.org पर उपलब्ध हैं)

सत्र 1 : चुनाव के नतीजे हैं।

- ये जानकारी कैसे आपको सुरक्षित रख सकती है और आपको अवैध व्यापार से बचा सकती है?
- चुनाव करने के लिये इन्तजार करता कितना महत्वपूर्ण है?
- ब्लोसम ने क्या गलत चुनाव किये?

सत्र 2 : जानो कि आपके सच्चे मित्र कौन हैं।

- ये जानकारी कैसे आपको सुरक्षित रख सकती है और आपको अवैध व्यापार से बचा सकती है?
- क्या आप किसी के बारे में सोच सकते हैं जिन्हें आप जानते हैं जो एक सच्चा मित्र ना हो?
- बिना शर्त प्रेम क्या है? मित्र लोग इसे कैसे दिखाते हैं?

सत्र 3 : आप बेमिसाल हैं, मूल्यवान और प्रेम करने योग्य हैं।

- बेमिसाल होने का क्या अर्थ है? मूल्यवान होने का?
- क्या अधिक मूल्यवान है – आप या चट्टान? आप या जूते का जोड़ा? आप या सेल फोन?
- ये जानकारी कि आप मूल्यवान हैं कैसे आपको अवैध व्यापार से बचा सकता है?

सत्र 4 : धीरजवन्त हों, कड़ी मेहनत करें, सही समय का इन्तजार करें।

- आप किसके लिये ठहरे हो?
- जब आपके स्वप्न की बात आती है तो आप कैसे आधीर हो जाते हैं?
- वह क्या स्वप्न है जिसके लिये आप कड़ी मेहनत करोगे?

सत्र 5 : आप उड़ने के लिये पैदा हुए हैं, कुछ कम में तय ना करें।

- उड़ने से क्या मतलब है?
- कैसे ब्लोसम कहानी में कम में तय कर लेती है?
- आपका स्वप्न क्या है? आपने कैसे कम में निश्चित कर लिया है?
- ब्लोसम का एक स्वप्न था: उड़ना। आपका स्वप्न क्या है?
- अपने स्वप्न को आगे बढ़ाने के लिये आप क्या अच्छा चुनाव कर सकते हैं?

# अवैध व्यापार करने की सूचना के पोस्टर्स (सत्र 6)

अपने समुदाय में इस्तेमाल करने के लिये पोस्टर्स बनायें और जैसा पाठ्यक्रम में संकेत दिया गया है हर सत्र के लिये दुहरायें, या अपने समुदाय में प्रगट करें। पोस्टरबोर्ड इस्तेमाल करें या बड़ा पेपर। (ये पोस्टर्स www.born2fly.org पर उपलब्ध हैं)

पोस्टर # 1

यदि आप अवैध–व्यापार में बेच दिये गये हैं या ले जाये गये हैं तो क्या करना है:

- लड़ें
- त्याग न दें
- बाहर का रास्ता खोजें
- किसी को ढूंढ़ें जिस पर आप भरोसा कर सकें और बात कर सकें।

यदि आप अपने को खतरे में महसूस करते हैं तो क्या करें:

- अपने माता–पिता को बतायें
- यदि आप अपने माता–पिता को नहीं बता सकते तो सुरक्षित किसी बड़े जन को बतायें या अपने शिक्षक को।
- यदि आप सुरक्षित बड़े को नहीं पाते तो सहायता के लिये ये संम्पर्क नम्बर इस्तेमाल करें: आप इस पर प्राप्त कर सकते हैं। http://www.state.gov/j/tip/rls/other/2011/168859.htm.]

पोस्टर # 2

अवैध व्यापारी कैसे दिखते हैं?

- अवैध–व्यापारी किसी के भी समान दिख सकते हैं।
- वे आपको नहीं बताते कि वे आप के साथ धोखा करेंगे या आपको चोट पहुंचायेंगे।
- वे जवान या बूढ़े हो सकते हैं।
- वे हो सकते हैं जिन्हें आप जानते हो।
- वे भी हो सकते जिनके साथ आप स्कूल जाते हो – दूसरे विद्यार्थी।

आप कैसे फर्क बता सकते हो–एक सच्चे मित्र और अवैध व्यापारी के बीच?

- मित्र आप से झूठ नहीं बोलता या वो वायदे करता जो वे निभाते नहीं।
- मित्र के दिमाग में आपके प्रति सबसे उत्तम रूचि है, उनकी अपनी नहीं।
- मित्र वो है जिस पर आप अपने जीवन के साथ भरोसा कर सकते हैं।

- एक मित्र ने आप को साबित किया है कि उनके कार्यों पर भरोसा कर सकते हैं केवल उनके शब्दों पर ही नहीं।

वे कौन से झूठ हैं जो तस्करी करने वाले बोलते हैं?
- "मैं आपको दिखा सकता हूँ कि आप कैसे मोडल, वेटरस या नैनी की नौकरी पा सकते हैं।
- "मेरे पास आपको शहर में शिक्षा देने के लिये पैसा है"
- "मैं आपको दूसरे देश का वीजा पाने में मदद कर सकता हूँ"।
- "आप मेरी बात सुनकर अपने परिवार की सहायता करोगे"।
- मेरे पास बहुत पैसा है और मैं कुछ आपको देना चाहता हूँ"।
- आपके मित्रों के पास पैसा और अच्छी चीज़ें हैं, आपके पास क्यों नहीं है?"
- आप मेरी सहायता करें और मैं आपकी सहायता करूंगा, आप मुझ पर भरोसा कर सकते हैं"।

पोस्टर # 3

सुरक्षा में रहने का क्या अर्थ है?
- आप शारीरिक हानि से स्वतंत्र हैं।
- आप को कोई धमकाता नहीं।
- आप स्कूल जाने योग्य हैं।
- आपको कोई चोट नहीं पहुँचाता, शारीरिक, मानसिक और सेक्स के रूप में।
- स्वतंत्रता का ये अर्थ नहीं कि आप जो चाहें कर सकते हैं, सुरक्षा के नियम हैं जिन्हें मानना है और सुरक्षित व्यस्क लोग जो आपकी सहायता सीधे, अगुवाई कर सकते और आपके मित्र बन सकते हैं।

वे कौन से विशेष तरीके हैं जिसमें एक जवान व्यक्ति तस्करी में फंस सकता या दासत्वता में जबरन डाला जा सकता है?
- झूठ पर विश्वास करके जो कोई आप से बोलता है।
- यदि कोई चीज़ सच होने में बहुत अच्छी है, शायद ये है।
- अपने प्रस्तावों की जांच ना करना और दावा करना कि देखना कि सच है।

किसी को दास बनने में कौन सा व्यवहार या विश्वास इसे आसान बनाता है?
- वे खराब चुनाव करते हैं।
- वे तस्करों के झूठ पर विश्वास करते जो वे बोलते हैं।
- वे विश्वास करते कि तस्कर उनके मित्र हैं।
- जो तस्कर कहते वे विश्वास करना चाहते हैं।
- वे अपने स्वप्नों को सच करने में आधीर हो जाते हैं और उन्हें साकार होने के लिये सही समय का इन्तजार नहीं करते हैं।

पोस्टर # 4

चिन्ह हैं कि कोई भी अवैध रूप से बेचा जा सकता है:
- कुछ समय के लिये बिना बताये स्कूल से अनुपस्थित रहना।
- लगातार रूप से स्कूल में उपस्थित रहने की असमर्थता।
- पुरानी तरह घर से भागना।

- दूसरे शब्दों की यात्रा जल्द जल्द करने का संदर्भ देना।
- खरोंच या चोट
- तस्करों का गोदना ये उनकी स्वामित्व की छाप के संकेत देते हैं।
- ये दुःखद या भयानक है।
- भूखा है और मौसम की दशा या आसपास के हालात के अनुसार सही कपड़े नहीं पहने हैं?
- दवाओं या शराब के नशीलेपन के चिन्ह दिखाता है।
- कपड़ों, व्यवहार और भौतिक सामग्री में अचानक बदलाव करता है।
- सेक्स के बारे में बहुत बातें करता है और अपनी उम्र के दूसरे बच्चों की अपेक्षा सेक्स का अधिक ज्ञान रखता है।
- उसका एक "लड़का मित्र" है जो उससे बड़ी उम्र का है जो (10+से अधिक)
- नियंत्रित करने वाले व्यक्ति या बॉस के साथ है और अपने आप के लिये बोल नहीं सकता/सकती।
- व्यक्तिगत दिनचर्या, पैसे, आई.डी. यात्रा के दस्तावेजों पर कम नियंत्रण है।
- काम पर ले जाया जाना या उसी स्थान में रहना और काम करना।
- मालिक का कर्ज़दार होना जो नौकरी छोड़ना असम्भव बनाता है।
- कुपोषण, शरीर में पानी की कमी, या खराब व्यक्तिगत स्वच्छता।
- बिना इलाज की बीमारी या बीमारियां।

पोस्टर # 5

मानव तस्करी क्या है?

- बच्चों या व्यस्कों की जबरन दासत्वता।
- किसी को अपनी इच्छा के विरुद्ध करने पर दबाव डालना।
- दास की मेहनत या सेक्स की दासता में शामिल करना।
- दास कभी स्वतंत्र नहीं है और ना कभी हो सकते हैं जब तक कि कोई उन्हें ना बचाये।
- 4 वर्ष से छोटे बच्चे संसार के बहुत से देशों में दास स्वरूप हैं।
- बोर्न टू फ्लाई सामग्री पढ़ने के द्वारा आप तस्करी से बच सकते हैं।

दास की नाईं जीवन क्या है?

- सेक्स के दासों के प्रतिरात 20–40 ग्राहक हो सकते हैं।
- उनको पीटा जाता, दुर्व्यवहार किया जाता और उनके मित्रों और परिवार से दूर रखा जाता
- उनको पूरा खाना नहीं दिया जाता और थोड़ा ही है, यदि कोई सम्पत्ति हो
- उन्हें नशीली दवायें लेने पर जबरन किया जा सकता है।
- वे कभी नहीं छोड़ सकते, बहुत मुश्किल से बचाये जाते, और उनके रखने वालों द्वारा उनका दिमाग धो दिया जाता।
- वे थोड़ा या कोई पैसा नहीं कमाते
- वे बीमारी या दुर्व्यवहार से जल्दी मर जाते हैं।

# सत्र 1 : चुनाव के परिणाम हैं

**आपूर्ति और सामग्री की सूचि :** शब्द रहित पुस्तकें, अगुवे की मार्गदर्शिका, तितली दिखाने वाली नोंक (शिक्षक का उदाहरण और छड़ियां, तितलियों के जीवन चक्र, कट–आउट, क्रेयोन रंग या रंगीन पेन्सिलें, गोंद), सत्र 1 के लिये विचार–धारणा का पोस्टर।

**नए शिक्षक के सत्र के लिये** : उपरोक्त सप्लाई और पत्रिकाएं और पेन या पेन्सिलें।

**कक्षा के पहले** : एक तितली की नोक बनायें। एक लम्बी पतली छड़ी पर या पतली लकड़ी की डंडी पर इन चीज़ों को गोंद से चिपकाओ उस पर : छोर से लगभग चार इंच तितली का कट–आऊट, एक कोष को आगे नीचे करें, नीचे एक कैटरपिल्लर और उसके नीचे छोटा अण्डा। अपनी उंगली से शब्द रहित पुस्तकों को दिखाने की अपेक्षा तितली की नोक का इस्तेमाल करो – जब आप कहानी बताते हो। आप भिन्न–भिन्न विद्यार्थियों को इस नोक को इस्तेमाल करने दें कि वे शब्द रहित पुस्तक के चीज़ों को बता सकें या इन पाठों में जो विचारधारा के पोस्टर्स इस्तेमाल किये गये थे।

अपने को कहानी से परिचित करने के लिये पूरी कथा वस्तु को पढ़ो। **बच्चों के लिये कथावस्तु का सारांश ना पढ़ें।** आपको (या एक नए शिक्षक में से एक) तस्वीरों को दिखाने के लिये तितली की नोक इस्तेमाल करना चाहिये, कहानी बतायें और कुछ सुझावी प्रश्नों पर जो नीचें हैं बच्चों से सीधे उत्तर देने को कहें – जैसा भी समय अनुमति देता है। जो आप सबसे सही सोचते हैं उन प्रश्नों को चुनें जो झुण्ड के लिये उपयुक्त हों। आप को सभी प्रश्नों को पूछने की आवश्यकता नहीं।

**सत्र 1 आरम्भ होता है** : अपने आप का परिचय दो और झुण्ड के सभी सहभागियों का अभिनन्दन करें। सबको अपना परिचय देने दें या आप उनका परिचय कराएं। विद्यार्थी घेरे में बैठते हैं (डेस्कों, कुर्सियों या फर्श पर) पूछें क्या किसी ने वस्तुओं को जहाँ बताया गया क्या पहचाना हैं। तितली के जीवन का उन वस्तुओं को दिखाकर जो आपके पढ़ने के स्थान पर रखे गये संक्षिप्त बयान करो। बतायें कि आप किस प्रकार इस संकेतक को बोर्न टू फ्लाई (बी2एफ) पाठों के दौरान इस्तेमाल करोगे।

***आवरण पृष्ठ*** (कवर पृष्ठ), विद्यार्थियों को शब्दरहित पुस्तक का कवर (आवरण पृष्ठ) दिखाओ और पूछोः

- क्या आप जानते हैं कि ये कौन सा जानवर है? (कैटरपिल्लर (इल्ली), आप इसके बारे में क्या जानते हैं?
- क्या आप कवर पर के कोई शब्दों को पढ़ सकते हैं? (आप अपनी भाषा में शीर्षक को देखें; यदि वह वहां नहीं है, तो अपनी भाषा में लिखिये)
- आप क्या सोचते शीर्षक का मतलब – *बोर्न टू फ्लाई* ?

***पृष्ठ 3*** बतायें कि जो पुस्तक आप साथ में पढ़ने वाले हैं वह असाधारण है इसीलिये कि उसमें शब्द नहीं है। इसका मतलब कि हर कोई इसे पढ़ सकता है और झुण्ड चरित्रों के नाम दे सकते हैं यदि वे चाहें। यहाँ हर पृष्ठ पर कुछ प्रश्न पूछने के लिये सुझाये गये हैं।

याद रखें, आपको सभी प्रश्न पूछने की आवश्यकता नहीं है। जो समय आपके पास उपलब्ध है उसे ठीक बैठायें। यदि आप पाते हो कि प्रश्नों का पूछना, रोकने से कहानी की लाइन टूट जाती है, आप उसे पूरे पहले समय में पढ़ सकते हैं और दूसरी बार पढ़ने में प्रश्न पूछ सकते हो।

- तस्वीर में बीच में कैटरपिल्लर के विषय क्या असाधारण है? (वह पुराना है, वह अभी भी तितली में परिवर्तित नहीं हुआ)।
- आप बीच में कैटरपिल्लर को क्या नाम दोगे (नाम पर विद्यार्थियों को निर्णय करने दो या "पोपी" नाम इस्तेमाल करने दो)
- आप दाहिनी ओर कैटरपिल्लर को क्या नाम दोगे?
  (उसके बाल छोटे हैं और "धनुष" नहीं है, ये लड़का कैटरपिल्लर है। जो नाम वे चुनते उसे इस्तेमाल करें या "मैक्स")
- आप बाईं ओर क्या नाम देंगे? (उसके पास बो है, ये लड़की कैटरपिल्लर है। वो नाम इस्तेमाल करो जो वे चुनते हैं या "ब्लोसम")

***पृष्ठ 4** : (ये आपके केवल पृष्ठभूमि के लिये जानकारी है; विद्यार्थियों के सामने ना पढ़ें) पोपी ब्लोसम और उसके भाई मैक्स को रात का भोजन परोसती है। मैक्स को पसन्द नहीं जो पोपी परोसती है : एक कटोरा स्टिक–सूप। ब्लोसम और मैक्स रात के भोजन के बाद सफाई में सहायता करते हैं और तब पोपी उन्हें कहानी बताती है – जो बहुत समय पहले जब देश में चन्द्रकिरण पेड़ ऊगे थे। हर कैटरपिल्लर प्रसन्न था क्योंकि वे रात के भोजन के लिये चन्द्रकिरण का कटोरे भर कर स्टू खा सकते थे।*

तस्वीरों की ओर संकेत करो जो इस पृष्ठ पर कहानी बताता है। विद्यार्थियों को बतायें कि आप "पढ़" सकते हैं। ऊपर की पंक्ति के पेनल पर पहले, बायें से दाहिनी ओर और तब नीचे की पंक्ति पर बांये से दाहिनी ओर (अपनी भाषा में साधारण तरीके से यदि आप दाहिने से बाईं ओर पढ़ें तो आपको बच्चों को समझने में सहायता करनी होगी–दिशा को बदलने के लिये कि शब्द रहित पुस्तक का अनुसरण कर सकें)। पहली दो तस्वीरों की ओर इशारा करें और कहानी बतायें।

- वे क्या खा रहे हैं? क्या वे उसके बारे में खुश हैं? आप कैसे जानते हो?
- मुझे "मकड़े" के बारे में बतायें। उस शेल्फ (टांड़/ताक) पर क्या जाना चाहिये?
- मुझे अगली तस्वीर के बारे में बताओ। आप अपने भोजन के बाद आप पतीलों/डेकचियों के साथ क्या मदद करते हैं?
- नीचे की तस्वीर : पोपी कहानी बता रही है। (उसके सिर के ऊपर का "बुलबुला" दिखाता है वह क्या सोच रहा है या कह रहा है) चन्द्रकिरण पेड़ों का परिचय करायें और उसे टांड़/ताक की ओर इशारा करें जो मर्तबान चन्द्रकिरण फलों से भरे हुए हैं।

***पृष्ठ 5** : पोपी कहानी बताना जारी रखती है। एक ठण्ड के मौसम में बहुत ठन्डी थी और अधिक बर्फ पड़ी जिसने पेड़ों को ढांप दिया वहां बहुत कम कम चन्द्रकिरण फल खाने के लिये थे।*

- टांड़ों (शेल्फों) की ओर देखें। चन्द्रकिरण फलों का क्या हो रहा है?
- मुझे पेड़ के और खिड़की पर बर्फ के बारे में बताओ, क्या हो रहा है? (यदि आपके देश में बर्फ नहीं होती, तो बतायें ये क्या है)।

***पृष्ठ 6–7*** *: पोपी बयान करती है कि छोटे कैटरपिल्लर बहुत भूखें थे। हर कोई बहुत ठंडा था कि उन्होंने चन्द्रकिरण पेड़ों को काट दिया कि उन्हें जलाकर वे अपने को गर्म रख सकें। तभी से उस दिन काले बादल ने देश को ढंक लिया, ये ऐसा था मानो देश उदास था। पोपी बयान करती है कि अब वहाँ कोई चन्द्रकिरण पेड़ नहीं रहा या स्टू बनाने के लिये चन्द्रकिरण फल भी नहीं थे। कैटरपिल्लरों को स्टिक सूप बनाने के लिये टेहनियों को जमा करना था। पर एक चांदी की हवा ने एक चन्द्रकिरण पेड़ को ढूंढ लिया जो जीवित था। उसने उसके बीज को बचाया और ऊपर पर्वत पर बो दिया।*

- ऊपर की बांयी तस्वीर : निश्चित करें कि विद्यार्थी ये अहसास करें कि चन्द्रकिरण फल चले गये हैं।
- आप ब्लोसम के गाँव का क्या नाम दोगे? दूर पहाड़ियों में? (उस नाम को इस्तेमाल करें जो चुनते हैं या "टेहनियों की घाटी" और "ऊँची पहाड़ियां")
- क्यों गांव वाले पेड़ों को काटते हैं? (कांपते हुए केटरपिल्लर और आग की ओर इशारा करो)
- इसके बारे में कैटरपिल्लर क्या सोच रहे हैं और क्यों?
- अगली तस्वीरें : आप क्या देखते हैं (सफेद भंवर चांदी की हवा है या उसका कोई उचित नाम अपनी भाषा के लिये दें) चांदी की हवा अन्तिम बीज को बचाती है।

***पृष्ठ 8–9*** *: सप्ताह बाद सप्ताह, वर्ष के बाद वर्ष, पेड़ ऊंची पहाड़ियों पर बढ़ते रहे। जब पूरा चांद होता है तो पेड़ फलते–फूलते और चन्द्रकिरण फल पैदा करते हैं पर वहां ऊँची पहाड़ियों पर कोई खाने के लिये नहीं हैं। पोपी अपनी कहानी बताना समाप्त करती है। मैक्स और ब्लोसम बहुत थके हुए हैं। ब्लोसम मैक्स को बिस्तर में सुला देती है और तब वह अपने बिस्तर पर जाती है।*

- जब चाँद पूरा होता तब पेड़ को क्या होता है? (चन्द्रकिरण पेड़ फलता–फूलता है और चन्द्रकिरण फल उत्पन्न करता है जब पूरा चाँद होता है)।
- क्या आपके छोटे भाई या बहन हैं जिनकी देखभाल करनी है और पक्का करें कि वे सुरक्षित हैं?

**दुहराना** : **चुनाव क्या है?** शब्द *चुनाव* का मतलब है बहुत सी चीज़ों में से एक को उठाना, जैसे चुनना कि कौन सी कमीज़ या ड्रेस पहनना है। कुछ चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। बहुत पहले कैटरपिल्लरों को एक चुनाव करना था कि गर्म रखने के लिये चन्द्रकिरण पेड़ों को काटना है या नहीं। जब हमारे चुनाव हमें स्वयं चोट पहुँचाते हैं या दूसरों को, तो वो अच्छे चुनाव नहीं हैं।

- क्या आप सोचते हैं कि उन कैटरपिल्लरों ने अच्छा चुनाव किया? ये क्यों बुरा चुनाव था? इस चुनाव से किसको चोट लगी? (कैटरपिल्लरों को भूखे बिस्तर पर जाना पड़ा और काला बादल आ गया उनके संसार से रंग ले लेने के लिये)।

***पृष्ठ 10–11*** *: ब्लोसम अपने प्रिय कम्बल में सिमट जाती है और सो जाती है। उसकी खिड़की के बाहर, दूर ऊंची ऊंची पहाड़ियां हैं। चांदी हवा धीमें से बहती है ब्लोसम की खिड़की में और ब्लोसम का ऊँची पहाड़ियों पर सपने के जाने के लिए। हवा उस एक ही चन्द्रकिरण पेड़ के पास ले जाती है,*

*ब्लोसम उसे देखकर बहुत प्रसन्न है। रातों रात को चांदी हवा ब्लोसम को ऊँची पहाड़ियों पर चन्द्रकिरण पेड़ दिखाने ले जाती है।*

- सिल्वर ब्रीज (हवा/पवन) ब्लोसम को कहाँ ले जाती है (ऊँची पहाड़ियों पर जहाँ एक ही चन्द्रकिरण पेड़ बचा रह गया है।
- कैसे अकेला चन्द्रकिरण पेड़ जीवित बच गया? (पृष्ठ 7 दुहराओ; चांदी–हवा उसे ऊँची पहाड़ियों पर ले गई)।
- पूरे चाँद का क्या महत्व है? (यही वह समय है जब चन्द्रकिरण फल वहाँ है और वह स्वप्न देखती है कि वह उसे वापस हर एक के पास लेकर आयेगी)।
- चाँद की ओर देखो। उसके रूप में क्या बदलाव आपको बतलाती है? (वह रात–रात को कई सप्ताहों से उस पेड़ को देखने जाती है)।

***पृष्ठ 12–13** : दिन के दौरान, ब्लोसम अपने चन्द्रकिरण पेड़ देखने जाने के विषय में सोचती है और उसके बीज को वापस लाकर बोने का स्वप्न देखती है जिससे कि हर एक को एक बार फिर चन्द्रकिरण का स्टू मिल सके। हर रात वह अपना विशेष कम्बल लपेटती है और ऊँची पहाड़ी पर जाने को सोचती है। हर सुबह ब्लोसम अपने कम्बल की तह बनाती है और पोपी को चुम्बन करती और अलविदा कहकर कैटरपिल्लर स्कूल जाती है।*

- बाईं ओर की तस्वीर : ब्लोसम क्या कर रही है? (ब्लोसम का एक सपना है। *नोट करें:* कुछ भाषाओं में स्वप्न शब्द का इस्तेमाल रात के सपनों के लिये इस्तेमाल किया जाता है साथ ही हमारी इच्छाओं और लक्ष्य के लिये इस्तेमाल होता है – अपनी भाषा के अनुसार सही कर लें)।
- ब्लोसम का सपना क्या है? (चन्द्रकिरण के बीजों को गांव वालों के पास वापस लाना जिससे वे इन्हें बो सकें और चन्द्रकिरण स्टू फिर खा सकें)।
- क्या ब्लोसम के स्कूल की दिनचर्या आपकी तरह है या भिन्न है?

***पृष्ठ 14** : ब्लोसम स्कूल में ध्यान लगाने का प्रयास करती है, पर वह केवल चन्द्रकिरण पेड़ ही के बारे में पाने के विषय में सोचती है। दूसरे कैटरपिल्लर उसका मज़ाक उड़ाते हैं। दोपहर में वह रात के भोजन के लिये टेहनियां जमा करती है और ऊँची पहाड़ियों पर जाने की सोचती है।*

- जब ब्लोसम स्कूल में है, तो जब वह खिड़की के बाहर देखती है तो किसके विषय सोचती है?

**दुहराना** : एक सपना क्या है? ब्लोसम हर रात एक विशेष स्वप्न देखती है, पर वह दिन के दौरान भी सपना देखती है। इसका मतलब वह चाहती है कि कुछ हो कि वह हर समय इसके विषय सोचती है। उसके बीच क्या फर्क है जो स्वप्न आप रात को देखते हैं और जो हम हृदय में देखते हैं? (इसे सही करें यदि आपकी भाषा इसी शब्द को इस्तेमाल करते हैं या भिन्न शब्द इस्तेमाल करते हैं)।

- ब्लोसम और दूसरे कैटरपिल्लरों के बीच क्या भिन्नताएं हैं? (वे प्रति रात स्टिक सूप पीकर सन्तुष्ट हैं, वह नहीं है, वह जीवन में कुछ और का स्वप्न देखती है, वे जहां है वहीं पर सन्तुष्ट हैं)।
- क्या आपके हृदय में कोई सपना है?

**गतिविधि समय :** बच्चों को उठने दें और घूमकर वे इस गतिविधि की सामग्री ले सकें। आप बच्चों को अपनी तितली का संकेतक दिखायें। विद्यार्थियों को इसे बनाने में सहायता करें (निर्देश देखिये "कक्षा से पहले" ऊपर) बच्चों के साथ दुहरायें कि किस प्रकार का जीव ब्लोसम है इस बिन्दु पर। पूछें यदि वे विश्वास करते हैं कि क्या कभी वह बदलेगी और किसमें वह बदल जायेगी। पूछें यदि लोग ऐसे बदलाव से होकर गुजरते हैं जैसे तितलियां करती हैं। बच्चों से पूछें कि वे अपने पढ़ने वाले संकेतक पढ़ने वाले चक्र में लेकर उसे हर बच्चा अपना संकेतक इस्तेमाल कर सकता है जब उसे अगले सत्र के हिस्से में तस्वीर की ओर संकेत करने के लिये कहा जाता है – कहानी बताकर उनकी सहायता करें। जैसा बच्चे आरामदेह महसूस करते हैं, उन्हें कहानी बताने के लिये आमंत्रित करें जो वे पृष्ठ पर देखते हैं, यदि कुछ वे भूल जाते हैं तो जोड़ दें।

***पृष्ठ 15** : एक रात जब ब्लोसम मैक्स को शुभ रात्रि का चुम्बन देती है, वह पोपी को बताती है कि किस प्रकार चांदी की हवा उसे ऊंची पहाड़ियों पर ले जाती है, वह कहती है कि वह चन्द्रकिरण पेड़ खोजना चाहती है और हर एक के खाने के लिये बीज वापस लाना चाहती है।*

- ब्लोसम अपने स्वप्न को किसे बताती है?
- पूरा चांद उसके सपने में क्यों है? (चन्द्रकिरण पेड़ पर फल उसी समय होते हैं जब पूरा चांद होता है, तब ही वह चन्द्रकिरण के बीजों को जमा कर सकती है)।

***पृष्ठ 16–17** : पोपी ब्लोसम को बताती है कि उसे स्कूल ही में ठहरना चाहिये। वह अभी भी छोटी है, कैटरपिल्लर स्कूल से ग्रेजुएट होने के बाद चन्द्रकिरण पेड़ को ढूंढ़ने की कोशिश कर सकती है। पोपी ब्लोसम को दूसरे कैटरपिल्लरों के बारे में बताती है जिन्होंने बहुत पहले गांव छोड़ दिया था कि चन्द्रकिरण पेड़ को खोज सके। उन्होंने वायदा किया था कि वे चन्द्रकिरण फलों को लेकर लौटेंगे, पर इसके बदले वे बेकार की चीज़ों के साथ वापस आये पर उनसे ना उनको ना किसी और किसी को सहायता हुई।*

- क्यों पोपी ब्लोसम को स्कूल ही में रुकने का आग्रह करती है? *नोट करें :* यदि आपकी संस्कृति में ग्रेजुएशन की ड्रेस फर्क हैं, बतायें कि संसार के कुछ भागों के विद्यार्थी जब वे ग्रेजुएट होते तो विशेष कपड़े पहनते हैं।
- क्या इसके विषय ब्लोसम प्रसन्न है? आप कैसे बता सकते हैं?
- एक कैटरपिल्लर इसके स्वप्न के विषय प्रसन्न नहीं है। ये कैटरपिल्लर क्यों इसके लिए प्रसन्न नहीं है? (इस कैटरपिलर ने जो कुछ उसके पास था व्यापार में लगा दिया पर चन्द्रकिरण का फल प्राप्त नहीं किया)।

***पृष्ठ 18–19** : ब्लोसम अभी भी जाना चाहती है, तो पोपी उसे उसके ऑफिस ले जाती है और उससे वायदा करती है कि जो उसे दिखायेगा उसके बारे में किसी को भी ना बताये। पोपी एक कारपेट (गलीचा) को वापस खींचती है, एक पुरानी ईंट निकालती है और अन्दर पहुँचती है। वह कुछ बहुत पुराना उठाता/खींचता है और ब्लोसम को देता है। वह स्क्रोल को खोलती है जो उस पर अजीब ड्राईंग या लिखावट है।*

- कौन इस पृष्ठ पर गुप्त चीज़ बांटता हैं? (पोपी)
- पोपी का रहस्य क्या है? (छिपा हुआ स्क्रोल उसके ऊपर कुछ रहस्यमय)।

**दुहराना** : स्कूल में ठहरना क्यों महत्वपूर्ण है? पोपी ब्लोसम को प्रेम करती है और चाहती है कि वह एक अच्छा चुनाव स्कूल में ठहरने के लिये करें। वह अपना विशेष रहस्य उसके साथ बांटता है उसे समझने में सहायता करने के लिये कि ये महत्वपूर्ण क्यों है। पोपी जानती है कि स्कूल ब्लोसम के लिये सबसे उत्तम है जीवन को तैयार करने के लिये जहाँ वह सुरक्षित है। स्कूल उसे तैयार करेगा कि कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण उसके परिवार और समुदाय के लिये करने को तैयार करेगा।

- ब्लोसम के लिये स्कूल पूरा करना क्यों कठिन है? (वह आधीर है)
- जिन कैटरपिलरों ने स्कूल जल्दी छोड़ दिया उनके साथ क्या हुआ? (उन्हें चन्द्रकिरण पेड़ नहीं मिला और रास्ते में चीज़ें खो दी जो उनके लिये महत्वपूर्ण थे)।
- स्कूल कैसे किसी की सहायता कर सकता है चोटिल होने से सुरक्षित और सफल होने में? (आप सीखते हैं, आपके साथ धोखा नहीं हुआ है, आप तेज बन जाते हैं)।

***पृष्ठ 20—21** : पोपी और ब्लोसम नहीं जानते कि स्क्रोल की तस्वीरों का क्या मतलब है। ब्लोसम पुराने चिथड़े को देखती है जो स्क्रोल के चारों तरफ लिपटा था और पोपी से पूछती है क्या ये उसका कम्बल था जब वह उसकी उम्र का था। दुःख से वह कहता है, हां! वह स्क्रोल के चारों तरफ लपेट देता है और छिपाने की जगह वापस रख देता है। पोपी ब्लोसम को बताती है कि जब कोई स्क्रोल पर लिखी पहेली सुलझा लेता है तो काले बादल चले जाते हैं। वह उसे स्वप्न के चोरों के प्रति चितौनी देता है गांव के फाटक के बाहर। वे हर एक के स्वप्नों को चुराना चाहते हैं। वे उससे झूठ बोलेंगे, उससे दगाबाजी करेंगे, और उससे चुरा लेंगे।*

- क्या पोपी और ब्लोसम स्क्रोल को समझते हैं? (नहीं! वे गड़बड़ी में लगते हैं)।
- पोपी ये जानती है कि स्क्रोल की पहेली सुलझाना — काले बादल हटा देगा। पोपी स्क्रोल को किस से लपेट रही है? (उसके पुराने कम्बल से)
- पोपी ब्लोसम को कुछ के लिये चितौनी दे रही है (स्वप्नों के चोर जो ब्लोसम के कम्बल को और उसके स्वप्न को उससे चुराने की कोशिश में हैं)

***पृष्ठ 22—23** : पोपी फिर से ब्लोसम को स्कूल में ठहरने के लिए बताती है, और ग्रेजुएशन करने के बाद वह चन्द्रकिरण पेड़ को पाने का प्रयास उसकी अनुमति से करती है। दुःख के साथ ब्लोसम अपने कमरे में जाती है पलंग पर जाने की तैयारी में। वह मैक्स को गुडनाइट का चुम्बन देती है और अहसास करती है कि वह बहुत बीमार है। वह चीख उठती हैं और पोपी को बुलाती है। डॉक्टर घर में भी आता है और मैक्स को दवा देता है।*

- ब्लोसम को पोपी क्या बता रही है? (स्कूल में ठहरो, ग्रेजुएट हो जाओ, तब वह उसको चन्द्रकिरण पेड़ को पाने के लिये प्रयास कर सकते हैं)।
- क्यों पोपी कहती है कि स्कूल महत्वपूर्ण है?
- पृष्ठ 23 पर क्या गलत है? मैक्स क्यों बीमार है?

***पृष्ठ 24—25** : ब्लोसम पोपी को बताती है कि मैक्स को हर रात स्टिक सूप के अलावा कुछ और खाने की आवश्यकता है। उसे चन्द्रकिरण का फल का स्टू आवश्यक है। वह ऊँची पहाड़ियों पर जाना चाहती है कि पेड़ का पता करें जिससे मैक्स बेहतर हो जायेगा। पोपी कहती है, नहीं; मैक्स अपनी दवाइयाँ लेगा और बेहतर होगा और ब्लोसम को स्कूल में ठहरना है। उस देर रात ब्लोसम अपने कम्बल में लिपट जाती है और ऊँची पहाड़ियों की ओर खिड़की से देखती है। वह जानती है कि वहाँ कहीं बाहर चन्द्रकिरण पेड़ है — और उसे ढूंढ़ना चाहिये। धीमे से वह पोपी के दफ्तर जाती है, उसके स्क्रोल को लेती है, और एक नोट ये कहते हुए छोड़ती है और शीघ्र ही वापस आयेगी।*

- ब्लोसम मैक्स के लिये क्या करना चाहती है? पोपी क्या कहती है?
- ब्लोसम क्यों जाना चाहती है?
- ब्लोसम पोपी के दफ्तर से क्या लेती है? वह क्यों लेती है?
- वह क्या लाना भूल गई? (नक्शा और भोजन)

**दुहराना : एक नतीजा क्या होता है?** शब्द *नतीजे* का मतलब है कि किसी कार्य का चुनाव का परिणाम। कुछ परिणाम अच्छे होते हैं जैसे स्कूल में कड़ी पढ़ाई करना और अच्छा ग्रेड (श्रेणी) पाना। कुछ परिणाम खराब होते हैं जैसे अपने माता–पिता की आज्ञा न मानना, और उनके साथ परेशानी में पड़ना। बन्द करना महत्वपूर्ण है और चुनाव के परिणाम के बारे में सोचो इससे पहले कि आप उसे बनाते हैं।

- जब ब्लोसम पोपी को नहीं सुनेगी तो पोपी किसके विषय चितौनी देती है? (स्वप्न चोरों)
- क्या कुछ चीज़ें हैं पोपी बताती है जो स्वप्न चोर करते हैं?
- वे कौन से चुनाव हैं जो ब्लोसम ले सकती हैं? (ठहरना और स्कूल जाना और पोपी की आज्ञा मानना, पोपी की आज्ञा उल्लंघन और चन्द्रकिरण पेड़ को ढूंढ़ना)
- ब्लोसम क्या चुनाव करती है?
- ब्लोसम का चुनाव क्या असर डालता है? (मैक्स बीमार है)
- क्या आप सोचते हैं कि उसके चुनाव के परिणाम अच्छे या बुरे होंगे? क्यों?

**तस्करी करने के सम्बन्ध :** विद्यार्थियों को बतायें कि *बोर्न टू फ्लाई* दृष्टान्त है, जिसका मतलब है एक कहानी एक जानवर के बारे में या गैर–मानव जो हमारे लिये विशेष पाठ है। *बोर्न टू फ्लाई* एक दृष्टान्त/कथा है उसके विषय कि कैसे सुरक्षित आपके स्वप्नों में पीछे चल सकते हैं। एक तरीका जो *बोर्न टू फ्लाई* में पाठों में लागू करना है वो ये है कि मानव तस्करी के विरुद्ध चितौनी में सहायता करना विद्यार्थियों से पूछें कि क्या वे जानते हैं कि इसका क्या मतलब है। बयान करें:

- मानव तस्करी जबरन दासत्वता है।
- ये किसी पर कुछ करने का दबाव डालते हैं जो उनकी इच्छा के विरोध में है।
- दास लोग स्वतंत्र नहीं हैं।

*बोर्न टू फ्लाई* एक दृष्टांत है कि सिखायें कि तस्करी क्या है और कैसे इससे दूर रहना है। तस्करी से स्वतंत्र ठहरना ये सुरक्षित ठहरना है और आपके स्वप्नों का अनुसरण करने में स्वतंत्र बयान करें कि जब आप सुरक्षित है:

- आप शारीरिक हानि से स्वतंत्र हैं और कोई आपको धमकी नहीं देता।
- आप स्कूल जाने योग्य हैं।
- कोई आपको चोट नहीं पहुंचाता या तो शारीरिक, भावनात्मक या सेक्स के रूप में।

आपके स्वप्नों पर चलना ये बहुत ही महत्वपूर्ण है, अपने परिवार की सहायता करना, और स्कूल जाना – जैसे पोपी – ब्लोसम को बताने का प्रयास करती है। पूछें:

- आपके परिवार को सहायता करना क्यों महत्वपूर्ण है? सबसे उत्तम ऐसा करने को कौन सा तरीका है? (स्कूल में ठहरो और ग्रेजुएट हो। शिक्षित होना आपकी और आपके परिवार की सहायता करना है।

जब आप पढ़े–लिखे होते, तो बेहतर नौकरी पाते और अधिक पैसा बनाते और आपके बच्चे एक स्वस्थ घर में बढ़ते हैं।

- क्यों स्कूल में ठहरना तस्करी में ना पड़ने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं?

पोपी – ब्लोसम को स्वप्न–चोरों के प्रति चितौनी देती है, वे मानव तस्करों की नाईं हैं, इसलिये वे आपके स्वप्नों को चुरा सकते हैं और आप को चोट पहुंचा सकते हैं। एक जल्द तैयारी के चुनाव जैसे ब्लोसम ने पोपी की बात न मानकर लिया जिसका नतीजा बुरा निकला।

- चुनावों के परिणाम (नतीजे) हैं। ये जानने के बाद कैसे ये आपको मानव तस्करों से दूर रख सकता है?

**नए शिक्षकों के लिये सत्र में कुछ अतिरिक्त जोड़ा गया।**
**"चुनावों और परिणामों से सीखना"**
*इसके अतिरिक्त सामग्री को समायोजित (मिलाने) के लिये अतिरिक्त 30 मिनिट दीजिये।*

यदि यह किशोरों के लिये पहला ट्रेनिंग सत्र है जो बाद में *बोर्न टू फ्लाई* के पाठ्यक्रम में छोटे विद्यार्थियों को सिखायेंगे, आप इस सत्र को विशेष तरीके से आरम्भ कर सकते हैं (भोजन बांटकर आदि) जैसा परिचय में बताया गया है। यदि ऐसा है तो बाकी सत्र में अधिक समय दें।

हर नए शिक्षकों को एक जरनल दें (या नोट बुक) कि विशेष प्रश्नों के उत्तरी सत्र के अन्त में रिकॉर्ड करने के लिये पेन या पेंसिल दें। इस जरनल को पूरा करना उन्हें एक अवसर देना है उनको सोचने में सहायता करने के लिये कि अधिक गहराई से *बोर्न टू फ्लाई* की कहानी के मतलब को सोच सकें जो उनके स्वयं के जीवनों से सम्बंधित हैं। नए शिक्षकों को अपने जरनल में अपना नाम लिखने को कहें और एक तितली की तस्वीर बनायें जो उनकी अपनी इच्छा के स्वप्न को प्रगट करता है और किसी दिन स्वतंत्र और सफल होना है। क्रेयोन्स का इस्तेमाल करो या पहली गतिविधि से रंगों का इस्तेमाल करो (इसके लिये 5–7 मिनिट दो)।

नए शिक्षकों से पूछें कि वे सत्र के बारे में अभी तक क्या सोचते हैं या किताब के बारे में इस अनौपचारिक चर्चा को निर्देशित करें जिससे हर एक व्यक्ति अपना योगदान देता है या अपनी राय देता है नए शिक्षकों को याद दिलायें कि आप जानते हैं कि शब्द रहित पुस्तक छोटे बच्चों के लिये हैं किशोरों के लिये नहीं पर वे अपनी तैयारी के लिये पढ़ते हैं कि बी2एफ कार्यक्रम में छोटे बच्चों को सिखा सकें। ये मानव–तस्करी में जाने से बचाव में सहायता करेगी।

**सत्र 1 के लिये पत्रिका के प्रश्न**

एक छोटे कागज के टुकड़े पर ये पत्रिका प्रश्नों को लिख लें या काले या सफेद बोर्ड पर समय से पहले लिख लें जिससे नए शिक्षकों उसकी कॉपी अपने जरनलों में कर सकें। उन्हें बतायें कि अलग पेपर के ऊपर हिस्से में हर प्रश्न को लिखें जिससे उन्हें उत्तर लिखने के लिये काफी जगह होगी।

जैसा समय अनुमति देता है, तो विद्यार्थियों को उत्तर लिखने दें, यदि वे चाहें, तो उनके साथ झुण्ड में बांट कर चर्चा कर सकते हैं। या एक या दो उनके लिये चुनें कि वे इस सत्र के दौरान उत्तर दे सकें और तब दूसरों का उत्तर उन्हें घर में देने दें अपने ही समय में। चर्चा के समय में, अधिक प्रोत्साहित हों, बताने के लिये समय लें जो हर एक के उत्तर के विषय क्या सकारात्मक है और अपने इन प्रश्नों के उत्तरों को अपने जीवन और अनुभव से बतायें।

- एक पिछला चुनाव, काश मैं इसे बदल सकता/सकती।
- अपने पूछने के लिये अच्छे प्रश्न क्या है, जब चुनाव लेते हैं (करते हैं)।
- क्या आप स्कूल में ठहर रहे हैं? आप भविष्य में सहायता करने के लिये और अधिक सीखने के लिये क्या कर सकते हो?
- चुनाव करने में सबसे खराब परिणाम आपने क्या अनुभव किया? सबसे अच्छा परिणाम?
- आपने चुनाव करने में क्या सीखा जो आप छोटे बच्चों के साथ बांट सकते हो?
- आपने मानव–तस्करी के बारे में क्या सुना या जानते हो?
- आप जो छोटे बच्चों को मानव–तस्करी के बारे में बताना चाहते हो तो दो बातें लिखो।

**घर का कार्य** : अधिकतर जवानों (और व्यस्क) को कोई आइडिया नहीं है कि मानव–तस्करी कितनी अधिक फैली है, तो नए शिक्षक से कहें कि वे अपने देश में शहर में मानव–तस्करी के बारे में खोज करें। अगले सत्र में आप उस पर चर्चा करेंगे कि उन्होंने क्या सीखा और वे सोचेंगे कि भविष्य के लिये उत्तर क्या है।

# सत्र 2 : जानें आपके सच्चे मित्र कौन हैं

**आपूर्ति और सामग्री की सूचि** : शब्द रहित पुस्तकें, अगुवे की निर्देशिका (गाइड), शिक्षक की तितली संकेतक, टीचर का मित्रता कोफ्रेम का नमूना, छोटी टेहनियां या रंगीन लम्बा धागा, जो 2 इंच टुकड़े में कटा हो, हर विद्यार्थी के लिये आर्ट पेपर, क्रेयोन्स या रंगीन पेन्सिलें, गोंद, सत्र 1 और 2 के लिये विचार धारणा पोस्टर्स।

**नए शिक्षकों के सत्र के लिये** : ऊपर की आपूर्ति और पत्रिका, पेन और पेन्सिलें।

**कक्षा के पहले** : मित्रता का फ्रेम का नमूना बनाओ (अध्याय में निर्देश देखो)।

**सत्र 1 का दुहराना** : विद्यार्थी घेरे में बैठते हैं (डेस्क पर, कुर्सियों या फर्श पर) *बोर्न टू फ्लाई* कहानी पर दुहराने के लिये 10 मिनिट व्यतीत करें। विभिन्न बच्चों से इस दोहराने में कुछ जोड़ने को कहें और हर एक को उनके योगदान के लिये धन्यवाद दो। अपना तितली का संकेतक दिखाओं और तस्वीर दिखाने में इस्तेमाल करो और तितली के जीवन चक्र को दोहराओ।

सत्र 1 के मुख्य विषय को पूरा करो : चुनाव क्या है? स्वप्न क्या है? स्कूल में ठहरना क्यों महत्वपूर्ण है? परिणाम क्या हैं? सत्र 1 से धारणा के पोस्टर को सारांश करने में इस्तेमाल करें।

**सत्र 2 आरम्भ होता है** : अब हम ब्लोसम की कहानी जारी रखते हैं और देखें – आगे क्या होता है (याद करें, आपको नीचे कोई प्रश्न पूछने की आवश्यकता नहीं है, समय के अनुसार जो उपलब्ध है उसको सही बैठायें)

***पृष्ठ 26–27*** *: ब्लोसम गांव के फाटक के बाहर कदम रखती है और अपनी लम्बी यात्रा आरम्भ करती है। सुबह वह ये महसूस करती है कि वह अपने साथ भोजन लाना भूल गई। तो वह खाने के लिये छड़ी जमा करती है। अचानक वह एक आवाज सुनती है। वह एक पेड़ के तने के पीछे छिप जाती है और दो बहुत विचित्र जीवों को देखती है। उसे आश्चर्य होता है कि कहीं ये स्वप्न चोर तो नहीं है जिसके विषय पोपी ने चितौनी दी है। वे दोनों जीवन अपना परिचय ब्लोसम को देते हैं। वे झींगुर और छुछमछली हैं। ये जानकर ब्लोसम को आश्चर्य है कि वे भी चन्द्रकिरण पेड़ की खोज में है और अपने स्वप्नों को सच होने का इन्तजार कर रहे हैं। झींगुर का स्वप्न है कि वह एक दिन गाना गायेगा और छुछमछली ऊँची कूद करना चाहती है, वे साथ साथ यात्रा करने का निर्णय करते हैं।*

- नीचे की बाईं तस्वीर : ब्लोसम इतनी उदास क्यों हैं? (वह अपना भोजन लाना भूल गई, चुनावों के नतीजे हैं)।
- वह अपने को क्यों छिपा रही हैं? आप जब किसी नये से मिलते हैं तो कैसा महसूस करते हैं?
- ब्लोसम किससे मिल रही है? (छुछमछली और झींगुर से) क्या वे मित्र या शत्रु हैं? आप कैसे जानते हैं?
- उस बुलबुले में जो झींगुर और छुछमछली से आ रहा है – उसमें क्या है? (वे भी ऊँची पहाड़ियों पर चन्द्रकिरण पेड़ देखने जा रहे हैं जिससे वे बीज खा सकते और अपने स्वप्न के पीछे चल सकते हैं)।

- पृष्ठ 27 नीचे बांयें : उनके स्वप्न क्या हैं (यदि आवश्यक हो, बयान करें कि कैसे छुछमछली मेंढक बन जाती है)।
- आप क्यों सोचते कि कैटरपिलरों को चन्द्रकिरण के बीजों की आवश्यकता है? दूसरे जैसे छुछमछली और झींगुर बीजों को मांगते हैं?

***पृष्ठ 28–29** : कुछ कैटरपिलरों से मित्र मिलते हैं। झींगुर पूछता है कि क्या वे चन्द्रकिरण पेड़ पा सके और वे कहते हैं कि उन्होंने कुछ अच्छा बेहतर पाया है, सभी चीज़ें जो वे ले जा रहे उनकी ओर इशारा करते हैं। ब्लोसम कहती है ये गैजेट बेकार है और उन्हें याद दिलाती है कि उन्होंने गांव छोड़ दिया कि चन्द्रकिरण के फलों को खोजें – हर दूसरों की सहायता करने के लिये। दूसरे केटरपिलर उस पर हंसते हैं। उस रात ब्लोसम ने झींगुर और छुछमछली से पूछा कि उनके पास कम्बल (आवरण) क्यों नहीं है। उन्होंने पाया कि उनके पास कम्बल थे पर उन्होंने बेकार की चीज़ों के लिये स्वप्न चोरों के साथ व्यापार किया। अगली सुबह उन्हें धारा को पार करना है। छुछमछली तैर कर पार हो जाती है और झींगुर चट्टान से चट्टान पर कूदता जाता है। झींगुर कहता है, वहां धारा के ऊपर पुल है जहां से ब्लोसम पार कर सकती है और वे उससे वहां मिलेंगे। ब्लोसम चलना आरम्भ करती है पर जल्दी ही भटक जाती है।*

- ऊपर बांयें : ब्लोसम किससे भेंट करती है? (दूसरे कैटरपिलरों से) क्या ले जा रहे हैं? क्या वे चीज़ें मूल्यवान हैं? (बतायें कि कुछ मूल्यवान हो सकता है जैसे पैसा, पर मूल्यवान नहीं होता जैसे व्यक्ति)
- जो ब्लोसम उम्मीद कर रही थी उसकी अपेक्षा उसकी यात्रा क्यों अधिक कठिन थी? (उसने अच्छी तरह योजना नहीं बनाई; उसकी सोच से अधिक दूर पेड़ था)

**अवलोकन (दोहराना) : सच्चा मित्र कौन है?** बच्चों को बतायें कि वे अपने मित्रों को चुनते हैं। पूछें कि वे एक व्यक्ति में क्या खोजते हैं जब अच्छे मित्रों का चुनाव करते हैं।

- आप से जब कोई मिलता है तो कैसे जानते हैं कि वह आपका मित्र है? क्या उनके दिखने से आप बता सकते हैं?
- वह एक शब्द क्या है जो आप अपने उत्तम मित्र का बयान करने के लिये इस्तेमाल करोगे?
- क्या आप सोचते कि मैक्स और पोपी ब्लोसम के बारे में चिन्तित हैं? सच्चे मित्र आपके प्रति चिन्तित हैं।

**गतिविधि समय : मित्रता का ढांचा :**
विद्यार्थी "मित्रता का ढांचा" बनायेंगे, ठीक उसी प्रकार जो पृष्ठ 3 में शब्द रहित पुस्तक में है। सभी विद्यार्थियों को उठने और आस–पास घूमने दें और जो सामग्री उन्हें गतिविधि के लिये आवश्यक हो – जमा करने दें। आप पृष्ठ 3 में शब्द रहित पुस्तक विद्यार्थियों को दिखायें। उन्हें याद दिलायें कि ब्लोसम के कुछ उत्तम मित्र उसके परिवार में हैं। आर्ट पेपर पर विद्यार्थियों को बड़े अण्डाकार खींचने दो। उसके अन्दर उसके बहुत से उत्तम मित्रों को खींचो, ये परिवार के सदस्य हो सकते हैं या परिवार से बाहर के हो सकते हैं। पृष्ठ 3 शब्द रहित पुस्तक की तरह उन्हें झुण्ड में लाओ। वे अपने आप को भी तस्वीर में शामिल कर सकते हैं यदि वे चाहें। तब छोटी टेहनियों को और धागे के टुकड़ों को गोंद से चिपका दें इन सच्चे मित्रों के चारों ओर मित्रता का ढांचा बनायें। जो उदाहरण आपने

बनाया है उसे कक्षा को दिखायें जैसा बयान करते हो। इस गतिविधि के लिये पूरा समय : 15 मिनिट हैं। तस्वीर बनाने के लिये 7–9 मिनिट दें और 4–5 मिनिट ढांचे को गोंद लगाने के लिये। यदि समय होता है तो विद्यार्थियों को उनका काम दिखायें।

**दोहराना : एक सच्चा मित्र आप पर क्या मूल्य रखता है?** लोग अपने आप को हमारा मित्र बुला सकते हैं, पर वे नहीं हो सकते। हम कैसे जानते हैं, हम एक महत्वपूर्ण प्रश्न पूछ सकते हैं: "कैसे –––––– मुझ से व्यवहार करता है? लोग आप से अच्छा व्यवहार करें जब कोई समस्या नहीं है और बुरा दूसरे समयों में। एक सच्चा मित्र हमेशा आप से सच बोलेगा, आपकी सहायता करेगा जब आपको आवश्यकता हो और जैसे आप अपने स्वप्न को आगे बढ़ाते वह आपको सहारा देता है।

- आप उन कैटरपिलरों के बारे में क्या सोचते जो अपने मित्रों की सहायता नहीं करते?
- आप कैसे जानते कि झींगुर और छुछमछली ब्लोसम के सच्चे मित्र हैं? (वे उससे सच बोलते हैं, उसकी जरूरत पर उसकी सहायता करते हैं और उसके स्वप्न को सच बनाने में सहायता करते हैं)।

***पृष्ठ 30–31** : एक दयालु बूढ़ी स्त्री ब्लोसम को नये जूते देती है। ब्लोसम उन्हें पहनने की कोशिश करती है पर कीमत देने के लिये पैसे नहीं हैं। स्त्री उसका स्क्रोल या उसका कम्बल दाम के रूप में मांगती है – और ब्लोसम जल्दी से पहचान लेती है कि स्त्री स्वप्न चोर है, वह जूती उतार देती है और उन्हें स्त्री की ओर फैंक देती है, जो चली जाती है। ब्लोसम देर रात तक चलती चली जाती है। वह जानती नहीं कि किस ओर जाना है। वह पोपी के स्क्रोल को संकेत के लिये पढ़ती है, पर अभी भी नहीं समझती है। अन्त में, वह अपने कम्बल में लिपट के सो जाती है।*

- पोपी ब्लोसम को किसके बारे में चितौनी देती है?
- स्वप्न चोर क्या है? (सच्चा मित्र नहीं, कोई भी बहाना बनाता है, पर कौन आपको धोखा देता है)
- आप इस पृष्ठ पर चाँद के विषय में क्या नोट करते हो?

***पृष्ठ 32–33** : दूसरे दिन सुबह, एक छोटे कैटरपिलर ने ब्लोसम को एक नक्शा दिखाया। ब्लोसम सोचती है कि ये स्वप्न चोर है, पर कैटरपिलर कहता है कि ये नक्शा झींगुर की ओर से हैं और वह इसे ब्लोसम को देगी – उसके कम्बल के टुकड़े के बदले में। ब्लोसम लेन देन करती है पर जल्दी अहसास करती है कि नक्शा बेकार है। दुःख से वह ये अहसास करती है कि उसने एक स्वप्न चोर के झूठ पर विश्वास किया और उसके कारण कम्बल का टुकड़ा खो दिया। ब्लोसम अपना चलना जारी रखता है और अन्त में पुल देखती है। वह झींगुर और छुछमछली से मिलने के लिये पुल पार करती है जो उसका दूसरी ओर इन्तजार कर रहे थे। वे उसे असली नक्शा दिखाते हैं।*

- क्या आप सोचते ये कैटरपिलर ब्लोसम का मित्र है?
- कैटरपिलर क्या चाहता है कि ब्लोसम करें? (कम्बल के लिये लेन–देन करें)।
- क्या यह कैटरपिलर ब्लोसम का मित्र है? वह क्या है? (स्वप्न चोर?)
- क्या झींगुर और छुछमछली सच्चे मित्र हैं या स्वप्न चोर? आप कैसे जानते हो?

***पृष्ठ 34 :*** *झींगुर और छुछमछली ने नक्शे की कॉपी पोपी के स्क्रोल के पीछे करने दिया। मित्रों ने बाद में मिलने की सहमति दी, ऊँची पहाड़ियों के नज़दीक। झींगुर और छुछमछली ने पानी के द्वारा अपनी यात्रा जारी रखी, जबकि ब्लोसम धरती पर चलके गई – इस बार नक्शे के साथ।*

- ऊपर बायें : ब्लोसम क्या कर रही है? (झींगुर के नक्शे की कॉपी पोपी के स्क्रोल के पीछे कर रही है)
- झींगुर और छुछमछली को क्यों पानी में से यात्रा करनी पड़ी? (क्योंकि छुछमछली को पानी ही में रहना चाहिये। ब्लोसम उनसे बाद में मिलेगी)

**दुहराना : स्वप्न चोर क्या है और ऐसा व्यक्ति आप से क्या लेना चाहता है?** अभी तक स्वप्न चोरों ने कहानी में कैसा व्यवहार किया? बतायें कि स्वप्न चोर झूठे हैं जो आपको आश्वस्त करने की कोशिश करते हैं कि जो वे चाहते हैं आप करें। स्वप्न चोर आप से बार–बार चालबाजी करते हैं ये दिखाकर कि वे आपके मित्र हैं।

- कुछ स्वप्न चोरों के बारे में बताएं जिनसे ब्लोसम की मुलाकात होती है।
- कौन सा स्वप्न चोर अपने आपको बहाना बनाता है कि ब्लोसम का मित्र हैं? (वे सबके सब)
- स्वप्न चोर कैसे ब्लोसम को रोकने की कोशिश करते हैं?
- वे उससे कौन सा झूठ बोलते हैं? (कि झींगुर ने उसे बताया कि ब्लोसम को नक्शा बेच दो)
- जब ब्लोसम झींगुर और छुछमछली को पाती है तो उसे वे क्या देते हैं?
- क्या आप सोचते हैं कि ब्लोसम स्वप्न चोर और सच्चे मित्र के बीच की भिन्नता जानना सीख रही है?
- झींगुर और छुछमछली और स्वप्न चोरों के बीच क्या भिन्नताएं हैं?
- आप कैसे सोचते हैं कि स्वप्न चोर आप से बात कर सकते हैं?

**मानव तस्करी का सम्बन्ध :** विद्यार्थियों को याद दिलायें कि *बोर्न टू फ्लाई* एक विशेष अध्ययनों के साथ एक प्रतीक कथा/रूपक कथा है उस विषय पर कि कैसे सुरक्षित और सफल अपने स्वप्नों के पीछे चलने में हो सकते हैं। स्वप्न चोर कहानियों में नहीं होते (उनका अस्तित्व नहीं है) लोग जो मानव तस्कर हैं वे वास्तविक स्वप्न चोर हैं।

- मानव तस्कर कैसे दिखते हैं?
- हम कैसे जान सकते हैं कि कौन हमारे सच्चे मित्र हैं जो हमें मानव तस्करों से सुरक्षित रखेंगे?
- यदि कोई आपको कुछ प्रस्तुत करता है (जैसे एक सैल फोन या जूतों की जोड़ी) मज़दूरी या सेक्स के लिये, आप उन्हें क्या बतायेंगे कि आप तस्करी में फंसने को दूर करेंगे?
- स्वप्न चोर और मानव–तस्करों में क्या समानता है?

***जाहिर करना :***


- स्वप्न चोर किसी के भी तरह दिख सकते हैं – यहाँ तक कि हमारे मित्रों की तरह।
- वे ये घोषणा स्वयं के लिये नहीं करते, वे ऐसे लोग हैं जो आपके साथ दगाबाजी करेंगे या आपको चोट पहुंचायेंगे।
- वे जवान और बूढ़े हो सकते हैं।

- वे वो हो सकते हैं जिन्हें आप पहले से जानते हो।
- ये वे हो सकते हैं जिनके साथ आप स्कूल जाते हैं – दूसरे विद्यार्थी।

**नए शिक्षकों के लिये सत्र 2 में अतिरिक्त जोड़ा गया**
**"बुरा, बेहतर, और सबसे अच्छा सम्बन्ध"**
*इस अतिरिक्त सामग्री को सही रखने के लिये अतिरिक्त 30 मिनिट दे दें।*

हर नए शिक्षकों के पास एक जरनल पहले सत्र के प्रश्नों के प्रवेश के साथ होना चाहिये। (हो सकता है इस समय इसकी चर्चा ना की गई हो) आप इस सप्ताह के सत्र को इस अवसर के साथ आरम्भ कर सकते हो, उनके लिये चर्चा करने में कि अभी तक उन्होंने क्या सीखा है जो वे पूरे सत्र में कार्य करते हैं, वे भविष्य के सिखाने में सहायता करेंगे और अपने जरनल कार्य पूरा करने से।

एक सफेद, चॉकबोर्ड या पोस्टर पर इस खाके को खींचों नए शिक्षकों के लिये अपने जरनलों में कॉपी करने के लिये :



ऊपर का हिस्सा अच्छे मित्र और नए शिक्षकों को बताते हैं; नए शिक्षक अच्छे मित्र का नाम लिख सकते हैं और अपना स्वयं का नाम ऊपर के ब्लॉक में। दूसरे, सात दूसरे ब्लॉकों में लिखें, विशेषताएं, अभिलक्षण, व्यवहार, कार्य, या रवैया, जो वे एक सच्चे मित्र में देखना चाहते हैं। जब वे उत्तर ग्रुप के साथ बांटते हैं, तो कुछ योग्यताएं हैं, व्यवहार या रवैये जो महत्वपूर्ण उठ सकते हैं (यदि वे इनका सुझाव नहीं देते): सच्चे, ईमानदार, सहारा देने वाले लगातार, गर्म, प्रेमी, उनके साथ होना भला लगता है (हमेशा किशोरों के लिये महत्वपूर्ण) भरोसेमन्द, दयालु, आपके प्रति समप्रित।

नए शिक्षकों से पूछो वह क्या एक चीज़ है जो एक मित्र उनके साथ सम्बन्ध नष्ट करने के लिये कर सकता है। उसे बतायें जो अच्छे सम्बंधों को अच्छे चरित्र की योग्यता और आदतों पर निर्माण किया है, बुरा सम्बन्ध बुरे चरित्र की बुनियाद पर बनाये गये हैं : झूठ बोलना, धोखा देना, चोरी करना, चोट पहुंचाने वाले शब्द, दवाओं का इस्तेमाल करना या उन्हें बेचना आदि।

**सत्र 2 के लिये जरनल प्रश्न**

उसी फॉरमेट का इस्तेमाल करें जैसा सत्र 1 के समान; उनके विषय चर्चा करो जिनके लिये अभी समय है और उनसे कहें कि बाकी को घर पर पूरा करें :–

- कभी कभी आपका परिवार आपको घर छोड़ने में प्रोत्साहित करें। क्या वह हमेशा आपके सबसे उत्तम रूचि में है?

- क्या आपके पास "सुरक्षित" या भरोसेमन्द बड़ा है जिसके साथ परिवार स्कूल और समुदाय में आप बास कर सकते हैं?
- आप कैसे जान सकते हैं कि वह परिवार की सुरक्षा को छोड़ना सही होगा?
- आपकी सबसे उत्तम सम्पत्ति आपके लिये सबसे अधिक है? क्यों?
- एक व्यक्ति की तरह मूल्यवान होकर, उस आधार पर जो आप करते हो, या क्या ये उस आधार पर कि आप क्या है? क्यों?
- क्यों स्वप्न–चोर (तस्कर) इतनी कड़ी मेहनत करते हैं कि आप को ले लें कि आप वह करें जो वे चाहते हैं?
- आप क्या कर सकते हैं कि आपके स्वप्न आप से लिये ना जा सकें?
- क्या आप किसी असली–जीवन के स्वप्न चोरों को जानते हो?
- उन लोगों से निपटने का सबसे उत्तम तरीका क्या है जो आपको काम के या सेक्स के बदले में कुछ प्रस्तुत करते हैं?

**गतिविधि**

सत्र 1 के अन्त में आपने नए शिक्षकों से पूछा कि अपने शहर और देश में मानव–तस्करों के विषय खोज करें। जो उन्होंने सीखा उनसे बताने को कहें और कि वे क्या सोचते हैं कि आपकी संस्कृति के लिये क्या उत्तर हैं। इन आंकड़ों पर चर्चा करें:–

- संसार में चारों ओर हर वर्ष सेक्स के लिये 1 करोड़ 20 लाख बच्चों की तस्करी की जाती है (यूनीसेफ)।
- संसार में चारों ओर सेक्स कार्यकर्ताओं की औसत उम्र 11 वर्ष की है, कुछ तो पांच वर्ष की उम्र के होते हैं (सी.आई.ए.)।
- भाग जाने के 48 घन्टे के अन्दर एक किशोर के पास तस्करों द्वारा पहुंच हो जाती है।
- मानव तस्करी दूसरी सबसे ऊँची गैर कानूनी उद्योग पृथ्वी पर, गैरकानूनी ड्रग्स के बराबर मानी जाती है। संसार के कुछ भागों में ये पहले ही से नम्बर एक पर है। (तस्करी बन्द करो)
- मानव तस्करी हर वर्ष यू.एस. डॉलर 9 करोड़ 50 लाख पैदा करती है। (एफ.बी.आई.)

# सत्र 3 : आप लाजवाब, मूल्यवान और प्रेम करने योग्य हैं

**आपूर्ति और सामग्री की सूचि** : शब्द रहित पुस्तकें, अगुवे की निर्देशिका (गाइड), शिक्षक की तितली संकेतक, टीचर का कैटर पिलरों के अंगूठे के निशान का नमूना और गतिविधियों के समय लिये तितलियां, हर विद्यार्थी के लिये आर्ट पेपर, विभिन्न रंग की स्याही वाले स्टेम्प पैड–3 (या मार्कर), विद्यार्थियों के उंगलियों के निशान पोंछने के लिये, क्रेयोन्स या रंगीन पेन्सिलें या मार्कर्स, सत्र 1,2,3, विचार धारणा के पोस्टर्स।

**नए शिक्षकों के सत्र के लिये** : ऊपर की आपूर्ति और जरनलस, पेन और पेन्सिलें।

**कक्षा के सामने** : अंगूठे के निशान के केटरपिल्लर और तितलियां बनाओ। (नीचे निर्देश देखो)

**सत्र 2 का दुहराना** : विद्यार्थी घेरे में बैठते हैं (डेस्क में या कुर्सी या फर्श पर) *बोर्न टू फ्लाई* की कहानी के मुख्य बिन्दुओं को दुहराने में कुछ मिनिट बितायें। (सत्र 1 और 2 के विचारधारा के पोस्टरों को इस्तेमाल करें। सत्र 2 के हर एक मुख्य बिन्दुओं का वर्णन करें : सच्चा मित्र कौन है? एक सच्चा मित्र आप पर क्या मूल्य रखता है? स्वप्न चोर क्या है और उस प्रकार का व्यक्ति आप से क्या लेना चाहता है?

**सत्र 3 आरम्भ होता है** : आज जैसे हम ब्लोसम की कहानी जारी रखते हैं, मुझे आश्चर्य है कि अगला वह क्या करेगी।

***पृष्ठ 35** : रात–दिन प्रतिदिन ब्लोसम यात्रा करती है। वह रास्ते में खाने के लिये रूकती है और दूसरे बहुतों से भेंट करती है जो चन्द्रकिरण पेड़ को ढूंढ़ रहे हैं, पर अब वह बहुत चौकन्नी है कि कहीं इनमें से कोई स्वप्न चोर तो नहीं है।*

- आप कैसे जानते हैं कि समय बिता रहे हैं? (चांद बदलता है)
- नीचे की तस्वीरें: कौन स्वप्न चोर हैं? कौन मित्र हैं?

***पृष्ठ 36–37** : एक शाम ब्लोसम एक बिल्ली से मिलती है जो उसे एक टेहनी दिखाती है। वह कहता है कि ये टेहनी खाने के लिये नहीं है, पर यदि वह उस पर पानी डाले तो वह एक चन्द्रकिरण पेड़ की नाईं ऊग जायेगा। ब्लोसम को शक है, पर वह इस टेहनी के लिये अपने कम्बल से लेन–देन करने का निर्णय लेती है कि शायद वह सच बोल रहा हो। टेहनी जल्द ही मर जाती है और ब्लोसम अहसास करती है कि एक बार फिर स्वप्न चोरों ने उससे झूठ बोला। ब्लोसम ने सोचा कि वह कितनी मूर्ख है कि अपने कम्बल के बदले में लेन–देन किया – व्यर्थ की चीज़ों के लिये। पोपी के स्क्रोल के पीछे, वह याद दिलाने के लिये कुछ बनाती है। स्वप्न चोर उसे धोखा देने की कोशिश करते रहते हैं। वह स्क्रोल के पीछे कुछ और बनाती है उसे याद दिलाने के लिये कि वह मज़बूत बनी रहे और उनके झूठ पर विश्वास ना करें।*

- बिल्ली ने क्या वायदा किया? इस टेहनी को वास्तव में क्या हुआ?
- ब्लोसम का चुनाव क्या था? उसका नतीजा क्या था?
- वे कौन से पाठ हैं, ब्लोसम सीखना आरम्भ करती है? क्या वह अभी भी पहेली सुलझाने की शुरुआत करती है?

***पृष्ठ 38–39** : एक देर रात, एक व्यक्ति ने ब्लोसम को लालटेन देने को प्रस्तुत किया और वह इसके लिये कोई पैसा नहीं लेगा। वह कहता है कि कोई और उसे तेल मुफ्त में लालटेन भरने को देगा। जब वह उसके निर्देशों का पालन करती है, फिर भी, स्वप्न चोर उसको चारों ओर से घेरते हैं, उसके कम्बल और स्क्रोल को चुराते हैं, और उसे बाहर घसीट देते हैं। स्वप्न चोर ब्लोसम को दीवार के पीछे पीछे ताले में बन्द कर देते हैं और उसे वहीं छोड़ देते हैं। ब्लोसम बचने का कोई रास्ता खोजती है, वह खोदती और खोदती है, और दीवार से छेद में से अपने आपको निकालने के लिये सिकुड़ती है, पर ये उसके लिये बहुत छोटा है। बाहर जाने का कोई रास्ता नहीं।*

- कैसे लालटेन वाला आदमी ब्लोसम को धोखा देता है?
- ब्लोसम ने पहले ही कठिन पाठ सीख लिया है स्वप्न–चोरों के साथ लेन–देन करने के विषय। आप क्यों सोचते हो कि उसने लालटेन ले ली और उनसे तेल भी।
- ब्लोसम अभी कैसा महसूस कर रही है? (मूल्यवान नहीं, प्रेम नहीं किया गया)

**दोहराना : आप कैसे जानते कि आप मूल्यवान हैं? क्या गलतियां और बुरा चुनाव आपको मूल्यवान होने से रोकते हैं?**

ब्लोसम कठिन पाठ सीख रही है कि अच्छे चुनाव के लिये किस पर भरोसा करना है। वह सीख रही है कि कौन सच्चे मित्र है और आधीर होना (इन्तजार करने का राजी नहीं) वह प्रेम से कीमती पड़ेगा। हर व्यक्ति लाजवाब है (एक प्रकार का), मूल्यवान और अच्छे व्यवहार का हकदार है। ब्लोसम के पास कठिन समय है धीरजवन्त होकर (इन्तजार को राजी है) हर बार जब ब्लोसम आधीर होती और चुनाव करती जो बुद्धिमानी नहीं है, वह कुछ खो देती और बुरा महसूस करती है। जो ड्राईंग ब्लोसम ने स्क्रोल पर बनाई है वह उसे जो पाठ सीखा है याद दिलाने में सहायता करती है। जब आपने एक बुरा चुनाव किया या जब लोग आपके साथ बुरा व्यवहार करते हैं, तो याद करना बहुत कठिन होता है कि आप मूल्यवान हैं। यदि ब्लोसम ये याद कर सकती है कि वह वास्तव में कितनी मूल्यवान है, तो वह एक व्यक्ति की तरह बात होती और कि उसके स्वप्न की बात होती, तब वह भविष्य में बेहतर चुनाव कर सकती है।

- अभी तक ब्लोसम ने क्या खोया? क्या उसका स्वप्न अभी भी है या उससे वह चुरा लिया गया?
- क्या वह कठिन समय बिता रही है ये याद करने में कि वह लाजवाब और मूल्यवान है?
- कौन सा निर्णय ने उसे सुरक्षित स्थान पर रखा होता जहाँ वह मूल्यवान और प्रेम किया महसूस करती है?

***पृष्ठ 40–41** : ब्लोसम दीवार के अन्दर एक पेड़ को नोटिस करती है जहाँ उसे बन्दी बना कर रखा गया था। पेड़ पर जूते लटक रहे थे, टी.वी., सैलफोन, कैमरे और दूसरे गैजेट लटक रहे थे। निकलने का कोई रास्ता नहीं था, ब्लोसम पेड़ पर चढ़ती है। वह ये अहसास करती है कि जो चीज़ें हैं, जो स्वप्न चोर धोखा देने और उसे और दूसरों की लालच देने में इस्तेमाल करते हैं।*

- क्या पेड़ वास्तव में है? क्यों स्वप्न चोरों के पास झूठा पेड़ है? (ये चन्द्रकिरण पेड़ का नकली है, केवल वही पेड़ बचा है)।
- स्वप्नों चोरों के झूठे पेड़ पर ब्लोसम क्या लटकता हुआ देखती है?
- कैसे स्वप्न चोर इस पेड़ पर चीज़ों को इस्तेमाल करते स्वप्नों को चुराने के लिये?

***पृष्ठ 42–43 :*** *ब्लोसम बहुत थकी हुई है और चाहती है कि वह अपने बिस्तर में होती। उसके पास उसका कम्बल भी नहीं है क्योंकि स्वप्न चोरों ने उसे चुरा लिया जब उन्होंने उसका अपरहण किया। वह डाली पर ही से जाती है। वह जाग जाती है कि सिल्वर–हवा को ढूंढें पर प्रसन्न होने के बदले, ब्लोसम को धक्का लगा जैसे उसने दाखलता को कांटों के साथ उसके चारों ओर लपेटा है जब तक कि उनके द्वारा पूरी तरह से ढंक नहीं गई। स्वप्न चोर ब्लोसम को खोजते हैं पर उसे नहीं पाते।*

- ऊपर की तस्वीरें : ब्लोसम किसके बारे में सोच रही है? कौन आ रहा है? क्यों?
- नीचे की तस्वीर : ब्लोसम क्यों आश्चर्यचकित है?
- वे दाखलता क्या बन जाती हैं? अन्दर कौन है? आप क्या सोचते आगे क्या होगा?
- स्वप्न चोर क्यों ब्लोसम को नहीं पा सके?

***पृष्ठ 44–45 :*** *दाखलता के अन्दर, ब्लोसम याद करती है कि उसने क्या गलती की : उसने पोपी की आज्ञा उल्लंघन किया, जो चाहती थी कि वह स्कूल में ठहरती, और उसने अपने कम्बल के टुकड़ों के साथ स्वप्न चोरों के साथ लेन–देन किया। ब्लोसम महसूस करती है कि उसने बहुत सी गलतियां कीं और गलत चुनाव किये, और वह उनके प्रति बहुत दुःखित है। चांदी की हवा आती है और दाखलता के चारों ओर लपेटती है, जहाँ अन्दर ब्लोसम बन्द है और ब्लोसम के कम्बल को लौटाती है। ब्लोसम दिन प्रति दिन इन्तजार करती है और चांदी की हवा हमेशा वहां है।*

- इसके बारे में ब्लोसम की सोच क्या हैं? (जो बुरे चुनाव उसने किए और उनके परिणाम के विषय)
- नीचे दाहिने : पश्चाताप क्या है? (किसी चीज़ के लिये जो आपने किया दुःखित होना साथ कुछ और के लिये बदलने की इच्छा रखना)
- ब्लोसम को क्या हो रहा है? (अपने तितली के सूचक पर सांचे को दोहराने में इस्तेमाल करें)
- ऊपर बीच का : कोकून के भीतर उसके साथ क्या दिखाई दिया? (ब्लोसम का कम्बल) उसके पास कौन कम्बल वापस लाया? (चांदी हवा)
- ब्लोसम लता से बाहर आना चाहती है जितनी जल्दी हो सके क्योंकि वह बहुत पीड़ामय हैं। चांदी हवा चाहती है कि वह ठहरी रहे जिससे वह पश्चाताप के बारे में सीख सकें।
- दुःखित होना बदलने के समान है? (पश्चाताप का मतलब दुःखित होना और बदलने की इच्छा रखना)।

***पृष्ठ 46–47 :*** *एक दिन जब समय सही है, ब्लोसम लता को छोड़ना आरम्भ करती है। उसे धक्का देना और पूरी ताकत से लात मारना है क्योंकि लता बहुत कड़ी है। जब वह बाहर आती है वह अपने कार्य से इतना अधिक थक गई है कि वह सो जाती है। वह नोटिस नहीं करती कि वह बदल गई है। ब्लोसम जाग उठती है और स्वप्न चोरों को फिर आते सुनती है। वह जानती है कि वे उसे ढूंढ़ लेंगे। जल्दी से वह पेड़ से नीचे उतर जाती है।*

विद्यार्थियों को स्मरण दिलायें कि कोकून से टूटकर बाहर निकलना बहुत कठिन है, पर ये तितली की सहायता उसके पंखों के मांस–पेशी में ताकत देने में करता है : नहीं तो तितली कभी भी उड़ नहीं सकेगी।

- ब्लोसम के बारे में क्या फर्क है जब वह लता से बाहर आती है?
- ऊपरी बीज की तस्वीर : ब्लोसम क्यों सदमें में है? (इसलिये कि अब उसके पास पंख हैं)
- क्या वह जानती है कि पंख किसलिये हैं या उन्हें कैसे इस्तेमाल करना है?

**गतिविधि समय : कैटरपिल्लर्स और तितलियों के अंगूठे का निशान**

बच्चों को उठने दें और सामग्री लेने के लिये आस–पास घूमने दें और ये गतिविधि करने दें। इस गतिविधि के दौरान, विद्यार्थियों को स्मरण दिलाते रहें कि उनके उंगली के निशान बेजोड़ हैं (एक प्रकार के)। उंगली के निशान एक याद दिलाने वाले हैं कि वे कीमती हैं और खजाने में रखने योग्य हैं, संसार में हर दूसरे मानव से भिन्न हैं और परिवार और समुदाय और संसार में विशेष योगदान देते हैं। स्याही का पेड़ या मार्कर्स अंगूठे का निशान पैदा करने के लिये इस्तेमाल करें। कैटरपिल्लर्स बनाने हेत् चार या पांच एक पंक्ति में अंगूठे के निशान को दबाओ। पैर, आंखें आदि बनाओ। तितलियां बनाने के लिये दो अंगूठे के निशानों पर दबायें, अगल–बगल पंख बनाने के लिये, ऐन्टीना, आंखें बनाने के लिये क्रेयोन का इस्तेमाल करें आदि। ये उथल–पुथल की गतिविधि हो सकती है तो पोंछा या झाड़न साफ करने के लिये दें (एल्कोहल से भीगा हुआ) उंगलियों के निशान साफ करने के लिये। बच्चों को अपने केटरपिल्लरों और तितलियों का नाम रखने दें। उन्हें जैसा समय होता है जितने सम्भव हैं बनाने दीजिये। ब्लोसम की तरह, हर बच्चा एक प्रकार का व्यक्ति है उसके अपने विशेष स्वप्न और इच्छाएं हैं। विद्यार्थियों को अपनी बेजोड़ बनावट यदि समय हो तो बांटने/दिखाने दें।

***पृष्ठ 48–49** : ब्लोसम ने स्वप्न चोरों की बातें सुन ली जो कह रहे थे कि वे उसे ढूंढ़ना चाहते हैं जिससे वह स्क्रोल पर की ड्राईंगें के बारे में बता सकती है। वह जानती है कि उसे बचना चाहिये। वह दीवार में एक छेद देख लेती है जिसके द्वारा वह सुकड़ कर निकलने का प्रयास पहले कर चुकी है। उस समय उसमें से गुजरने के लिये काफी बड़ी थी, पर वह फिर कोशिश करती है। जैसे स्वप्न–चोर द्वार खोल देते हैं, ब्लोसम छेद से सिकुड़ जाती है। एक बार जब ब्लोसम दीवार की दूसरी ओर आ गई तो उसे पता नहीं कि कहां बचना है। वह नहीं चाहती है कि कोई उसके पंख देखें, तो वह उन्हें कम्बल के अन्दर छिपा लेती है। वह चलती जाती, चलती जाती जब तक वह पहुंच नहीं जाती थी थकी हुई धारा के पास।*

- ऊपर से बीच : स्वप्न चोरों के पास ब्लोसम का स्क्रोल है पर जानते नहीं कि उस पर क्या है। उन्हें आवश्यकता है कि वह उन्हें बताये कि उसका मतलब क्या है।
- वह पहले क्यों नहीं बच सकी? पर क्या अभी बच सकती है? (उसका शरीर बदल गया है)
- क्यों ब्लोसम अपने पंखों को चारों ओर लपेटती हैं? (उन्हें छिपाने के लिये)

***पृष्ठ 50–51** : ब्लोसम धारा में अपनी परछाई को देखती है और देखकर भौंचक्की होती है कि उसकी पीठ पर क्या बढ़ रहा है। उसने ऐसी चीज़ कभी नहीं देखी और वह शर्म से चिल्लाती है। जब वह दूसरों को आते सुनती है, वह छिपती है। ब्लोसम उन्हें कहते सुनती है कि स्वप्न चोर उसे ढूंढ़ रहे हैं, वह जानती है कि उसके पास एक चुनाव है : वह चन्द्रकिरण पेड़ को ढूंढ़ने का प्रयास कर सकती है या वह पोपी और मैक्स के साथ घर वापस लौट सकती है।*

- जब ब्लोसम अपने पंखों को देखती है तो क्या प्रतिक्रिया होती है? (शर्म से)
- वह दूसरे कैटरपिल्लरों से क्या छिपाती है?
- नीचे की तस्वीर : ब्लोसम क्या चुनाव करती है? हर चुनाव जो वह करती है उसका क्या नतीजा होगा?
- ऊपर की बाईं तस्वीर : चांद का रूप क्या संकेत करता है? (पूरा चांद, जिससे चन्द्रकिरण पेड़ अपनी पूरी फलने फूलने की स्थिति में पहले ही से है, इसका अर्थ है कि ब्लोसम वहां समय पर नहीं पहुंच पायेगी।

***पृष्ठ 52–53 :*** *ब्लोसम आकाश की ओर ताकती है, और वहाँ पूरा चांद नहीं है। वह जानती है कि चन्द्रकिरण पेड़ उसी समय फलना–फूलता है जब पूरा चांद होता है तो उसे इन्तजार करना पड़ेगा। वह घर नहीं जाना चाहती क्योंकि वह उलझन/परेशानी में है कि पोपी को देखें जिसकी आज्ञा का उल्लंघन उसने किया, पर उसके पास और कोई चारा नहीं था। वह वापस घर की ओर लम्बी चाल आरम्भ करती है। अन्त में, ब्लोसम गांव के फाटक पर आती है। वह अन्दर जाने में हिचकती है क्योंकि वह नहीं जानती कि हर कोई क्या कहेगा। जब दूसरे कैटरपिल्लर उसे देखेंगे, वे हंसते हैं क्योंकि वह भिन्न दिखती है। पोपी फिर भी उसका अभिनन्दन करने दौड़ता है।*

- ब्लोसम क्या करने का निर्णय लेती है और क्यों? (टेहनियों की तराई में लौटती है जिससे वह बेहतर तरीके से तैयार हो सके, वह जानती है कि स्वप्न चोर उसे ढूंढ़ रहे हैं, और पूरा चांद नहीं है जिससे चन्द्रकिरण पेड़ हफ्तों तक नहीं फले–फूलेगा)।
- क्या ब्लोसम टहनियों की तराई में हर एक के लिये बीज लाती है जैसा वह करना चाहती है? (नहीं, दूसरों की तरह जिन्होंने गांव छोड़ दिया, उसने वह नहीं किया जो उसने वायदा किया था)।
- पोपी कहाँ है और वह क्यों ब्लोसम की ओर दौड़ रहा है? आप क्या सोचते वह कहेगा या करेगा?

**दुहराना : बिना शर्त का प्रेम क्या है?** बिना शर्त के प्रेम का मतलब है कि दूसरा व्यक्ति आपको स्वीकृति, स्वागत, गर्मजोशी, और सम्मान देता है, भले ही कुछ हो जाये। बिना शर्त का प्रेम चुनाव के नतीजे को नहीं हटा सकता, पर ये आपको सुरक्षित, मूल्यवान, और भविष्य के लिये आशामय महसूस करा सकता है। बिना शर्त का प्रेम जिसे पोपी ब्लोसम को प्रस्तुत करता। वह प्रसन्न नहीं है, वह आधीर थी और उसकी आज्ञा नहीं मानी और चली गई, पर वह उसे वापस फिर उसके नये पंखों को देखकर बहुत प्रसन्न हुआ। पोपी वायदे को देखता है और ब्लोसम के नये पंखों में आशा देखता है।

- जैसा पोपी ब्लोसम से प्रेम करता है, उसकी तरह कौन आपसे प्रेम करता है?
- क्या ब्लोसम ने जाना होगा कि पोपी ने उसे इस तरह प्रेम किया यदि वह मुड़कर घर नहीं आई होती?

**आपको प्रेम किये जाने की सुरक्षित जगह कौन सी है, मूल्यवान की गई और सुरक्षित की गई?** सुरक्षित स्थान वह स्थान है जहां आपसे प्रेम किया गया, मूल्यवान किया गया और हानि से बचाव किया गया – उस समय जब आप बदलते हो, बढ़ते हो, और गलत करते और उन से सीखते हो। सुरक्षित स्थान वो है जहां आपके स्वप्न और आशा का मूल्य है और जहाँ दूसरे आपकी सहायता अच्छे चुनाव में करते हैं जिससे आपके स्वप्न सच हो सकें।

- ब्लोसम के पास वापस घर पर पोपी और मैक्स के साथ सुरक्षित जगह है। क्या ऐसी सुरक्षित जगह आपके पास है?
- कौन आपको अच्छे चुनाव में सहायता करता है? जो आपके साथ आपके स्वप्नों और आशा के बारे में बात करता है?

**तस्करी का सम्बन्ध :** विद्यार्थियों को याद दिलायें कि *बोर्न टू फ्लाई* एक रूपक कथा विशेष अध्यायों के साथ उसके विषय कि कैसे सुरक्षित रहना है और आपके स्वप्नों के पीछे चलने में सफल होना है। ब्लोसम की आधीरता, बिना पोपी की सलाह के चन्द्रकिरण पेड़ के पास जाते हैं, शिक्षा के विषय का मतलब है इससे पहले कि वह ये जानती कि किस प्रकार उनसे निपटना है वह स्वप्न चोरों से मिलती है।

- क्या आप ब्यान कर सकते हैं कि क्यों कोई जो आधीर है उसे तस्करी कर ले जाया जा सकता है?
- यहाँ कुछ झूठ हैं जो मानव–तस्कर बोलते हैं :
  "मैं आपको दिखा सकता हूँ कि आप मोडल, और नैनी एवं वेटरों की नौकरी कैसे पा सकते हैं"।
  "मेरे पास आपको शहर में शिक्षित करने के लिये पैसे हैं"।
  "मैं आपको दूसरे देश का वीज़ा दिलाने में सहायता कर सकता हूँ"।
  "आप मुझे सुनकर अपने परिवार की सहायता कर सकते हैं"।
  "आप जो पैसा कमायेंगे वह आपके परिवार की सहायता में जायेगा"।
  "मेरे पास बहुत पैसा है, मैं कुछ आपको देना चाहता हूँ"।
  "आपके मित्रों के पास पैसा और अच्छी चीज़ें भी हैं, आपको क्यों नहीं चाहिये?"
  "आप मेरी सहायता करें और मैं आपकी करूंगा"।
- कोई जो आधीर है क्यों इन झूठों पर विश्वास करें?
- आप कैसे जान सकते हैं कि आपको बिना शर्त प्रेम किया गया है वो आपको तस्करों से सुरक्षित रख सकेगा?
- बढ़ने के लिये एक सुरक्षित स्थान कैसे आपके स्वप्नों को जीवित रखेगा?
- क्या कोई जिसकी तस्करी हो गई है वह ब्लोसम ने जो किया उसकी तरह बदल सकती और पश्चाताप कर सकता/सकती है और फिर घर वापस आ सकता/सकती है? क्या आप जानते हो जिसने ऐसा किया हो?

**नए शिक्षकों के लिये सत्र में अतिरिक्त जोड़ा गया**
**"जब आप परिपक्व होते उस समय बचाये गये"**

*इस अतिरिक्त सामग्री को ठिकाने लगाने के लिये 30 मिनट अतिरिक्त दे दें।*

हर नए शिक्षक के पास सत्र 1 और 2 के प्रवेश के साथ एक जरनल होना चाहिये। विद्यार्थियों को एक मौका दें कि वे प्रश्न पूछ सकें कि जो उनके लिये धारण के सम्बन्ध में आया है या एक विचार इसमें या पिछले सत्रों में हुआ है। जरनल प्रश्नों को सुलझायें जैसा आपने पिछले सत्रों में किया था।

सत्र 3 में ब्लोसम ने अपने आपको स्वप्न चोरों की सुनकर परेशानी में डाल लिया और अन्त में अपहरण कर ली गई। उसकी परेशानी का हिस्सा ये था कि जब वह परिपक्व हो रही थी वह पोपी

के साथ सुरक्षित नहीं थी। जब आप अपरिपक्व हैं तो गलती करना आसान है क्योंकि आपको सूचना की कमी है कि संसार किस प्रकार कार्य करता है। ब्लोसम के पंख चिन्ह हैं कि वह परिपक्व हो रही है।

- आप परिपक्व हो रहे हैं उसके क्या चिन्ह हैं? ये शारीरिक, मानसिक या भावनात्मक हो सकते हैं (यदि आपके पास काला/सफेद बोर्ड है तो उस पर जो विद्यार्थी सूचि बनाते उसे लिखें।)
- ब्लोसम पोपी के पास वापस अन्दर से परिपक्वता को समाप्त करने आती है (उसके दिमाग और हृदय में) जैसा उसका बाहर है। कौन आपके जीवन में है जो सहायता, सुरक्षा और सलाह दे सकता है जब आप अन्दर से बढ़ रहे हो?

नए शिक्षकों को अपने जरनल के पेपर पर एक बड़ा 'रोकने' का चिन्ह बनाने दो। उनसे उस चिन्ह पर एक चीज़ लिखने को कहें जो वे छोटों को बतायेंगे, जो कम परिपक्व हैं, कि उन्हें मानव तस्करों से चितावनी दे सकें।

**सत्र 3 के जरनल प्रश्न**

वही फारमेट इस्तेमाल करें जैसा पिछले सत्र में किया था; चर्चा करें जो समय आपके पास है और नए शिक्षकों से बाकी को घर में पूरा करने को कहें:

- स्वप्न चोरों की तरह, तस्कर बहुत भरोसे में रहते कि वे लोगों के उनके स्वप्नों का लेन–देन खिलौनों के लिये कर सकते हैं। वे इतना भरोसा क्यों करते कि वे इसे कर सकते हैं?
- आप कैसा सोचते कि तस्कर आपसे कैसी बात कर सकता है?
- क्या आपने अपने आप को फंसा हुआ महसूस किया जैसे ब्लोसम ने कोकून के अन्दर किया? क्या ये अच्छी चीज़ थी या फंस जाना बुरी चीज़ थी? उस अनुभव से आपने क्या सीखा?
- ऐसा समय भी है जब आपको धीरज नहीं धरना है और जो हो रहा है उसे स्वीकार नहीं करना है। क्या आप कोई उदाहरण सोच सकते हो?
- आप किसको बिना शर्त प्रेम करते हो? कौन आपको बिना शर्त के प्रेम करता है (जैसा पोपी ब्लोसम से करता है?)
- आप के लिये बिना शर्त के प्रेम का क्या मतलब है?
- इस प्रकार प्रेम करना क्यों कठिन है?

**गतिविधि** : यदि आपके क्षेत्र में तस्कर विरोधी कार्य ताकत है या कानून लागू है जो विशेषकर इससे लड़ सकता है, तो उन्हें अपने नए शिक्षकों से बात करने के लिये आमंत्रित करें (इस सत्र के लिये या आने वाले के लिये)

**गृहकार्य** : आपके अगले सत्र के लिये नए शिक्षकों से कहें कि वे विभिन्न प्रकार के मानव तस्करी पर खोज करें।

# सत्र 4 : धीरजवन्त रखें, कड़ा परिश्रम करें, और सही समय का इन्तजार करें

**आपूर्ति और सामग्री की सूचि** : शब्द रहित पुस्तकें, अगुवे की निर्देशिका (गाइड), शिक्षक की तितली संकेतक, शिक्षक का "रहस्यमय स्क्रोल" गतिविधि समय के लिये आर्ट पेपर (जो आसानी से रोल किया जा सके)। विकल्पः ब्लोसम के स्क्रोल ड्राइंग के लिये रंगीन पृष्ठ की कॉपिया (देखें पृष्ठ 66) गोंद, कपड़े के छोटे टुकड़े (8"x4" या 20 सेन्टीमीटर x 10 सेन्टीमीटर) और 10" (या 25 सेन्टीमीटर) लम्बा हर विद्यार्थी के लिये क्रेयोन्स या रंगीन पेन्सिलें या मार्कर, सत्र 1, 2, 3 और 4 के लिये विचार धारण के पोस्टर्स।

**नए शिक्षकों के सत्र के लिये** : ऊपर की आपूर्ति और जरनलस, पेन और पेन्सिलें।

**कक्षा के पहले** : एक रहस्यमय स्क्रोल बनायें (नीचे निर्देश देखें)।

**सत्र 3 का दुहराना** : विद्यार्थी घेरे में बैठते हैं (डेस्क पर, कुर्सियों या फर्श पर)। सत्र 1, 2, 3 सत्र के विचारधारणा पोस्टर्स को दुहराओ, बिन्दुओं को दुहराओं : लाजवाब होने का क्या मतलब है? एक व्यक्ति की तरह मूल्यवान होना? बिना शर्त का प्रेम क्या है? कहानी का अन्त ब्लोसम के साथ पिछले सत्र में हो गया जिसमें उसने बहुत से कठिन पाठ सीखे, उसके नये पंख आ गये, और पोपी के पास घर वापस होना पर बिना सच हुए स्वप्नों के साथ।

**सत्र 4 आरम्भ होता है** : इस सप्ताह हम सीखते हैं कि ब्लोसम के वापस होने के बाद क्या होता है। क्या आप सोचते हैं कि पता कर लेगी कि उसके पंख किस के लिये हैं?

***पृष्ठ 54*** *: पोपी ब्लोसम को गले लगाता है। वह उसे बताती है कि उसने कैसे छोड़ दिया और मैक्स के बारे में पूछती है कि कैसा है। मैक्स सो रहा है, पर वह उसे देखने जाती है। जब वह उसे चुम्बन करती है वह जाग जाता है और चिल्लाने लगता है इसलिये कि वह फर्क दिखती है।*

- ब्लोसम के वापस आने पर पोपी की क्या प्रतिक्रिया थी?
- मैक्स क्यों ब्लोसम के रूप को देखकर आश्चर्य में है?

***पृष्ठ 55*** *: पोपी उसे एक कटोरा स्टिक सूप परोसता हैं जबकि वह उसे स्वप्न चोरों के बारे में बताती है। उसने मान लिया कि वह पोपी के स्क्रोल को ले गई थी और स्वप्न के चोरों ने उससे वह चुरा लिया था। वह वर्णन करती है कि वह स्क्रोल को ले गई थी और स्वप्न के चोरों ने उससे वह चुरा लिया था। वह वर्णन करती है कि उसने स्क्रोल के पीछे क्या बनाया है कि उसे महत्वपूर्ण पाठ जो सीखा है याद दिलाये। कागज के टुकड़े पर वह उन्हें पोपी के लिये खींचती है और हर एक का बयान करती है:*

1. *मृत छड़ी की ड्राईंग (जिसका मतलब है "चुनावों के परिणाम होते हैं")*
2. *झींगुर और छुछमछली ("जानिये कि आपके सच्चे मित्र कौन हैं")*
3. *ब्लोसम और ज्वेल ("आप लाजवाब हो, मूल्यवान और प्रेम करने योग्य हो")*

4. *कोकून (धीरजवन्त हो, कड़ी मेहनत करो, और सही समय का इन्तजार करो")*
5. *तितली (उसके पंख है पर वह नहीं समझती कि क्यों हैं या इस तस्वीर का क्या मतलब है)*

- स्वप्न चोरों ने पोपी का स्क्रोल चुरा लिया। ब्लोसम पोपी के लिये खींचती है और चोरी होने के पहले जो उसने स्क्रोल के पीछे खींचा था।
- ब्लोसम पोपी के सामने मान लेती है कि उसने परिवार का स्क्रोल खो दिया। पांच चीज़ें वह उसके लिये खींचती है?
- पोपी की क्या प्रतिक्रिया है? (वह अभी भी उससे प्रेम करता है, वह उसे क्षमा कर देता है)

**गतिविधि समय : रहस्यमय स्क्रोल**

बच्चों को उठने दें कि वे आसपास चलकर सामग्री जमा कर सकें और इस गतिविधि को कर सकें। छोटे बच्चे स्क्रोल में रंग पहले कर सकें और तब बड़े पेपर में गोंद से चिपका दें। बड़े विद्यार्थी आर्ट पेपर इस्तेमाल कर सकते हैं चिन्हों को बनाने के लिये जो ब्लोसम के स्क्रोल पर नज़र आते हैं और दूसरों को उसमें जोड़ दें जिसका उनके लिये विशेष मतलब है (वह जो स्वप्न को प्रस्तुत करता है जो स्वंय उनके लिये हैं या उन्हें याद दिलाता है जीवन का वह पाठ जिसे वे भूलना नहीं चाहते। उन्हें नमूना दिखाओ जो आपने बनाया है। जब उनका गुप्त स्क्रोल तैयार हो जाता है तो विद्यार्थियों के स्क्रोल को लपेट लो और उस पर कपड़े के टुकड़े से लपेट दो (जैसे पोपी का कम्बल) स्क्रोल के चारों तरफ और उसे कपड़े से बांध दो।

- कौन सा नमूना और ड्राईंग ब्लोसम के स्क्रोल पर आपको सबसे अधिक आश्चर्य में डालता है?
- यदि आप किसी एक को अपनी स्वयं के जीवन में सहायता के लिये उठाते हैं, तो वह कौन सा होगा? और क्यों?

**दुहराना : धीरज क्या है और धीरजवन्त होना क्यों ये बहुत कठिन है?** ब्लोसम ने कुछ सीखा है जो वह कभी भूलना नहीं चाहती, तो उसने एक गुप्त स्क्रोल बनाया, जैसा आप के पास है। उसका सबसे कठिन पाठ जो सीखने को है वो ये था, कि धीरजवन्त होना (किसी चीज़ के लिये इन्तजार करना कि वह हो) उसने थोड़ा धीरज के विषय सीखा, और उसे अब उसका अभ्यास करना है।

- धीरजवन्त होना क्यों इतना कठिन है?

***पृष्ठ 56–57** : अगली सुबह, ब्लोसम और मैक्स अपने बिस्तर पर सोये हुए हैं जब कि उनकी खिड़की से कुछ असाधारण आता है : धूप, मैक्स इसे पहले देखता है और तब ब्लोसम को बताने के लिये जगाता है। वे पोपी को बताने की जल्दी करते हैं और तब बाहर दौड़ जाते हैं। हर कोई सूर्य की ओर देखता है और वे आनन्द से अहसास करते हैं कि काला बादल धीरे धीरे फटना आरम्भ होता है। अभी भी स्टिक सूप के अलावा कुछ खाने को नहीं है, फिर भी, ब्लोसम सारी दोपहर टेहनियाँ जमा करने में बिताती है और चन्द्रकिरण पेड़ का स्वप्न देखती है।*

- क्यों काला बादल घटना आरम्भ करता है? (किसी ने पहेली सुलझा ली होगी)।
- काला बादल चला गया है, पर अभी भी ब्लोसम को प्रतिदिन क्या करने को हैं?

***पृष्ठ 58—59*** *: उस शाम पोपी शाम के भोजन के लिये स्टिक सूप बनाता है। ब्लोसम मैक्स को बिस्तर में लिपटा देती है और वह चन्द्रकिरण फल के स्टू के बारे में पूछता है ब्लोसम चन्द्रकिरण पेड़ के विषय स्वप्न देखना बन्द नहीं करती है। यहाँ तक कि रात में वह पेड़ के पास जाने का सपना देखती है और चन्द्रकिरण फल और बीज हर एक के लिये वापस लाने का स्वप्न देखती है।*

- ब्लोसम किस प्रकार धीरजवन्त होती है?

***पृष्ठ 60—61*** *: ब्लोसम पोपी को बताती है कि वह फिर से पेड़ के खोजने की कोशिश करना चाहती है। वह कहती है उसने अपने साहसिक अनुभव में महत्वपूर्ण पाठों को सीखा है और उसे दुहराती है जो उसने उसको बताया (पृष्ठ 55) और उसे बताता है वे रहस्यमय ड्राईंग जो स्क्रोल के पीछे है उसे बयान करती है। पोपी कहता है कि जब ब्लोसम ने इन पाठों को सीखा, उसने पता किया कि ड्राईंग का क्या मतलब है, वो ये है कि क्यों काला बादल लोप होना आरम्भ हो गया है। उसने पहेली को सुलझा लिया है। पोपी ब्लोसम को वायदा करता है कि यदि वह जब तक ग्रेजुएट स्कूल में रहकर ना हो जायें, तब वह फिर चन्द्रकिरण पेड़ को खोजने का प्रयास कर सकती है।*

- ब्लोसम ने पहेली स्क्रोल पर से सुलझा लिया है; इसलिये काला बादल जा रहा है और रंग वापस आ रहा है। आप कैसा सोचते हैं कि ब्लोसम महसूस करती है?
- दीवार पर क्या लटक रहा है? (एक केलैंडर जो ग्रेजुएशन की तारीख बताता है)

**दुहराना : क्यों आपके स्वप्न कठिन परिश्रम करने योग्य और इन्तजार करते हैं?** ब्लोसम अपने स्वप्नों को जोर से पकड़े हुए है चन्द्रकिरण पेड़ को फिर पाने के लिये और बीजों के साथ वापस आ रही है, पर वह जानती है कि इससे पहले कि वह जाये उसे अपनी शिक्षा पूरी करने की आवश्यकता है। उसके आगे बहुत सी कठिन मेहनत है और उसे दृढ़ निश्चय करता है और उसे निराश नहीं होना है।

- क्या आपको कुछ जो आप वास्तव में चाहते थे उसके लिये कठिन परिश्रम करना पड़ा? (अगुवा अपना व्यक्तिगत उदाहरण बता सकता है, विद्यार्थियों को समझने में सहायता करनी होगी कि कड़ी मेहनत और धीरज धरना क्या होता है)
- जब आप कड़ी मेहनत कर रहे थे तब क्या आप निरुत्साह हुए?

***पृष्ठ 62—63*** *: ब्लोसम स्कूल में कड़ी मेहनत करती है। जो कुछ भी वह करती है, वह चन्द्रकिरण पेड़ के बारे में सोचती है। इस समय वह उसकी यात्रा पर जिन चीज़ों की आवश्यकता होती है उन्हें बैग में बटोरकर तैयारी करती है। अन्त में वह दिन आता है वह कैटरपिल्लर स्कूल से स्नातक होती है। पोपी और मैक्स ब्लोसम के पास गांव के फाटक पर आते हैं और उन्हें अलविदा कहते हैं। इस बार वह तैयार है। वह एक नक्शा उस तरह बनाया जैसा झींगुर और छुछमछली ने एक बार दिया था। इस बार जब वह स्वप्न चोरों से मिलती है, वह उनसे बात तक नहीं करती है।*

- ब्लोसम की तैयारी उसकी पहली यात्रा से कितनी भिन्न है?
- किस प्रकार स्वप्न चोर ब्लोसम को धोखा देने का प्रयास करती हैं?

***पृष्ठ 64—65*** *: स्वप्न चोर कभी ब्लोसम को धोखा देना कभी नहीं रोकते। अन्त में, वह उसी पुल पर आती है जिसे उसने अपनी पहली यात्रा में पार किया था। जब ब्लोसम पुल को पार करती है वह गाना सुनती है। वह अपने को चट्टान के पीछे छिपाती है पर अपने पुराने मित्रों को देखकर आश्चर्य करती है, झींगुर और छुछमछली। झींगुर का स्वप्न सच हो गया। वह गा सकता था। छुछमछली अभी भी ऊंचा उछल नहीं सकती थी, फिर भी, वह उन्हें बताती है कि किस प्रकार स्वप्न चोरों ने उसका अपहरण किया।*

- जब ब्लोसम एक स्वप्न चोर से मिलती है तब वह क्या करती है? (उनकी अनदेखी करती है)
- जब ब्लोसम अपने मित्रों से फिर मिलती है तो उनके विषय में क्या भिन्नता है?

***पृष्ठ 66–67** : ब्लोसम झींगुर और छुछमछली को बताती है कि किस प्रकार दिन प्रतिदिन उसे लता के अन्दर बन्द कर दिया जाता था और जब वह अन्त में बाहर आई तो कितनी फर्क दिखती है। हिचकिचाहट उन्हें वह दिखाती है जैसा वह अभी दिखती है। वह शर्मिन्दा है पर वे सोचते वह सुन्दर है। ब्लोसम अपना नक्शा झींगुर को दिखाती है। वे अहसास करते हैं कि चन्द्रकिरण पेड़ के पास जाना चाहते थे, उन्हें उस रास्ते से होकर गुजरना था। जहाँ स्वप्न चोरों ने उसे वहां बन्धक रखा था। वे रात को यात्रा करते थे और वे इतने करीब थे कि वे स्वप्न चोरों को कहते सुन सकते थे कि वे ब्लोसम के विषय में बात कर रहे हैं। जबकि उसके दो मित्र सो रहे थे, दूसरे उसकी रक्षा करने को खड़े थे कि कहीं स्वप्न–चोर उन्हें ना पा लें। अन्त में, जब वे ऊंची पहाड़ी पर पहुंचे, ब्लोसम कहती है उन्हें वह ऊपर चढ़ायेगी जबकि झींगुर और छुछमछली उसका इन्तजार करते हैं।*

- झींगुर की प्रतिक्रिया क्या थी जब ब्लोसम अपने पंखों को दिखाती है?
- मित्रों को चन्द्रकिरण पेड़ तक जाने के लिये कैसे मार्ग से गुजरना था?
- झींगर और छुछमछली कैसे ब्लोसम के सच्चे मित्र हैं? (मित्र आपस में बारी लगाते हैं–सोते और एक दूसरे की रक्षा करते हैं)

***पृष्ठ 68** : मित्र ये निर्णय करते हैं कि ब्लोसम ऊंची पहाड़ियों पर चन्द्रकिरण पेड़ को देखने के लिये ऊपर चढ़ेगी जबकि झींगुर और छुछमछली पहरा देते हैं। यदि स्वप्न चोर उसके पीछे जाने का प्रयास करते, तो झींगुर उसे चितौनी देने के लिये गाना गायेगा। ब्लोसम ऊपर चढ़ना आरम्भ करती है। अन्त में वह एक चढ़ाई पर पहुंचती है और महसूस करती है कि चन्द्रकिरण पेड़ और उसके बीच में बड़ी खाई है। वह दूर से इसे देख सकती है, पर पार नहीं कर सकती क्योंकि ये बहुत चौड़ी थी। वह जानती नहीं कि क्या करें। दूर में वह चन्द्रकिरण पेड़ को देख सकती है। वह इतनी अधिक थक गई है कि सो गई।*

- मित्र की योजना क्या है?
- ब्लोसम किस समस्या का सामना कर रही है?
- संगीत के नोट क्या हैं? (झींगुर की चितौनी) क्या ब्लोसम इन्हें सुनती है?

**दुहराना : आपको मज़बूत होने के लिये कौन आपकी सहायता कर सकता है जब आप धीरज धरे रहते हैं, कठिन परिश्रम करते और अपने स्वप्न को सच होने के लिये सही समय का इन्तजार करते हैं?**

ब्लोसम के पास पोपी और उसके सच्चे मित्र हैं जो उसे मज़बूत होने की सहायता के लिये हैं और उसके स्वप्नों को थामें रहते और उन्हें पाने के लिये कड़ी मेहनत करते हैं।

- क्यों ब्लोसम ने पोपी की आज्ञा मानना चुना? क्यों एक तेज चीज़ करना था?
- क्यों ब्लोसम ने स्वयं की अपेक्षा अपने मित्रों के साथ यात्रा करना चुना? वह क्यों महत्वपूर्ण है?

- वो क्या कुछ है जो ब्लोसम ने इस यात्रा के लिये तैयार किया जिसे उसने पिछली बार नहीं किया था?

**गतिविधि समय** : विद्यार्थियों से अपने स्क्रोल बाहर निकालने को कहें और एक तस्वीर जोड़ें या लोगों के नाम लिखें उनके जीवनों में कौन उन्हें मज़बूत बनने में सहायता कर सकता है जब वे धीरज के साथ इन्तजार करते और कठिन मेहनत करते अपने स्वप्नों को सच बनाने के लिये। उन्हें याद दिलायें कि ये लोग बहुत महत्वपूर्ण हिस्से हैं उनकी गुप्त योजना में सुरक्षित रहने के लिये तथा उनके स्वप्नों को सच करने के लिये।

**तस्करी के सम्बन्ध** : तस्करी से दूर रहने या बचने के लिये धीरज और दृढ़ संकल्प आवश्यक हैं। आपको लोगों से "ना" कहना होगा जो आपको बार बार गुमराह करने का प्रयास करते हैं। आपको व्यस्कों के सामने भी खड़े होना होगा जो इसमें रूचि नहीं रखते या जो आपके स्वप्नों को सहारा नहीं देते।

- वह क्या चीज़ें हैं एक जवान तस्करी के दास बनने के पहले अनुभव करता है?
    1. वे खराब चुनाव करते हैं।
    2. वे तस्करों के झूठ पर विश्वास करते हैं।
    3. वे विश्वास करते कि ये तस्कर उनके मित्र हैं।
    4. वे बिना शर्त और शर्त वाले प्रेम के बीच के फर्क को नहीं जानते। कभी कभी तस्कर कहते हैं कि वे उनसे प्रेम करते हैं पर ये गलत प्रकार का प्रेम हैं।
    5. वे उन वायदों पर जो तस्कर उनसे करते हैं उन पर विश्वास करना चाहते हैं।
    6. वे अपने स्वप्नों के सच होने के लिये आधीर होते हैं और सही समय पर कार्य करने का इन्तजार नहीं करना चाहते।

**नए शिक्षकों के लिये सत्र 4 में अतिरिक्त जोड़ना**
**"अपने स्वप्नों को शब्दों में बदलो और उन्हें सच करने के लिये काम करें"**
*इस अतिरिक्त सामग्री को सही रखने के लिये 30 मिनट और दे दें।*

कक्षा के पहले : अगुवे को अपने स्वयं के लक्ष्य–प्राप्ति की गतिविधि जैसे नीचे बताई गई उसी के अनुसार तैयारी करना चाहिये। उदाहरण के लिये, कैसे एक शिक्षा का व्यक्तिगत लक्ष्य विशेष कदम द्वारा प्राप्त किया गया। सीढ़ी का उदाहरण सफेद या चॉक के बोर्ड पर खींचो या पोस्टर बनाओ। डन्डे को काफी चौड़ा बनाओ जिस पर लिखा जा सके सीढ़ी का शीर्षक "अपने स्वप्नों को शब्दों में रखो"। हर एक नीचे के डन्डों पर सबसे छोटा कदम लिखो जिसे आपको अपने लक्ष्य को पाने के लिये लेना है। एक छोटा अंक एक ओर लिखो (कोई आपको आपकी यात्रा में जिसने आपको प्रोत्साहित किया)।

हर नए शिक्षक के पास एक जरनल सत्र 1–3 के प्रवेश के साथ होना चाहिये। विद्यार्थियों के विचारधारा के प्रश्नों का उत्तर दें या इसमें के आइडिया या पिछले सत्रों को। जैसा पिछले सत्रों में किया जरनल के प्रश्नों का उत्तर दो।

विचारधाराओं और कहानी की लाइन जो सत्र 4 में पूरी की गई – उन्हें विद्यार्थियों को दिखाओ कि उनके स्वप्न को सच करने के वास्तविक, बनाये हुए लिखित योजना का महत्व क्या है। ब्लोसम के सच्चे मित्र हैं, सहारा देने वाला घर, और एक स्क्रोल जो सब दस्तावेजों को रखता जो कुछ उसने सीखा है। अपने आप को कड़ी मेहनत के लिये समर्पित करना और धीरज जारी रखना उसके लिये आसान है क्योंकि ये सब अपनी जगह पर हैं।

नए शिक्षकों को उनके जरनलों में सीढ़ी के उदाहरण को बनाने दें। सीढ़ी के सबसे ऊपर, एक लक्ष्य का नाम देने दें (लम्बा या छोटा लक्ष्य) ये उनके स्वप्न हैं। उन्हें इन पर चर्चा जोर से करने दें कि अपने लक्ष्य पर पहुंचने के लिये उन्हें क्या कदम उठाने हैं। हर एक नीचे के डंड़ों पर एक छोटे कदम को जो आवश्यक है लिखें।

सीढ़ी के बगल में उन्हें एक व्यक्ति का चित्र बनाने दें जो उनका कोच/शिक्षक या व्यस्क प्रोत्साहित करने वाला जो प्रेरणा के साथ और समर्पण के साथ सहायता कर सकता है जब आधीरता या निराशा की समस्या होती है। विद्यार्थियों से कहें कि उस व्यक्ति का नाम लिखें अपने जरनल के पृष्ठ पर। ब्लोसम के पास प्रोत्साहित करने के लिये पोपी था। उन्हें याद दिलायें कि एक बड़े (व्यस्क) प्रोत्साहक के साथ मिलना (बड़ा/पुराना मित्र, एक परिवार का विश्वसनीय (भरोसेमन्द) मित्र, बड़ा पारिवारिक सदस्य, जिसका यही उद्देश्य बीते समय में रहा हो, और जिसे पा लिया गया हो) वह इस योजना पर बने रहने में गम्भीर होगा अपने इन स्वप्नों को सच/साकार करने में।

**सत्र 4 के लिये जरनल प्रश्न**

वहीं फॉरमेट इस्तेमाल करें जो पहले किया है, चर्चा करें जो समय आपके पास है और नए शिक्षकों से कहें कि बाकी के कार्य को घर पर पूरा करें:–

- समय का बयान करें जो आप वास्तव में कुछ करना चाहते हैं, उसमें धीरज धरें।
- धीरज धरना मतलब कि कड़ी मेहनत करते रहना भले ही आप निराशा महसूस करो। आप किस प्रकार की चीज़ लोगों से कहते सुनना चाहते जो आप से कहें या जब आप निरुत्साह हों तो वे आपके लिये करें?
- क्या वहाँ लोग हैं या परिस्थितियां हैं जो आप पर दबाव डालती हैं कि स्कूल पहले ही छोड़ दो? यदि आप इन दबावों में आ जाते हैं तो क्या हो सकता है?
- क्या आप किसी को जानते हो जिसने जल्दी स्कूल छोड़ दिया है और अच्छा किया? कोई जिसने अच्छा नहीं किया हो?

**चर्चा** : सत्र 3 के अन्त में आपने नए शिक्षकों से विभिन्न प्रकार की तस्करी पर खोज करने को कहा था। तो जो उन्होंने सीखा है वह उन्हें बताने दें। (मुख्य रूप सेक्स तस्करी, मज़दूर तस्करी और अंगों की तस्करी है)

# सत्र 5 : आप उड़ने हेतु पैदा हुए थे, उससे कम के लिये तय ना करना

**आपूर्ति और सामग्री की सूचि** : शब्द रहित पुस्तकें, अगुवे की निर्देशिका (गाइड), शिक्षक की तितली संकेतक, शिक्षक का "तितली के पंखों" का नमूना गतिविधि के समय के लिये, बड़े पेपर वेट के दो टुकड़े, इलास्टिक कोर्ड (60 से.मी. या 24" हर विद्यार्थी के लिये), एक स्टेपलर, कैंची, गोंद, पंख या पंखों की सजावट के लिये, पत्रिकाओं से तस्वीरें काटो, क्रयोन्स, रंगीन पेन्सिलें या मार्कर, सत्र 1–5 के लिये धारणा के पोस्टर्स।

**नए शिक्षकों के सत्र के लिये** : ऊपर की आपूर्ति और जरनलस तथा पेन और पेन्सिलें।

**कक्षा के पहले** : एक बड़े पोस्टर बोर्ड के एक टुकड़े पर लिखें, "मैं उड़ने के लिये पैदा हुआ हूँ"! ऊपर के पार। दूसरे टुकड़े के साथ, अपने बिना सजाये पंखों का नमूना बनायें (देखें http://www.videojug.com/film/how-to-make-your-own-wings निर्देशों के लिये)। यहाँ पोस्टर बोर्ड पर माप के लिये तितली के पंखों के नमूने को बदलो या A-2 बोर्ड (22" x 28" या 55.88 सेंमी. x 71.12 से.मी.) और एक नमूना बनाओ जिससे कक्षा के पहले दूसरे पंख बनाये और काटे जा सकें। आपके नए शिक्षक आपकी सहायता कर सकते हैं। हर पंखों के सेट के लिये A-2 बोर्ड को मोड़ो या पोस्टर बोर्ड को आधा और पंख बनाओ उन्हें काट लो। इलास्टिक कोर्ड को दो लम्बाई में कांटो (30 से.मी या 12") हर कोर्ड को स्टेपल करो ऊपर के पास और हर तितली के पंख के अन्दर–नीचे हाथ के छेद बनाने के लिये। पंखों को सजाओ गोंद इस्तेमाल करके या बनाओ या उन पर मार्कर से लिखो, रंगीन पेन्सिलों से या क्रेयोन से। इलास्टिक आर्म होल्स के द्वारा अपनी बांहें डालकर पंखों को पहनो।

**सत्र 4 का दुहराना** : विद्यार्थी घेरे में बैठते हैं (डेस्क पर, कुर्सियों या फर्श पर)। पिछले सत्रों से धारणा पोस्टरों को दुहराने में कुछ मिनट बितायें।
दुहराना : धीरजवन्त होने का क्या मतलब है? आपके स्वप्न इन्तजार के योग्य क्यों हैं या कठिन परिश्रम करने हेतु? पिछला सत्र ब्लोसम के शिक्षा पूरी करने पर समाप्त हुआ और नई यात्रा पर बाहर आरम्भ हुआ कि चन्द्रकिरण पेड़ को ढूंढ़ें और इसके बीजों को वापस मैक्स और पूरे समुदाय की सहायता के लिये लाना है। इस समय, उसके पास एक नक्शा है, एक योजना है, पोपी का आशीर्वाद और उसके पंख उसकी सहायता स्वप्नों को सच करने के लिये हैं।

**सत्र 5 आरम्भ होता है** : इस सप्ताह हम सीखते हैं कि जब ब्लोसम चन्द्रकिरण पेड़ को ढूंढ़ने के लिये यात्रा पर जाती और सो जाती है तब क्या होता है।

***पृष्ठ 69*** *: अचानक ब्लोसम स्वप्न चोरों के ऊंची पहाड़ियों पर चढ़ने की आवाज़ से जाग जाती है। उसके पास उनसे बचने के लिये कोई जगह नहीं है, वह कहीं और नहीं जा सकती, वह एक गहरी सांस लेती है और खड़ी चट्टान से कूद जाती है।*

- क्यों स्वप्न चोरों में से एक अपनी आंखें छिपाता है? (वह ब्लोसम से भयभीत है)
- एक स्वप्न चोर ब्लोसम से क्यों भयभीत है?

***पृष्ठ 70–71*** *: ब्लोसम गिर पड़ती है जब तक वह अपने पंखों को फड़फड़ाती नहीं और ये जानती कि वह उड़ सकती है। वह उड़कर वापस उसी चट्टान पर आती जिस पर स्वप्न चोर हैं। वे उसे देखकर चौंक जाते हैं और उसे उड़ती हुई देखते हैं कि वह उन्हें चट्टान पर से धक्का देने योग्य है। अन्त में कोई नहीं केवल चट्टान पर ब्लोसम है। दूर वह चन्द्रकिरण पेड़ को देखती है। वह अपने पंखों को फड़फड़ाती है और उस घाटी के पार उड़ती है और अन्त में पूरे चांद के समय चन्द्रकिरण पेड़ पर पहुंचती है।*

- जब स्वप्न चोर ब्लोसम को सीधी चट्टान पर से कूदने को बाध्य करते हैं तब क्या होता है?
- वह उस घाटी के पार उड़ने में डरती है, क्यों?

***पृष्ठ 72–73*** *: ब्लोसम अपना चन्द्रकिरण पेड़ के फल का पहला स्वाद चखती है। वह अधिक अधिक खाती है और बीजों को अपने कम्बल में बचाती है। अन्त में वह सो जाती है। सुबह में ब्लोसम जाग उठती है, अपने कम्बल से बीजों को इक्ट्ठा करती है, और वापस झींगुर और छुछमछली के पास उड़कर जाती है। वह चन्द्रकिरण बीजों को उनके साथ बांटती है और वापस रास्ते में बीज टपकाती जाती घर को जाती है।*

- नीचे की तस्वीरें, पृष्ठ 72: ब्लोसम क्या कर रही है और क्यों? (फल खा रही है और बीजों को गिरा रही है ताकि वह उन्हें अपने परिवार और मित्रों के लिए ले जा सके)
- नीचे की तस्वीरें, पृष्ठ 73 : ब्लोसम क्या कर रही है और क्यों? (बीजों को बांट रही और बीजों को गिरा रही जिससे वे चन्द्रकिरण पेड़ों की तरह उगेंगे)
- ब्लोसम किस प्रकार दिखाती है कि वह झींगुर और मेंढक की सच्ची मित्र है? (उन्हें बीज देती है)

**गतिविधि समय : तितली के पंख**

बच्चों को उठकर आस–पास सामग्री उनकी गतिविधि करने के लिये जमा करने दें। बच्चों को तितली के पंख दिखायें जो आपने बनाये और उन्हें अपने बनाने में उनकी सहायता करें (ऊपर निर्देश "कक्षा के पहले" में देखें) छोटे विद्यार्थियों को अधिक सहायता की आवश्यकता होगी नए शिक्षकों से कि पोस्टर बोर्ड पर अपने पंखों को खींचे और उन्हें काटें। (सबसे कम उम्र के झुण्ड के लिये, पंखों को बनाओ और समय से पहले काटो, रंग करना छोड़ दो, और सजाना भी गतिविधि के समय के लिये) विद्यार्थी पंखों में गोंद लगा सकते हैं या तस्वीरों को जिन्हें वे पत्रिकाओं में से काटते हैं, या तस्वीरें बनायें या उनके पंखों पर प्रश्नों के उत्तर शब्दों में लिखोः *मैं किसके विषय स्वप्न देख रहा हूँ या अपने जीवन में कर रहा हूँ?* बच्चे आपको इलास्टिक कोर्ड नापने में सहायता कर सकते हैं जब आप काटते और पंखों पर स्टेपल करते हैं। विद्यार्थियों को बताने दें कि वे उनके पंखों पर क्या रखते हैं और उन्हें प्रयत्न करने दें अभी या सत्र के अन्त में निश्चय करें कि इसे गतिविधि समय में बतायें :

- ब्लोसम के पंखों का क्या मतलब है? (वह उड़ने के लिये पैदा हुई थी।)

**दुहराना** : ब्लोसम ने अपने स्वप्न को कभी नहीं छोड़ा, यद्यपि उसे बहुत से कठिन पाठ सीखना पड़ा और सही समय के कार्य के लिये इन्तजार करना पड़ा। अब उसने सीख लिया है एक बहुत विशेष पाठ : उसके पंखों का मतलब है "वह उड़ने के लिये पैदा हुई थी"।

- इससे पहले कि आप पुस्तक पढ़ते हैं आपने *"बोर्न टू फ्लाई"* का क्या मतलब सोचा?
- क्या आप किसी तरह ब्लोसम की नाईं हैं? आप कैसे उड़ने के लिये पैदा हुए हैं?

***पृष्ठ 74–75*** *: जब ब्लोसम घर लौटती है, पोपी और दूसरे कैटरपिल्लर उसे अभिनन्दन करने को दौड़ते हैं। वह उन्हें चन्द्रकिरण बीजों को देती है, जिन्हें उन्होंने एकदम बो दिया। बीज ऊगना आरम्भ करते हैं और शीघ्र ही पूरे देश में चन्द्रकिरण पेड़ हो जाते हैं।*

- ब्लोसम की दूसरी वापसी टहनियों की तराई में पहली बार से कैसी भिन्न है?
- ये निश्चय करने के लिये कि बीज बढ़ रहे हैं, गांववासियों को क्या करना है?

***पृष्ठ 76–77*** *: एक बार फिर मर्तबान भर के चन्द्रकिरण फल हर घर में है और ब्लोसम अपने परिवार के लिये चन्द्रकिरण स्टू बनाती है। एक दिन उसके पुराने मित्र उससे भेंट करने आते हैं – झींगुर और छुछमछली जो अब मेंढक है। झींगुर की नई आवाज बहुत सुन्दर है कि वह संगीत प्रतियोगिता में गाता है। बाद में, केटरपिल्लरों की पार्टी है जहाँ हर कोई जितना चन्द्रकिरण स्टू खाना चाहता खाता है।*

- आप कौन सा स्वप्न देखते हो जो सच होता है? (मेंढक का कूदना, झींगुर का गाना गाना, मैक्स का स्वस्थ होना, आदि)
- आप कैसा सोचते हैं कि गांववासी महसूस करते जब वे अन्त में चन्द्रकिरण स्टू खाने के लिये पाते हैं?

***पृष्ठ 78*** *: हर एक छोटा कैटरपिल्लर अध्ययन करता है कि ब्लोसम ने पोपी के स्क्रोल के पीछे क्या लिखा है जिससे वे महत्वपूर्ण पाठों को सीखते हैं जिसे उसने अपने साहसी कार्य के दौरान सीखा। शीघ्र ही तराई कोकूनो से, तितलियों से और चन्द्रकिरण पेड़ों से भर गईं:*

- इस पृष्ठ पर जो भी विभिन्न चीज़ होती है उसे संकेत करें। (आप पेड़ों में क्या देखते हो? तितली सूचक को तितली के जीवन चक्र दुहराने के लिये इस्तेमाल करो)
- मैक्स और पोपी को क्या हुआ है?
- अब गाँव में क्यों अधिक तितलियां हैं?
- शिक्षिक छोटे कैटरपिल्लरों को क्या सिखा रही है?

**दुहराना : क्या या कौन आपके और आपके स्वप्नों के बीच खड़ा हो सकता है?** पिछले पाठों में विद्यार्थियों ने स्वप्न चोरों को पहचाना। विद्यार्थियों से कहें कि वे उन्हें याद करें। उनको अपनी आधीरता और उनके मूल्यों में विश्वास की कमी एक व्यक्ति की तरह उनके स्वप्नों को भी चुरा सकते हैं, उन्हें याद दिलायें कि उनके अपने "पंख" हैं उन्हें अपने स्वप्नों को ले जाने के लिये, पर वे पंख बढ़ने में समय लेते हैं और मजबूत बढ़ते हैं।

**आपको अच्छे चुनाव करने और आपके स्वप्नों को जीवित रखने में कौन सहायता कर सकता है?** विद्यार्थियों ने लोगों की पहचान की जो उन्हें बिना शर्त प्रेम करते हैं और जो उनके सच्चे मित्र हैं। सच्चे मित्र सत्य में उनसे प्रेम करते हैं, उनके लिये सबसे उत्तम चाहते हैं और उनके स्वप्नों को जीवित रखने में सहायता कर सकते हैं।

- कब आपके पास "पंखों को फैलाने" के लिये सही समय होगा कि उड़कर अपने स्वप्नों को सच करो?
- जैसे जब आप इन स्वप्नों को साकार करते हो तो कौन आपकी प्रशंसा करेगा?

**तस्करी के सम्बन्ध** : विद्यार्थियों को याद दिलायें कि *बोर्न टू फ्लाई* एक रूपक–कथा विशेष अध्यायों के साथ उसके विषय है कि कैसे सुरक्षित और सफल सपनों के पीछे चलते हुए हों।

- जब आप अभी भी अपने सपनों के पीछे चल रहे हैं तो सुरक्षित हो सकते हैं। सुरक्षित हो जाने का मतलब ये नहीं कि आपको कुछ नहीं करना है। इसका मतलब ये हैं कि आप को याद करना है वो सब चीज़ें जो आपने ब्लोसम की कहानी से सीखा है।
- बच जाना तस्करी में फंस जाना है, ये महत्वपूर्ण है कि आप एक सुरक्षित व्यस्क की पहचान करें जिसके साथ आप हमेशा भय के विषय उससे बात कर सकते हैं या वो परेशानी जो आपके जीवन में है। वह सुरक्षित व्यस्क आपके लिये कौन हैं?
- उन चीज़ों की सूचि बनाओ जो आपको याद करने की हैं जिससे आप "उड़" सको! (चुनावों के परिणाम हैं)

**गतिविधि** : वो पोस्टर जिस पर आपने लिखा है "मैं उड़ने के लिये पैदा हुआ/हुई हूँ" विद्यार्थियों को दिखाओ। विद्यार्थियों को पोस्टर पर अपना नाम लिखने दीजिये। (और एक तितली बनाओ जो स्वयं को बताये – यदि समय हो तो) विद्यार्थियों को उनके पंखों में जाने में सहायता करें। यदि संसाधन अनुमति देते हों तो ग्रुप फोटोग्राफ लेकर कापियां बनायें कि सत्र 6 के अन्त में विद्यार्थियों को दी जा सकें। यदि आप व्यक्तिगत कॉपी नहीं बना सकते, तो ग्रुप फोटो लें और उसे सत्र के दौरान दिखाने के लिये उपलब्ध रखें।

**गतिविधि** : विद्यार्थियों को ब्लोसम का स्वप्न याद दिलाओ। विद्यार्थियों को कागज़ के टुकड़ों पर अपना स्वप्न लिखने दें जैसी उनकी इच्छा है दिखायें। बच्चे जो उन्हें जोर से बताना चाहते उन्हें बताने दें। हर एक को याद दिलायें कि वे आदरमान रहें और जैसे दूसरे बताते हैं उन्हें प्रोत्साहित करें। या बच्चों को अपने पेपर पर दस्तखत करने दें और एक रिकॉर्ड की तरह रखने दें कि वे अपने स्वप्नों को स्वीकार करें।

**नए शिक्षकों के लिये सत्र 5 में अतिरिक्त जोड़ा जाना**
**"अपने स्वप्न टीम का निर्माण करो"**
*इस अतिरिक्त सामग्री को सही रखने के लिये अतिरिक्त 30 मिनट दें।*

हर नए शिक्षक के पास जरनल, पिछले सत्रों की बातें लिखी हुई होना चाहिये। विद्यार्थियों को एक मौका प्रश्न पूछने को दें और उसी तरह से देखें जैसा पिछले सत्रों में किया था।

सत्र 5 में ब्लोसम सीखती है कि पंखों का होने का मतलब वह "उड़ने के लिये पैदा हुई थी"। वह ये भी सीखती है कि उसके पंख उसे स्वप्न चोरों को हराने योग्य बनाते हैं साथ ही चन्द्रकिरण पेड़ तक पहुंचने और बीजों को वापस टहनियों की तराई में लाने योग्य बनाते हैं। ब्लोसम आनन्द से घर लौटती है और बीज वह अपने साथ हर एक के लिये अच्छा बदलाव लाती है। सही समय के लिये इन्तजार करना और सही प्रकार का सहारा पाना और तैयारी इससे पहले कि फिर से अपने लक्ष्य पर पहुंचने के लिये प्रयास किये, ये ब्लोसम के लिये सभी प्रकार की भिन्नता लाता है। चर्चा करें:

- ब्लोसम को स्वप्न चोरों से बचना था। यदि आपको तस्कर ले गये तो आप क्या करोगे? आप कैसे बचोगे? (झगड़ोगे, त्यागोगे नहीं, रास्ता ढूंढ़ोगे, किसी की शरण लोगे जैसे कोई भरोसेमन्द व्यस्क या दूसरे तरीके अपनाओगे?)
- एक "स्वप्न टीम" क्या है? (मित्र, और परिवार जो आपको सहारा देते और आपकी सहायता करते जिससे आप अपने स्वप्नों को आगे बढ़ा सकते; तो आप अपने पंख उड़ने के लिये फैला सकते हो)।
- ब्लोसम की "स्वप्न टीम" कौन है? (पृष्ठ 76–78 पर चरित्रों को दुहराओ जो सभी ब्लोसम के स्वप्नों को सहारा देते हैं)।

नए शिक्षकों से कहें कि वे ये शीर्षक लिखें "मेरे स्वप्न की टीम" अपने जरनल के पृष्ठों पर। जैसा ब्लोसम को पूरी टीम की आवश्यकता है कि उसे सलाह दें, सिखायें और सहारा दें, नए शिक्षक भी करते हैं। उन्हें लोगों की सूचि बनाने दें जो उनकी स्वप्न टीम का हिस्सा बन सकते हैं। लोग जो उनकी चिन्ता करते, सहारा देते और प्रोत्साहित करते हैं। वे शिक्षक हो सकते या आत्मिक अगुवे, फुटबॉल के कोच, परिवार के सदस्य या सलाहकार हो सकते हैं। वे उसमें विशेष भरोसेमन्द व्यक्ति को भी सूचि में शामिल कर सकते हैं कि यदि कुछ होता है तो सम्पर्क किया जा सके या कोई उन्हें तस्करी करने ले जा सकता है।

**सत्र 5 के लिये जरनल प्रश्न**

पिछले सत्र की तरह वही फॉरमेट इस्तेमाल करें, जो समय आपके पास है चर्चा करें और नए शिक्षकों से कहें कि बाकी को घर पर पूरा करें:–

- आप वो क्या कर सकते हो कि निश्चय करें कि आप तस्करों से सुरक्षित हैं?
- कौन या क्या आपके और आपके स्वप्नों के बीच जिसे आप साकार अपने जीवन में करना चाहते हो उसके बीच खड़ा हो जाता है? आप इन लोगों से निपटने के लिये क्या कर सकते हो या रूकावटें?
- अब आपने जबकि ये पुस्तक पढ़ ली है आप बच्चों को कैसे बताएं कि वे अपने स्वप्नों के पीछे चलने के लिये तुम स्वतंत्र हो पर अभी भी सुरक्षित रहो?

**चर्चा** : नए शिक्षकों से चर्चा करने को कहो कि बच्चों के मानव तस्करी से लड़ने के विभिन्न तरीके क्या हैं। उन्हें श्रेणी में बांटो इन तीन क्षेत्रों में: रोकथाम (जानकारी ट्रेंनिग), बचाव (छुड़ाना, बाद की देखभाल) और अभियोजन (कानून को बदलना, कैद करना और अभियोजन मानव–तस्कर और खरीददार)।

# सत्र 6 : दोबारा विचार करना और वचनबद्धता

**आपूर्ति और सामग्री की सूचि** : शब्द रहित पुस्तकें, अगुवे की निर्देशिका (गाइड), ग्रुप फोटो जो पिछले सत्र में ली गई (या तो फ्रेम में एक सबके देखने के लिये या हर विद्यार्थी के लिये एक कॉपी) खेल की शीट, खेल के लिये मार्कर दुहराओ (बटन, पेपर के छोटे गोल और चौकोर टुकड़े या कपड़ा) केन्डी कम से कम 2 टुकड़े हर विद्यार्थी के लिये, पेन और पेन्सिलें, मानव–तस्करी की सूचना के पोस्टर्स (हाथ के लिखे हुए या छपे हुए) हर सत्र के लिये विचारधारणा के पोस्टर्स, समर्पण/प्रतिज्ञा शीट और *बोर्न टू फ्लाई* के कंगन।

**नए शिक्षकों के लिये सत्र** : ऊपर की आपूर्ति और जरनलस, और पेन तथा पेन्सिलें, नए शिक्षक, पिन या कमर बन्द।

**शिक्षक के लिये नोट** : आप अपनी संस्कृति, समुदाय के स्तर के लिये इस पाठ को सही रूप से स्वीकार कीजिये, और आपके विद्यार्थियों की उम्र और अनुभव के स्तर के लिये, विशेषकर जहाँ मानव–तस्करी की सूचना शामिल हैं। छोटे बच्चों की अपेक्षा तरूण उम्र के बच्चों के साथ अधिक–अधिक सीधे शामिल हो। आपका लक्ष्य भय पैदा करना नहीं है पर उन्हें सुसज्जित करें कि वे अपने स्वप्नों को "हाँ" कह सकें और तस्करों को "नहीं" कह सकें (और साथियों आदि को) जो उन पर दबाव डाले कि उन स्वप्नों को छोड़ दो/ त्याग दो। आप समुदाय के लोगों को इस सत्र के समर्पण हिस्से में शामिल होने के लिये आमंत्रित कर सकते हो। इसे विशेष घटना बनायें, नाश्ता–पानी परोसें, जिससे विद्यार्थी अपने पंख दिखा सकें और पिछले सत्र के आर्ट के कार्य, और उनके कंगन/कड़े और वायदे के सर्टिफिकेट दिखा सकें। ये विशेषकर के लाभकारी हैं यदि ये प्रोजेक्ट कम्यूनिटी प्रोजेक्ट का हिस्सा होता है।

**समर्पण कंगन/बैंडस** : यदि ये आपकी सांस्कृति के लिये सही है, तो हम सिफारिश करते हैं कि ये सिलीकोन जानकारी बैंडस/कड़े विद्यार्थियों को दिये जायें (लाइवस्ट्रांग कड़ों की तरह) हल्के जल में, *बोर्न टू फ्लाई* रंग में। गूगल के "जानकारी कंगन/कड़े" साधन पता करने के लिये अपनी भाषा में "*बोर्न टू फ्लाई*" छापने/लिखने दें (ग्लोबल हॉटलाइन सूचि यहाँ देखें: http://www.state.gov/j/tip/rls/other/2011/168859.htm) .

**दुहराने वाला खेल** : विद्यार्थी घेरे में बैठें (डेस्क, कुर्सियों या फर्श पर) आप उन्हें याद दिलायें कि *"बोर्न टू फ्लाई"* एक रूप–कथा है – एक जानवर के विषय कहानी या दूसरे गैर–मानव जो हमारे लिये एक सबक हैं। *"बोर्न टू फ्लाई"* सिखाता है कि कैसे सुरक्षित तरीके से अपने स्वप्नों के पीछे चल सकते हैं। हम उससे सीख सकते हैं कि ब्लोसम के साथ क्या हुआ, और वही गलती नहीं करते जो उसने की। आज विद्यार्थी एक खेल *"बोर्न टू फ्लाई"* शब्दरहित पुस्तक का दुहराने में खेलेंगे। हर विद्यार्थी दुहराने की शीट पाता है और मुट्ठीभर बटन या पेपर मार्कर्स। खेल बिंगो की तरह खेला जाता है :

- जैसे अगुवा इशारे को पढ़ता है, विद्यार्थी देखते हैं कि क्या वे दुहराने वाली शीट में पा सकते हैं। जब वे तस्वीरों को पाते हैं, वे हर एक को मार्कर से ढांपते हैं।

- खेल का विषय है कि पूरे चौकोरों को ढांपें मार्कर से और एक ईनाम लें।
- सभी चौकोरों को ढांपने/रास्ते में कोई विद्यार्थी जो दो रेखाओं को किसी भी दिशा में ढांपता/पूरा करता है (तिरछा, सीधा खड़ा या समतल) वह बुला सकता है "तितली" और इनाम ले सकता है (केन्डी का एक टुकड़ा) कुछ बिन्दुओं पर हर विद्यार्थी दो कॉलम या पंक्तियों को भरेगा, तो हरएक एक टुकड़ा पायेगा, सभी उसी समय पर नहीं समय में फर्क होगा क्योंकि विद्यार्थी दो तस्वीरों के बीच में "सच्चे मित्रों" को चुन सकते हैं और "स्वप्न चोरों में से चार।
- एक दुहराने के खेल की निशान लगाई हुई नमूने की शीट लो। ये दिखाने के लिये कि दो तिरछी रेखायें, दो ढांपी हुई रेखाएं, कॉलम आदि एक समान दिखेंगी। ये विशेष करके छोटे बच्चों के लिये महत्वपूर्ण होगा।

**दुहराने के खेल के निर्देश** : जब आप सभी इशारों/संकेतों को पढ़ चुकें, प्रश्न पूछें और विद्यार्थियों की उत्तरों में सहायता करें और आवश्यकतानुसार बढ़ायें/फैलायें, जिससे दुहराया जाना पूरा हो सके। छोटे विद्यार्थियों को सहायता की आवश्यकता होगी – तस्वीरों को ढूंढ़ने में जो उत्तर से मेल खाती हैं। बड़े विद्यार्थियों के लिये विशेषरूप से कहानी की लाइन ऊपर दोहराना, इस रूप–कथा में गहराई से जाना, ब्लोसम के स्वप्न चोरों के बीच आदान–प्रदान और कैसे मानव–तस्कर विद्यार्थी के साथ यदि उन्हें अवसर दिया गया तो कैसा व्यवहार करेंगे।

# बोर्न टू फ्लाई खेल की समीक्षा (पुर्नविचार)



# बोर्न टू फ्लाई खेल के पुर्नविचार के संकेत

***संकेत # 1 : विद्यार्थियों के लिये पढ़ें :*** एक चौकोर को ढांपें जो दिखाता है कि जो ब्लोसम ने उसे याद दिलाने के लिये स्क्रोल पर बनाया/खींचा कि वह मूल्यवान है और प्रेम करने योग्य है।
***चौकोर # 13 :*** बीच में जेवल (हर विद्यार्थी बेजोड़ है, मूल्यवान और प्रेम करने योग्य है, तो ये खाली जगह है)।
***दोहराने के प्रश्न :*** विद्यार्थियों से पूछने के लियेः आप क्यों मूल्यवान हो? आपको क्या मूल्यवान बनाता है?

***संकेत # 2 :*** एक चौकोर को ढांपो जो ये दिखाता है कि ब्लोसम किस प्रकार का प्राणी है जब पुस्तक आरम्भ होती है।
***चौकोर # 10 :*** ब्लोसम एक कैटरपिलर की तरह।
***दोहराना :*** वह कहाँ रहती है? (टेहनियों की तराई) क्यों वहाँ एक काला बादल टेहनियों की तराई को ढांपे हुए है?

***संकेत # 3 :*** दो चौकोरों को ढांपों जो ये दिखाते हैं कि ब्लोसम किसके साथ रहती है (विद्यार्थियों से कहें कि इन दो चौकोरों को ढांपें जो इस संकेत को बताते हैं)।
***चौकोर # 4 और 17 :*** मैक्स और पोपी।
***दोहराना :*** उनका इनके साथ क्या सम्बन्ध है? (दादा या भाई) वे प्रतिदिन क्या खाते हैं? मैक्स को क्या होता है क्योंकि वह हर रोज स्टिक सूप खाता है? (स्किट पाता है)

***संकेत # 4 :*** एक चौकोर ढांपो जो दिखाता है कि हर रात कौन ब्लोसम को उसके सपनों में सहायता करता है जैसा वह ऊंची पहाड़ियों पर जाना चाहती है।
***चौकोर # 8 :*** चांदी की हवा
***दोहराना :*** ये चांदी की हवा कहां से आती है, कहानी में दूसरी जगहों पर ब्लोसम की सहायता करने को?

***संकेत # 5 :*** एक चौकोर ढांपो जो दिखाता है कि ब्लोसम हर रोज़ कहां जाती है।
***चौकोर # 5 :*** स्कूल
***दोहराना :*** क्या वह वहाँ जाना पसन्द करती है? ब्लोसम के भविष्य में शिक्षा पाने का क्या मतलब है?

***संकेत # 6 :*** एक चौकोर को ढांपो जो दिखाता है कि ब्लोसम कहाँ जाने का स्वप्न देखती है। ये उसके जीवन का स्वप्न है कि इसे पाना और टेहनियों की तराई में हर एक लोगों की सहायता करना।
***चौकोर # 14 :*** चन्द्रकिरण पेड़
***दोहराना :*** इस पेड़ पर क्या उगता है और ये कैसे ब्लोसम के समुदाय की सहायता कर सकती है? क्या ब्लोसम का स्वप्न अच्छा है या बुरा?

***संकेत # 7 :*** एक चौकोर को ढांपो जो एक खतरनाक जीव/प्राणी को दिखाता है जिसके बारे में पोपी ब्लोसम को चितौनी देता है। (एक से अधिक चौकोर इन प्राणियों के साथ हैं पर केवल एक चुनो)
***चौकोर # 2,9,15 या 23 :*** स्वप्न चोर (विद्यार्थी किसी एक को ढांप सकते हैं)
***दोहराना :*** स्वप्न चोर क्या हैं? वे क्या करते हैं? याद रखें स्वप्न चोर एक तरह के नहीं दिखते; वे किसी की भी तरह दिख सकते हैं।

***संकेत # 8 :*** एक चौकोर को ढांपो जो ब्लोसम के सच्चे मित्रों को दिखाता है (एक चौकोर से अधिक है, पर एक चुनो)
***चौकोर # 7 या 20 :*** सच्चे मित्र (विद्यार्थी इनमें से एक को ढांप सकते)
***दोहराना :*** ब्लोसम के लिये ये सच्चे मित्र क्या करते हैं? याद करें: हम सच्चे मित्रों को पहचान सकते हैं जिस प्रकार वे हम से प्रेम करते हैं और हम से सच बोलते हैं और हमें सहारा देते हैं।

***संकेत # 9 :*** दो और चौकोरों को ढांपो जो दिखाते हैं कि प्राणी जो ब्लोसम के साथ कम्बल के टुकड़े का लेन देन व्यर्थ चीज़ों के लिये करना चाहते हैं।
***चौकोर # 2,9,15 या 23 :*** स्वप्न चोर (विद्यार्थी कोई भी दो पूरा कर सकते हैं जिन्हें उन्होंने पहले नहीं किया है)।
***दोहराना :*** ये स्वप्न चोर ब्लोसम के साथ क्या करते हैं? (उसे धोखा देते, उसका कम्बल और स्क्रोल चुराते, और उसे घसीटते हैं)।

***संकेत # 10 :*** एक चौकोर को ढांपो जो दिखाता है कि स्वप्न चोर ब्लोसम को कहाँ ले जाते।
***चौकोर # 25 :*** ब्लोसम को कैद कर लिया/उसका अपहरण कर दिया गया।
***दोहराना :*** जब उसने जाना कि उसके साथ क्या हुआ है तब उसने कैसा महसूस किया? क्या वह बाहर का रास्ता पा सकी? ब्लोसम को दासत्वता में नहीं बेचा गया, पर उसका अपहरण स्वप्न चोरों द्वारा कर दिया गया। उन्होंने ब्लोसम को आश्वासित करने का प्रयास किया कि वे उसके लिये काम करने और उसका कम्बल वापस करने, उसका घर, और उसके स्वप्न को वापस कर देंगे, तो यदि वह बच कर नहीं निकलती तो क्या होता है?

***संकेत # 11 :*** एक चौकोर को देखो जो ये दिखाता है कि ब्लोसम को जब स्वप्न चोर बन्दी बना कर रखते हैं तो वह क्या खोज करती है।
***चौकोर # 3 :*** जुगत का पेड़
***दोहराना :*** इस पेड़ पर क्या है? क्या ये कीमती चीज़ें हैं? इन चीज़ों के साथ स्वप्न चोर क्या करते हैं? ब्लोसम क्यों पेड़ पर चढ़ती है?

***संकेत # 12 :*** एक चौकोर को ढांपो जो ये दिखाता है कि ब्लोसम को क्या होता है जब वह स्वप्न चोरों के पेड़ की डाल पर आराम करती है।
***चौकोर # 11 :*** कोकून।
***दोहराना :*** ये कैसे बना? (पीड़ामय लता ने उसे चारों ओर से लपेट लिया, वह ये महसूस करती है कि वह कितना गलत थी कि पोपी की नहीं सुनी, वह घर छोड़ने का पश्चाताप करती है, वह एक कोकून से घिरी हुई और अन्दर से बदलती है) कौन उसके साथ पूरे समय रहा? (चाँदी की हवा जो उसके लिये उसका कम्बल लाती है) कैसे और कब ब्लोसम लताओं से बाहर आती है? और किस प्रकार स्वप्न चोरों से बच निकलती है?

***संकेत # 13 :*** एक चौकोर को पूरा करो जो ये दिखाता है कि ब्लोसम के विषय में क्या फर्क है। उसके बचने और घर वापस आने के बाद।
***चौकोर # 18 :*** ब्लोसम के पंख
***दोहराना :*** ब्लोसम कैसे बदल गई? (अब पंखों के साथ एक तितली, यद्यपि वह नहीं जानती कि ये पंख किस लिये हैं) क्या वह अपने पंखों के विषय प्रसन्न है? उसे क्या निर्णय लेना है? (क्या टहनियों की तराई में वापस जाना है या नहीं) वह क्या निर्णय करती है? उसके वापस घर जाते समय क्या होता है?

***संकेत # 14 :*** उस चौकोर को पूरा करो जो ये दिखाता है कि पोपी ब्लोसम के बदलाव को देखकर कैसी प्रतिक्रिया करता है।
***चौकोर # 24 :*** बिना शर्त का प्रेम
***दोहराना :*** उसके पंखों को देखकर हर एक क्यों आश्चर्य में है?

***संकेत # 15 :*** चौकोर को पूरा करो जो ये दिखाता है कि ब्लोसम पोपी को बताने के लिये क्या बनाती है कि उसने सीखा।
***चौकोर # 1 :*** गुप्त स्क्रोल
***दोहराना :*** ब्लोसम के पास पोपी का स्क्रोल नहीं है (स्वप्न चोरों ने इसे ले लिया) तो वह कहाँ तस्वीर खींचती/बनाती है कि उसने क्या सीखा? उस गुप्त स्क्रोल पर क्या सीखें हैं?

- एक मरी हुई छड़ी की ड्राईंग ("चुनाव के परिणाम हैं")
- झींगुर और छुछमछली ("जानो कि आपके सच्चे मित्र कौन हैं")
- ब्लोसम और ज्वेल ("आप लाजवाब हो, मूल्यवान और प्रेम करने योग्य हो")
- कोकून ("धीरज धरो, कड़ी मेहनत करो, और सही समय का इन्तजार करो")
- तितली ("पंखों का विशेष मतलब है; वह क्या है"?)

इसलिये कि ब्लोसम ने इनमें से कुछ पाठ अच्छी तरह से सीख लिया है, काले बादल का क्या होता है? (टूटने लगता है और धूप टेहनी की तराई में वापस आना आरम्भ करती है)।

***संकेत # 16 :*** एक चौकोर को पूरा करो जो ये दिखाता है कि ब्लोसम हर रात अपने स्वप्न के बारे में सोचती है।
***चौकोर # 22 :*** ब्लोसम स्वप्न देखना जारी रखती है।
***दोहराना :*** क्या पोपी चाहता है कि ब्लोसम अपने स्वप्नों को त्याग दें? पोपी स्वप्न चोर नहीं है; वह एक सच्चा मित्र है जो सहायता करना चाहता है कि वह निश्चय करें कि उसका स्वप्न सच होता हैं। वह चाहता है कि वह कठिन परिश्रम करें और सही समय पर छोड़ने की तैयारी करें।

***संकेत # 17 :*** एक चौकोर को ढांपो/पूरा करो जो ये दिखाता है कि पोपी ब्लोसम को क्या चाहता है कि वह करें इससे पहले कि वह चन्द्रकिरण पेड़ को फिर से ढूंढ़ने का प्रयास करें।
***चौकोर # 16 :*** स्कूल समाप्त करना।
***दोहराना :*** ब्लोसम किस प्रकार इसे लेती है/व्यवहार करती है? (वह लक्ष्य को पाने के लिये कड़ी मेहनत करती है। इस बार वह टहनियों की तराई को पोपी की आशीषें के साथ नक्शा और लालटेन के साथ छोड़ती है, और मूल्यवान पाठों/सबक जो उसकी यात्रा ऊंची पहाड़ियों और चन्द्रकिरण पेड़ पर जाने में सहायता कर सकें)।

***संकेत # 18 :*** एक चौकोर को पूरा करो जो ब्लोसम के सच्चे मित्रों को दिखाता है।
***चौकोर # 7 या 20 :*** सच्चे मित्र (जिस चौकोर पर पहले निशान नहीं लगाये उन्हें पूरा करो)।

***दोहराना :*** इस समय ये मित्र ब्लोसम की किस प्रकार सहायता करते हैं? (जब स्वप्न चोर आते हैं, तब उसे चितौनी देने का प्रयास करो, पर वह सो गई है)।

***संकेत # 19 :*** उस चौकोर को पूरा करो जो दिखाता है कि कौन नहीं चाहता है कि ब्लोसम ऊंची पहाड़ियों तक ना जा सके।
***चौकोर # 2,9,15 या 23 :*** स्वप्न चोर (जिस किसी स्वप्न चोर की तस्वीर में अभी तक चिन्ह नहीं हैं उन्हें ढांप दो)
***दोहराना :*** जब ब्लोसम खड़ी चट्टान पर है तो वह अपने आप के लिये क्या पता करती है? (उसके पंख मतलब वह उड़ने के लिये पैदा हुई है) कैसे उसकी उड़ने की योग्यता स्वप्न चोरों को हरा देती है?

***संकेत # 20 :*** उस चौकोर को पूरा करो जो दिखाता है कि चन्द्रकिरण पेड़ कैसा दिखता है जब ब्लोसम अन्त में उसे पा लेती है।
***चौकोर # 6 :*** पूरा चाँद और चन्द्रकिरण पेड़।
***दोहराना :*** ब्लोसम कैसे चन्द्रकिरण पेड़ तक पहुंचती है? (उड़ने के लिये वहां अपने पंखों को इस्तेमाल करती है)। वह जब पेड़ के पास पहुंचती है तो क्या करती है?

***संकेत # 21 :*** चौकोर को पूरा करो जो ये दिखाता है कि ब्लोसम चन्द्रकिरण बीजों से क्या करती है जब वह वापस उड़कर टेहनियों की तराई/वादी में वापस आती है।
***चौकोर # 12 :*** ब्लोसम चन्द्रकिरण बीजों को बो देती है।
***दोहराना :*** जब ब्लोसम वापस घर आती है तब बीजों से क्या करती है? इससे किस प्रकार गांव को सहायता मिलेगी?

***संकेत # 22 :*** चौकोर पूरा करो जो दिखाता है कि ब्लोसम चन्द्रकिरण फल से क्या बनाती है।
***चौकोर # 19 :*** अब और स्टिक सूप नहीं।
***दोहराना :*** ब्लोसम और मैक्स के लिये क्या बदलाव होता है जब वे चन्द्रकिरण फल खाते हैं? (अब और स्टिक सूप नहीं–मतलब मैक्स ठीक हो जाता है) टेहनियों की वादी में क्या बदलाव होता है जब चन्द्रकिरण पेड़ रोपे जाते हैं और फल लग सकते और फसल होती है?

***संकेत # 23 :*** चौकोर को पूरा करो जो दिखाता है कि क्या बदलाव हुआ है और ब्लोसम के मित्रों के लिये स्वप्न साकार हुए हैं।
***चौकोर # 21 :*** सच्चे मित्र, सब बड़े हो गये हैं।
***दोहराना :*** आप क्या कल्पना करते कि आप का जीवन किसके समान होगा – जब आप बड़े हो जाओगे और आपके कुछ स्वप्न सच हो गये हैं?

**तस्करों के सम्बन्धों का दुहराया जाना** : ये अगुवे के निर्णय पर निर्भर है। पहले तीन तस्करी सूचना के पोस्टर्स छोटे विद्यार्थियों के लिये अधिक उपयोगी हैं। दूसरे पोस्टर अधिक सुस्पष्ट हैं पर सूचना रखते हैं, जिसे बड़े विद्यार्थी अधिक सहायक पायेंगे, पहचान करने और तस्करी करने की कोशिशों का विरोध करने में। इस सूचना को दुहराने के लिये 10–15 मिनट दें।

**नए शिक्षकों के लिये, सत्र 6 का ध्यान केन्द्रित "दृढ़ रहना" है** : उनके जरनल के हिस्से में तस्करी सूचना के पोस्टरों की कॉपी करने दें जो आप सोचते हैं कि ये उनकी सहायता करेगा (1) व्यक्तिगत रूप से मानव–तस्करी का विरोध जारी रखती है और (2) छोटे विद्यार्थियों को *बोर्न टू फ्लाई* विचारधारा को भविष्य के अध्ययन ग्रुप को समझने में सहायता करेगा।

**समर्पण/प्रतिज्ञा** : विद्यार्थियों की सहायता के लिये उनके *बोर्न टू फ्लाई* पाठ्यक्रम पूर्ण होने को चिन्हित करें, आप सत्र 6 के अन्त में एक परितोषित (इनाम) देने का आयोजन कर सकते हैं। समुदाय से लोगों को आमंत्रित करें (परिवार के सदस्य, शिक्षकगण या स्कूल के प्रतिनिधि, सामुदायिक अगुवे) प्रोजेक्ट देखने योग्य बनाने में और विद्यार्थियों की उपलब्धी के महत्व को मनाने में सहायता करें। आर्टवर्क प्रगट करें और पोस्टर्स और सत्र 5 में जो बच्चों ने पंख बनाये उन्हें पहनने में सहायता करें।

विद्यार्थियों को बयान करें:

1. प्रतिज्ञा/वायदा करने का क्या अर्थ है (एक प्रतिज्ञा/या वायदा)
2. उनकी प्रतिज्ञा ये होगी कि 5 अध्यायों को याद रखना जो ब्लोसम ने *बोर्न टू फ्लाई* में सीखा। उनके लिये सर्टिफिकेट के शब्दों को पढ़ें।
3. उनके समर्पण का मतलब कि वे तस्करों को "ना" कहें और "हाँ" अपने स्वप्नों को, नियति/भाग्य और अभिप्राय को।

अगुवों को समय से पहले प्रतिज्ञा के सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर करना चाहिये। समारोह के दौरान आपको हो सकता है छोटे बच्चों के समर्पण सर्टिफिकेटों पर हस्ताक्षर करने की सहायता की आवश्यकता हो सकती है। हर एक को नीला समर्पण कड़ा (कंगन) दो। यदि नए शिक्षकों जिनके पास पहले से कड़ा है, यदि उपस्थिति हैं तो उनके साथ बांटे कि कंगन/कड़ा और समर्पण का मतलब उनके लिये क्या है। वे उन्हें सर्टिफिकेट, समर्पण कड़े देने में सहायता करें।

आप भी नए शिक्षकों को नीचे कंगन/कड़े इनाम दे सकते हैं जिन्होंने अभी तक नहीं पाया। आप नये नए शिक्षकों के लिये अलग दूसरी स्वीकृति कर सकते हैं – उन्हें कमरबंध या पिन दें जो ये चिन्हित करता है कि वे नए शिक्षिकों की तरह भविष्य में अगुवाई के सहायक के रूप में *बोर्न टू फ्लाई* अध्ययन ग्रुप की सेवा करेंगे।

**चर्चा** : इन नए शिक्षिकों के साथ चर्चा करें कि वे विभिन्न तरीकों से लगातार मानव–तस्करी के विरुद्ध अपने शहर व देश में लड़ते रहेंगे, अब जबकि उन्होंने *बोर्न टू फ्लाई* पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है। जो तरीकों पर आपने चर्चा की है सत्र 5 के अन्त में उसका संदर्भ दें। नए शिक्षकों से पूछें कि

क्या वे एक दूसरे को प्रोत्साहित करने के लिये मिलना जारी रखना चाहते हैं। यदि आपके शहर में मानव–तस्करी विरोधी कार्य–सेना नहीं है तो ये ग्रुप आरम्भ करने वाला बन सकता है। नए शिक्षकों के साथ विभिन्न तरीके चर्चा करों कि जिसमें वे दूसरों को स्थानीय लड़ाई में शामिल कर सकें जिसमें कानून लागू करने वाले, स्कूल, सामुदायिक संस्थायें, विश्वास–समुदाय, मीडिया और दूसरे शामिल हो सकते हैं।

# प्रतिज्ञा

मुझे याद दिलाने के लिये मैं बोर्न टू फ्लाई कंगन/कड़ा पहनूँगा/पहनूँगी . . .


- बुद्धिमानी से चुनने के लिये क्योंकि हर चुनाव का परिणाम है।
- बुद्धिमानी के वचनों को सुनने और सच्चे मित्रों के प्रोत्साहन के लिए।
- ये विश्वास करने कि मैं लाजवाब हूँ, मूल्यवान और प्रेम करने योग्य हूँ।
- धीरज धरने और कड़ी मेहनत करने, अपने स्वप्नों को साकार करने के लिये।
- कि मैं उड़ने के लिये पैदा हुआ हूं और उससे कम से कम भी सही ठहरने के लिये नहीं।
- मानव – तस्करी को "ना" कहने और मेरे स्वप्नों, अभिप्राय और नियति को "हाँ" कहने के लिए।

विद्यार्थी : ......................................................

अगुवा :............................................................

तारीख :............................................................

# ब्लोसम का स्क्रोल (सत्र 4 की गतिविधि)



# शिक्षकों के लिये सर्वेक्षण मूल्यांकन

बच्चों की अवैध मानव तस्करी रोकने के लिये *बोर्न टू फ्लाई* कार्यक्रम सिखाने के लिये धन्यवाद। हम आपकी क्षमता और समय के लिये आभारी हैं। आपने बहुत से जीवनों को बदल दिया है। आपके अनुवर्तन और समीक्षा हमें शिक्षा सामग्री के मूल्यांकन करने में सहायता करेगी और उन्हें भविष्य में बेहतर बनायेगी। कृपाकर इस मूल्यांकन सर्वेक्षण फार्म को भरें और इसे info@born2fly.org को लौटायें। आप इसे इस पर भी भर सकते हैं: www.born2fly.org .

1. आपने बोर्न टू फ्लाई कार्यक्रम कहाँ सिखाया (शहर और देश)?

   ————————————————————————————————————

2. मंच–सज्जा – स्कूल, सामुदायिक केन्द्र, चर्च आदि?

   ————————————————————————————————————

3. कौन सी तारीखें?——————————————————————————

4. लगभग कितने विद्यार्थी उपस्थित हुए?——————————————————

5. विद्यार्थियों की उम्र लगभग क्या थी?——————————————————

6. आपने किस भाषा में सिखाया?——————————————————————

7. क्या आपने पाठ्यक्रम का लिखित अनुवाद अपनी भाषा में किया?
   – हाँ; कौन सी भाषा : ————————————————————————
   – नहीं,
   – पाठ्यक्रम पहले से हमारी भाषा में उपलब्ध है।

8. क्या आपने छः सत्र फॉरमेट का अनुसरण किया जो पाठ्यक्रम में है?
   – हां
   – "नहीं", हमारे पास जो समय उपलब्ध था उसके अनुसार व्यवस्थित करना पड़ा।

   यदि नहीं, आपके पास कितना समय था और आपने फारमेट को कैसे व्यवस्थित किया?

   ————————————————————————————————————

   ————————————————————————————————————

9. क्या आपने पहले नए शिक्षकों को सीखने के कार्यक्रम का नमूना इस्तेमाल किया और तब छोटे बच्चों को सिखाया?
   – हाँ
   – नहीं

   यदि हाँ, तो आपके पास कितने नए शिक्षक थे?————————————————

10. वर्णन करें कि विद्यार्थियों (और नए शिक्षकों) ने कार्यक्रम के प्रति कैसी प्रतिक्रिया की:

________________________________________________________________

________________________________________________________________ए

11. शिक्षक की प्रतिक्रिया का वर्णन करें :

________________________________________________________________

________________________________________________________________1

12. आप आपकी कक्षा में छोटे बच्चों के विषय सोचते हुए, वे कितने जानकार थे उन पांच चीजों के विषय जो ब्लोसम ने सीखें (चुनाव के परिणाम हैं, आदि) बोर्न टू फ्लाई से *पहले?*
   - जानकारी बिल्कुल नहीं
   - थोड़ी जानकारी है
   - पूरी जानकारी है

13. बोर्न टू फ्लाई के *बाद* कितनी जानकारी थी?
   - बिल्कुल जानकारी नहीं
   - थोड़ी जानकारी है
   - पूरी जानकारी है

14. आप आपकी कक्षा में छोटे बच्चों के विषय में सोचते हुए, यदि आपने बच्चों की अवैध तस्करी के विषय खुले आम उनके साथ चर्चा की तो बोर्न टू फ्लाई के *पहले* वे बच्चों की अवैध तस्करी के विषय कैसे जानकार थे?
   - जानकारी बिल्कुल नहीं
   - थोड़ी जानकारी है
   - पूरी जानकारी है

15. ये बोर्न टू फ्लाई के *बाद* कितने जानकार थे?
   - बिल्कुल जानकारी नहीं
   - थोड़ी जानकारी है
   - पूरी जानकारी है

16. आप अपनी कक्षा में किशोरों और नए शिक्षकों के विषय सोचते हो, कि वे बोर्न टू फ्लाई के *पहले* वे मानव–तस्करी के विषय कैसे जानकार थे?
   - बिल्कुल जानकारी नहीं
   - थोड़ी जानकारी है
   - पूरी जानकारी है

17. वे बोर्न टू फ्लाई के *बाद* कैसे जानकार थे?
    – बिल्कुल जानकारी नहीं
    – थोड़ी जानकारी है
    – पूरी जानकारी है

18. एक शिक्षक होकर आप कितना सोचते कि बोर्न टू फ्लाई कार्यक्रम भविष्य में आपके विद्यार्थियों को तस्करी से बचाने में सहायता करेगा?
    – सहायता नहीं करेगा
    – थोड़ी सहायता करेगा
    – उनकी बहुत सहायता करेगा

19. अपने और दूसरे शिक्षकों के विषय सोचें जिन्होंने आपके साथ बोर्न टू फ्लाई सिखाया तो आप बोर्न टू फ्लाई के *पहले* कितने मानव–अवैध तस्करी के बारे में जानकार थे?
    – बिल्कुल जानकार नहीं थे
    – थोड़े जानकार थे
    – पूरी जानकार थे

20. बोर्न टू फ्लाई के *बाद* आप और दूसरे शिक्षक कितने जानकार थे?
    – बिल्कुल जानकारी नहीं थे
    – थोड़ा जानकार थे
    – पूरे जानकार थे

21. विद्यार्थियों की कोई कहानी बताएं/या शिक्षकों की जो शिक्षा से प्रभावित हुएः

    ________________________________________________________________

    ________________________________________________________________

22. क्या आपने कोई मन/धारणा जोड़ी या गतिविधियां जो हम दूसरे शिक्षकों के साथ बांट सकते हैं?

    ________________________________________________________________

    ________________________________________________________________

    ________________________________________________________________

आपका नाम ____________________________________________________________

आपका पद ____________________________________________________________

आपका ई–मेल __________________________________________________________

आपको बोर्न टू फ्लाई सिखाने के लिये फिर धन्यवाद! हम आपके बहुत आभारी हैं! आप इस सर्वेक्षण को इस पर भर सकते हैं : info@born2fly.org

# अधिक जानकारी के लिये

बोर्न टू फ्लाई इन्टरनेशनल, इन्क.
पोस्ट बॉक्स 952949
लेक मेरी, फ्लोरिडा 32795–2949
यू.एस.ए.
info@born2fly.org

यदि आप बच्चों के अवैध–मानव तस्करी को रोकने में कुछ योगदान देना चाहते हैं तो आप हमारे वैब साइट पर कर सकते हैं। बोर्न टू फ्लाई 501c3 लाभ निरपेक्ष (बिना लाभ) संस्था है और यूनाइटेड स्टेट में सभी दान करमुक्त हैं।

info@born2fly.org
www.borntoflybook.com